लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 10 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | गुरुवार | 19 अक्टूबर, 2023

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper



**स्कन्दमाता पूजा**

नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध ग्रह देवी स्कंदमाता द्वारा शासित हैं।



## दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में आजम खान, अब्दुल्ला और तंजीन को सात साल जेल

## रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम फैमिली को पुलिस हिरासत में भेजा

## रामपुर शहर के विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में दर्ज कराया था केस

*उत्तर प्रदेश में आजम खान के सियासी रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह रामपुर सीट से ही 10 बार विधायक और एक बार सांसद रहे।*

चुनाव लड़ने के लिए बेटे अब्दुल्ला का फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट बनवाया **03** साल उम्र बढ़ाई थी



# आजम खान, पत्नी और बेटे को 7 साल की सजा

जन एक्सप्रेस | रामपुर

रामपुर से बड़ी खबर है। अब्दुल्ला के फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट मामले में आजम खान, पत्नी तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई है। अब्दुल्ला के दो बर्थ सर्टिफिकेट मामले में आजम फैमिली को रामपुर की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अभी तक यह तीनों इस मामले में जमानत पर थे। कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद जमानत पत्र जब्त कर लिए हैं। तीनों को कोर्ट में ही हिरासत में ले लिया गया है। कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रिजन वैन को गेट पर लगाया गया है। किसी को भी आजम से मुलाकात नहीं करने दी जा रही है। इस फैसले पर भाजपा विधायक आकाश सक्सेना का कहना है, ये सत्य की जीत है। इनको इनके कामों की सजा मिली है। मुझे विश्वास आगे भी इनके ऊपर जो केस चल रहे हैं, उसमें इनको सजा मिलेगी। सत्य के लिए जो लड़ाई लड़ी जाती है, उसमें हमेशा जीतता सत्य ही है।

### रामपुर कोर्ट का बड़ा फैसला

बुधवार को कोर्ट ने तीनों को पेश होने का आदेश दिया था। सुबह आजम, पत्नी और बेटे के साथ कोर्ट पहुंच गए थे। वहां पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। दूसरे पक्ष के वकील के मुताबिक, कोर्ट ने तीनों को दोषी करार दिया है। आजम के बेटे अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र हैं। एक पत्र रामपुर में बना है। चुनाव लड़ने के समय इन्होंने लखनऊ से दूसरा प्रमाण पत्र बनवाया था। शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अब्दुल्ला की डेट ऑफ बर्थ 1 जनवरी 1993 है। जबकि, जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर उनका जन्म 30 सितंबर 1990 बताया गया है। यह मामला कोर्ट में पहुंचने के बाद उस पर सुनवाई शुरू हुई थी। अब्दुल्ला की तरफ से पेश किए गए जन्म प्रमाण पत्र को फर्जी पाया था। इसके बाद स्वार सीट से उनका चुनाव भी रद्द कर दिया गया था। चुनाव लड़ने के लिए अपनी जन्म तिथि बढ़ाई हुई पाई गई।

### साल 2019 में आकाश सक्सेना ने दर्ज करवाया था केस

दरअसल, भाजपा नेता और विधायक आकाश सक्सेना ने साल 2019 में रामुपर के गंज थाने में अब्दुल्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। ये मुकदमा दो जन्म प्रमाणपत्रों से जुड़ा था। इसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम, उनकी पत्नी डॉ. तंजीन को भी आरोपी बनाया था। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। तब से यह मामला एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहा था। इस मामले में आजम खान के पक्ष की ओर से जिला जज की अदालत में रिवीजन दाखिल की गई थी। जिसे एमपी/एमएलए सेशन कोर्ट ने कैंसिल कर दिया था।

### अब्दुल्ला आजम पर केस करने वाले भाजपा नेता आकाश सक्सेना के बारे में जाने

- आजम खान की विधायकी जाने के बाद रामपुर शहर सीट पर 5 दिसंबर 2022 को उपचुनाव हुए थे। 7 दिसंबर को रिजल्ट घोषित हुआ, इसमें भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने आजम के करीबी आसिम रजा को 25,703 वोटों से हरा दिया।
- इससे पहले भी आकाश सक्सेना रामपुर विधानसभा सीट से 2022 में आजम के खिलाफ चुनाव लड़े थे, हालांकि वो हार गए थे। आकाश अब तक 43 मामलों में आजम के खिलाफ सीधे पक्षकार हैं। आकाश सक्सेना पेशे से व्यवसायी और पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना के बेटे हैं।

### वो केस जिसमें आजम फैमिली दोषी करार

- सियासत के शिखर पर चल रहे आजम के परिवार पर राजनीतिक हमला साल 2017 से शुरू हुआ। जब पहली बार उनके बेटे के खिलाफ स्वार विधानसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद उम्र के गलत दस्तावेज लगाने का आरोप लगा था। 2017 के चुनाव में आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम स्वार सीट से सपा के विधायक चुने गए थे।
- अब्दुल्ला के सामने बीएसपी से चुनाव लड़े नवाब काजिम अली खां ने नॉमिनेशन के समय अब्दुल्ला की उम्र 25 साल से कम होने का आरोप लगाया। जांच में आया कि अब्दुल्ला आजम ने फर्जी आयु प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ा था और वो नामांकन के समय 25 साल के नहीं थे। इसके बाद अब्दुल्ला का निर्वाचन रद्द कर दिया गया। उनकी सदस्यता भी चली गई।
- इस मामले में दर्ज मुकदमे में अब्दुल्ला आजम के साथ उनके पिता आजम और मां तंजीन फातिम को भी जेल जाना पड़ा। हालांकि, 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में स्वार सीट से वह दोबारा जीते थे। इस बार सरकारी कार्य में बाधा डालने के एक मुकदमे में उन्हें फिर सजा हुई और उनकी सदस्यता रद्द हो गई। अब वह भी चुनाव नहीं लड़ सकते।



### आजम खां के राजनीतिक पतन की कहानी

उत्तर प्रदेश में आजम खान के सियासी रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह रामपुर सीट से ही 10 बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनकी पत्नी तंजीन फातिमा भी विधायक बनीं और बेटा अब्दुल्ला आजम दो बार विधायक बने। सपा सरकार में आजम का जलवा किसी ष्टरूसे कम नहीं था। स्टेट प्लेन उन्हें रामपुर तक सिर्फ ड्रॉप करने के लिए जाया करता था। ऐसा माना जाता था कि प्रदेश की आधी सरकार रामपुर से ही चलती है। आजम के इस जलवे पर साल 2017 से ग्रहण लगना शुरू हो गया।

### जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन से शुरू हुआ था शिकायतों का दौर

जब आजम ने रामपुर के अफसरों से जूते साफ करवाने वाला डॉयलाग मारा था, उन दिनों वहां के डीएम आंजनेय कुमार थे। उसी दौरान कुछ किसानों ने जौहर यूनिवर्सिटी में गलत तरीके से जमीन लेने की शिकायत आजम खान के खिलाफ की। डीएम ने उस पर जांच के आदेश दिए और धीरे-धीरे आजम पर करीब 105 मुकदमे दर्ज हो गए। आजम को भूमाफिया घोषित कर दिया गया।

# कोतवाल काकादेव नशे के सौदागरों का बन बैठा था मददगार, निलंबित





निलंबित काकादेव इंस्पेक्टर विनय शर्मा।

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर/लखनऊ।** कानपुर में बीते दो दिनों पहले खाकीधारियों से जुड़ा गांजा तस्करों का एक शर्मनाक मामला सामने आया जिसमें कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के साथ-साथ यूपी पुलिस और योगी सरकार की साख पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। कारण यह है कि जिस खाकी पर जिम्मेदारी है किसी भी तरह से समाज में नशे के सौदागर अपना स्थान न बना पाएं उन्हीं मौत बेचने वाले सौदागरों को बचाने के लिए खाकीधारी आपस में लड़ते हुए नज़र आए। शहर की मीडिया ने एक बार फिर दिखा दिया कि वह किसी के सामने झुकी हुई नहीं है ना ही किसी की बिकाऊ है। जमकर कलमकारों ने बखिया उधेड़ी तो कुछ पुलिस अधिकारियों की जांच में कोतवाल काकादेव की भूमिका नशे के सौदागरों संग संदिग्ध पाई गई उन्हें फिलहाल निलंबित कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि बीते दो दिनों पहले कोतवाल नवाबगंज रोहित तिवारी ने थाना काकादेव क्षेत्र से कुछ ऐसे संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जिन पर आरोप था कि वह नशे के सौदागर हैं और छोटे-छोटे युवा बच्चों को जो अपना भविष्य संवारने के लिए देवकी स्थित कोचिंग मंडी में पढ़ने आते हैं उन्हें नशा बेचकर उनका भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि पुलिसिया स्टोरी में कानपुर देहात निवासी सौरभ व उन्नाव के बांगरमऊ निवासी विनोद को गंगा बैराज से भाग कर थाना काकादेव की सरहद में पहुंचना बताया गया है और वहीं से डबल पुलिया के पास से गिरफ्तारी दिखाई गई है इस दौरान गांजे की बरामद की भी दिखाई गई है। पुलिस टीम का दावा है कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इन्हीं दोनों तस्करों को गिरफ्तार करने के मामले में कोतवाल काकादेव विनय शर्मा द्वारा कोतवाल नवाबगंज रोहित तिवारी को अपहरण का मुकदमा दर्ज कार्यवाही करने की धमकी देने का आरोप लगा है। जब दोनों कोतवाल के बीच हुई बदज़ुबानी का रायता कलमकारों ने अपने अंदाज में फैलाया तो शहर में बैठे पुलिस के उच्च अधिकारी नींद से जाग गए प्रथम दृष्टिक जांच में कोतवाल काकादेव विनय शर्मा को संदिग्ध मानते हुए फिलहाल निलंबित कर दिया गया है जिसकी पुष्टि स्वयं डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार सिंह द्वारा की गई है। समझ में नहीं आता है अधिकारी कब समझेंगे कि गांजा तस्कर अगर शहर में सक्रिय है तो बिकने की छूट देने वाला खाकी के अलावा कौन और कौन हो सकता है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से 22 हजार सिपाहियों को बड़ी राहत, 2006 से वेतन वृद्धि, पदोन्नति लाभ देने का आदेश

जन एक्सप्रेस। इलाहाबाद

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा शासनकाल में 2005-06 बैच की भर्ती में नियुक्ति होने के बाद बसपा शासन में नौकरी से निकाले गए 22 हजार सिपाहियों को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने इन सिपाहियों को वर्ष 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें वेतन वृद्धि, पदोन्नति समेत सभी सेवा लाभ देने का आदेश यूपी सरकार को दिया है। हाईकोर्ट ने यह आदेश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 17 फरवरी 2022 में प्रतिपादित व्यवस्था को आधार बनाते हुए पारित किया है। सपा शासनकाल में 22 हजार सिपाहियों को निकाल दिया गया था। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने मथुरा, गौतम बुद्ध नगर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, जिलों में तैनात हेड कांस्टेबलों तथा कांस्टेबलों द्वारा संयुक्त रूप से अलग-अलग दाखिल विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया है। कहा था कि शासनादेश दिनांक 17 फरवरी 2022 के अनुपालन में 2005 - 2006 बैच के आरक्षी सिविल पुलिस,आरक्षी पीएसी, सहायक परिचालक रेडियो विभाग के कांस्टेबलों को वर्ष 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें पेंशन, उपादान, वार्षिक वेतन वृद्धि, तथा पदोन्नति का लाभ व एसीपी का लाभ अनुमन्य कराया जाए।

# 'हिंदुत्व' की राह पर कांग्रेस दिखा रही चल कर...

### नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की तरफ से कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जाएगा

- 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की तर्ज पर कांग्रेस का बड़ा कदम
- कार्यक्रम लखनऊ में यूथ कांग्रेस कार्यालय के सामने मंदिर के पास आयोजित किया जाएगा
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में ही कन्या पूजन किया जाएगा

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब कोई मौका गँवाना नहीं चाहती। इसलिए भाजपा की तर्ज पर हिंदुत्व कार्ड खेलते हुए अब हर वो पेंतरा अपनाना चाहती है जिसे भाजपा ने पूर्ण बहुमत दिलाया है। इस कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 18 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ में कन्या पूजन कार्यक्रम तय किया है।

नए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत पार्टी के अन्य रणनीतिकारों को लगने लगा है के हिंदुओं को अनदेखा कर पार्टी राजनीतिक तौर पर मुख्य धारा में वापस नहीं आ सकती। इसलिए पार्टी बीजेपी के हिंदु?ववादी अजेंडे से खुद को पीछे नहीं रखना चाहती है। अपनी धार्मिक छवि मजबूत करने के लिए पार्टी ने नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की तरफ से कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम लखनऊ में यूथ कांग्रेस कार्यालय के सामने मंदिर के पास आयोजित किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस सेवादल की तरफ से कराए जा रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद रहेंगे। अजय राय की अगुवाई में ही कन्या पूजन किया जाएगा।

### कांग्रेस में अब तक इस तरह के धार्मिक आयोजन नहीं होते थे

कांग्रेस में अब तक इस तरह के धार्मिक आयोजन नहीं होते थे। ऐसे में इस कन्या पूजन के कार्यक्रम के राजनीतिक मायने तलाश किए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा के हिंदुत्ववादी अजेंडे से कांग्रेस खुद को कहीं भी पीछे नहीं रखना चाहती है। यही कारण है कि अजय राय की धार्मिक छवि को विस्तार देते हुए कांग्रेस ऐसे कार्यक्रमों की योजना बना रही है।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट, 4 प्रतिशत बढ़ा डीए, रेल कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिन का बोनस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मोदी सरकार ने दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उनके महंगाई भत्ते यानी डीए में चार परसेंट बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। बढ़े हुए भत्ते के बाद कर्मचारियों का डीए 42 से बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बढ़ा हुआ डीए एक जुलाई से लागू होगा। इससे केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्र सरकार साल में दो बार अपने कर्मचारियों के डीए में बदलाव करती है। इससे पहले जनवरी से डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। साथ ही रेलवे के कर्मचारियों को 78 दिन का परफॉरमेंस लिंक्ड बोनस देने का भी फैसला किया गया है। इस पर 1,969 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे रेलवे के 11 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा होगा। कैबिनेट ने साथ ही रबी की छह फसलों का एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट और सीसीईए की बैठक में आज चार अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 42 प्रतिशत से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही रेलवे के 11 लाख से अधिक कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने का फैसला किया गया है। तीसरा निर्णय किसानों से जुड़ा हुआ है। रबी की छह फसलों का एमएसपी बढ़ा दिया गया है। तिलहन और सरसों में 200 रुपये, मसूर के लिए 425 रुपये, गेहूं के लिए 150 रुपये, जौ के लिए 115 रुपये, चने के लिए 105 रुपये और सनफ्लावर के लिए भी 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

### कितनी बढ़ जाएगी सैलरी

इस बढ़ोतरी के बाद केंद्रीय कर्मचारियों का डीए बढ़कर 46 परसेंट हो गया है। अगर किसी कर्मचारी को हर महीने 18,000 रुपये बेसिक पे मिलती है तो अभी उसका डीए 7,560 रुपये है। डीए में चार परसेंट बढ़ोतरी के बाद कर्मचारी का महंगाई भत्ता 8,280 रुपये हो जाएगा। इसी तरह अगर किसी सरकारी कर्मचारी का मूल वेतन 56,900 रुपये है तो अभी उसे हर महीने 23,898 रुपये डीए मिल रहा है। डीए बढ़ने के बाद उसे हर महीने 26,174 रुपये मिलेंगे। अगर किसी पेंशनर की मूल पेंशन 10,000 रुपये है तो उसका डीआर यानी महंगाई राहत बढ़कर 4,200 रुपये से बढ़कर 4,600 रुपये हो जाएगी। केंद्रीय कर्मियों और पेंशनधारकों को अब महंगाई भत्ते की नई दरों से भुगतान किया जाएगा। अक्तूबर के वेतन के साथ ही नई दरों के हिसाब से ही वेतन का भुगतान होगा। जुलाई, अगस्त, सितंबर का एरियर भी शामिल होगा।



### जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए दिया जाता है भत्ता

महंगाई भत्ता ऐसा पैसा है जो महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए दिया जाता है। यह पैसा सरकारी कर्मचारियों, पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों और पेंशनधारकों को दिया जाता है। महंगाई भत्ता साल में दो बार बढ़ाया जाता है। इसका कैलकुलेशन देश की मौजूदा महंगाई के अनुसार हर 6 महीने पर किया जाता है। इसकी गणना संबंधित वेतनमान के आधार पर कर्मचारियों के मूल वेतन के अनुसार की जाती है। महंगाई भत्ता शहरी, अर्ध-शहरी या ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारियों का अलग-अलग हो सकता है।

### सरकार ने पेंशनधारकों को भी दी राहत

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के अलावा पेंशनधारकों को भी सरकार ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए राहत दी है। उनके लिए भी चार फीसदी की समान दर से डीआर में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी भी एक जुलाई 2023 से प्रभावी होगा। अब पेंशनधारकों को पेंशन के साथ डीआर की नई दरों के आधार पर भुगतान देय होगा। पेंशनर्स के लिए भी महंगाई भत्ते को बढ़ाकर 46 फीसदी कर दिया गया है। कैबिनेट के अनुसार महंगाई भत्ते की बढ़ी दरों के चलते देश के खजाने पर करीब 17000 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

### सरकार ने किसानों को भी दी सौगात

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कैबिनेट ने छह प्रमुख रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी मंजूरी दे दी है। अगले मार्केटिंग सीजन के लिए एमएसपी में सात फीसदी का इजाफा किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 के लिए रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है।

# पालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त किया जाये : डीएम

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई निर्दिष्ट अनुदान एवं बुनियादी निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों, आगणन के स्वीकृति हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त प्रस्तावों व आगणन की विस्तृत रूप से चर्चा किया। निदेर्शित किया कि प्रस्तावों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए कार्य पूरा कराया जाय। इस आशय का प्रमाण पत्र समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को देना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ पानी निकासी की व्यवस्था यदि प्रस्ताव में शामिल नहीं है तो शामिल कराएं और आबादी वाले स्थानों पर अब नाली व नाला ढक्कनदार बनाएं। डीएम ने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतो में एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाय। जिसमें सभी बुनियादी सुविधाएं साफ सफाई, जल निकासी, विद्युत, शुद्ध पेयजल, ढक्कनदार नाली आदि से संतृप्त हो। उन्होंने कहा कि हर घर को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाय। जल निगम शहरी, विद्युत, नगर पालिका के साथ बैठक कराने के निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रस्ताव बनाया जाय। सरकारी भूमि में अतिक्रमण न होने पाए।

जहां अतिक्रमण है उसे चिन्हित करते हुए सूची बनाकर रिपोर्ट से अवगत कराते हुए अतिक्रमण हटाकर कब्जामुक्त किया जाय। उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया कि अध्यक्षों से प्राप्त सुझावों को अमल में लाया जाय। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सदर के अध्यक्ष राजकुमार मौर्या, नगर पालिका परिषद बिंदकी की अध्यक्ष राधा साहू, नगर पंचायत खागा अध्यक्ष गीता सिंह, नगर पंचायत किशनपुर के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर, नगर पंचायत जहानाबाद के अध्यक्ष सैय्यद आबिद हसन, नगर पंचायत हथगाम अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत असोथर अध्यक्ष नीरज सिंह, नगर पंचायत बहुआ अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 32 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 31 दिसम्बर 2017 को मारकुण्डी थाना क्षेत्र के किहुनिया गांव के बंधा भीतर निवासी बुद्धिलाल पुत्र भईयालाल कोल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुद्धिलाल के अनुसार उसके मामा मुकुंदीलाल गांव में ही छोटी की दुकान खोले थे। घटना के दिन गांव के ही प्रेमलाल पुत्र कुनबुदिया ने उनके मामा को गाली गलौच किया। विरोध करने पर प्रेमलाल ने मुकुंदीलाल को लाठी से मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी प्रेमलाल को आजीवन कारावास की सजा के साथ 32 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने को संकल्पित है मोदी सरकार: आर के सिंह पटेल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



सांसद आर के सिंह पटेल ने बुधवार को सदर विकास खंड चित्रकूटधाम कर्वी के शिवरामपुर और अकबरपुर ग्राम पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आरआरसी) का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण के तहत भाजपा सरकार द्वारा गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का काम कर रहीं है। उन्होंने कहा कि जब गांव साफ-सुथरे होगें। तभी भाजपा सरकार के स्वच्छ भारत निर्माण का सपना साकार होगा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याण को संकल्पित है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के पहले चरण के तहत गांवों में शौचालयों का निर्माण कराया गया था। दूसरे चरण तहत लगभग एक करोड की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आरआरसी) का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब गांव और घर स्वच्छ होगें। तभी स्वच्छ भारत के निर्माण का भाजपा सरकार का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि कचरे से खाद का निर्माण होगा, जिससे किसानों की फसलों का उत्पादन बढेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के करोड़ों गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोडने के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। देश की आजादी के बाद से रोटी, कपड़ा और मकान दिलाने का चला आ रहा सियासी जुमला आज भाजपा सरकार ने साकार करके दिखाया है। आज देश के करोडों गरीबों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, गैस सिलेंडर, बिजली एवं पानी देने के साथ 5 लाख तक मुफ्त इलाज का तोहफा देकर भाजपा सरकार ने जुमले को हकीकत में बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र के माध्यम से सूखे कचरे और गीले कचरे को अलग रखकर ठोस अपशिष्टों को निकालकर खाद बनाने की तैयारी की जा रहीं है। जो किसानों के खेती के कार्य में इस्तेमाल हो पाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गांव को स्वच्छ रखने के साथ किसानों की आय दोगुना करने की पहल की गई। गांवों में स्वच्छता अभियान में सार्थक भूमिका निभाने के लिए केन्द्रों को खोला जा रहा है। इससे ग्रामीणों में सफाई के लिए जागरूकता बढ़ेगी। गांव में प्लास्टिक बैंक लगाए गए है, जिसमें गंदी पन्नी में इकट्ठा होगी।

इसी योजना के तहत ब्लॉक मुख्यालय पर एक बड़ी मशीन लगाई जाएगी। हर केन्द्रों से पन्नी को लाकर ब्लॉक पर उनका बुरादा बनाया जाएगा। भविष्य में उससे सड़क निर्माण के लिए तारकोल तैयार होगा। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, जिला समन्वयक प्रभात द्विवेदी, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र यादव, शिवरामपुर प्रधान प्रियंका जायसवाल के प्रतिनिधि प्रमोद जायसवाल, सचिव राम शरण राही, अकबरपुर प्रधान शंभू सिंह चंदेल, सचिव मान सिंह, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, प्रधान संखा सिंह आदि मौजूद रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने बीसी, बीसी सुपरवाइजर एवं बीसी सखियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । खागा/फतेहपुर




बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बीसी सुपरवाइजर एवं बीसी सखियों के सम्मान समारोह का आयोजन यशराज रिजार्ट में किया गया। मुख्य अतिथि रचना मिश्रा उप महाप्रबंधक नेटवर्क-3 लखनऊ अंचल एवं डी.के. श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा बीसी, बीसी सुपरवाइजर, बीसी सखी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।

सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि रचना मिश्रा ने अपने मार्गदर्शी उद्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं में बैंक ऑफ बड़ौदा की बढ़-चढ़ कर भागीदारी रहती है। हम न केवल आर्थिक अपितु अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वाहन के लिए हमेशा ही सजग रहते हैं। हम ग्राहकों की प्रगति को हमारी निजी प्रगति से जोड़कर देखते है। बैंक ऑफ बड़ौदा अधिक से अधिक ग्राहकों तक बैंकिंग सेवाएँ एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित बीसी सुपवाइजर, बीसी एवं बीसी सखी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी के प्रयासों से आज सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक हमारे बैंक की उपस्थिति सुनिश्चित हुई है एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ग्राहकों तक पहुँच रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्र के केवल बीसी सखी एवं बीसी केन्द्रों के माध्यम से लगभग 10 लाख से अधिक ग्राहक बैंकिंग सेवाएँ का लाभ ले रहे हैं। बैंक के प्रयास को गति देते हुए ग्राहकों को विभिन्न बैंकिंग सेवाओं एवं योजनाओं आदि का लाभ पहुँचाने वाले उत्कृष्ट बीसी, बीसी सुपरवाइजर एवं बीसी सखियों को पुरस्कृत कर उन्हें ग्राहक हित से संबंधित योजनाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर त्योहार की उमंग बॉब के संग-जन सुरक्षा से जन लाभ तक अभियान का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में फतेहपुर क्षेत्र की सभी शाखाओं के शाखा प्रमुख एवं 400 से अधिक बीसी, बीसी सुपरवाइजर, बीसी सखी उपस्थित रहे। अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी मेधावी कुमार मधुकर प्रबंधक वित्तीय समावेशन विभाग ने दिया। कार्यक्रम का संचालन कामाख्या पाण्डेय ने किया।

# पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर दो आरोपियों को सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दस्यु बलखड़िया गिरोह के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने दो आरोपियों को पांच-पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 13 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील सिंह ने बताया कि बीती 18 जनवरी 2014 को तत्कालीन बहिलपुरवा थाना प्रभारी हरिशरण सिंह ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी।

वादी के अनुसार लखनपुर गांव में बलखडिया गैंग के आने की सूचना पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा पीएसी के साथ लखनपुर जाने को कहा गया था। जिसके बाद वह पुलिस और पीएसी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां बलखडिया गैंग प्राइमरी पाठशाला के पीछे तालाब के समीप अपने 9-10 साथियों के साथ कहीं से आर रही भोजन सामग्री का इंतजार कर रहा था। पुलिस टीम ने नजदीक जाकर देखा तो तालाब के भीठे में ददरी माफी गांव के चैघडा निवासी बबली उर्फ विजय पटेल पुत्र हीरालाल पटेल और लखनपुर निवासी मुन्ना पटेल पुत्र सत्यनारायण पटेल व लवलेश कोल आदि पहचान में आ गए।

इस दौरान बबली पटेल ने चिल्लाकर पुलिस के आने की सूचना दस्यु सरगना बलखडिया को दे दी और इसके बाद बलखडिया ने पूरी पुलिस टीम को खत्म करने की बात कहते हुए फायरिंग शुरू करा दी। जिसमें पुलिस टीम पर लगभग 150-200 फायर किए गए। जिसके बाद पुलिस की ओर से हुए जवाबी फायरिंग में बदमाश भाग गए और मौके से बड़े पैमाने पर कारतूस के खोखे बरामद हुए थे। इसके कुछ दिनों बाद हुई पुलिस मुठभेड़ में दस्यु सरगना बलखडिया और फिर दस्यु लवलेश कोल मारे गए। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दस्यु गिरोह के सदस्य के रूप में चैघडा ददरी माफी निवासी बबली उर्फ विजय पटेल व लखनपुर निवासी मुन्ना पटेल के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम न्यायालय के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया।

## राजस्व टीम ने बकायेदारों के विरूद्ध चलाया वसूली अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देशानुसार तहसील कर्वी में तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को राजस्व वसूली टीम द्वारा सीतापुर, भरतकूप व रौली कल्यानपुर में खनिज देय, विद्युत देय, स्टाम्प देये की वसूली के लिए वसूली अभियान चलाया गया। खनिज देय के बड़े बकायेदार रामबाबू गर्ग, सूरसेन सिंह, सुग्रीव सिंह, दिनेश कुमार दुबे तथा स्टाम्प कमी के बकायेदार द्वारिका प्रसाद के विरूद्ध वसूली के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजस्व टीम द्वारा 2,40,000 रुपये की वसूली की गयी। इस सम्बन्ध में तहसीलदार कर्वी ने बताया कि बड़े बकायेदारों के विरूद्ध इसी प्रकार वसूली अभियान निरन्तर चलता रहेगा। तीन दिवस के अंदर बकाया जमा न करने पर कुड़की एवं राजस्व हवालात में बंद करने की कार्यवाही की जाएगी।

# खाद्य एवं पेय पदार्थ की शुद्धता कायम रखने के लिए शुरू हुआ छापामार अभियान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर नवरात्रि एवं आगामी दशहरा पर्व के अवसर पर आम जन मानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 23 अक्टूबर तक जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह तथा सुमित पाण्डेय द्वारा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान दल द्वारा जनपद में खाद्य, पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापामार कार्यवाहियां कर जॉच के लिए नमूनों का संग्रहण किया जा रहा है। अभियान दल द्वारा अब तक कुल पांच नमूनें लिए गए हैं। जिसमें लालजीत यादव ने एक इलायची दाना, एक मूंगफली दाना तथा सुमित पाण्डेय द्वारा पनीर, छुहारा व साबूदाना संग्रहित किये गये है।

संग्रहित नमूनों को जॉच एवं विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जॉच परिणाम प्राप्त होने के बाद सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अभियान दल द्वारा जनपद में लगातार निरीक्षण एवं अन्य वैद्यानिक कार्यवाहियाँ भी की जा रही है। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करते हुये हिदायत दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें अन्यथा कि दशा में विधिक कार्यवाहियाँ अमल में लायी जायेगी। बताया कि यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## जिला जज ने ली ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एंव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को जेल में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों की रिहाई के सम्बन्ध में विशेष अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में हुई अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में कारागार में निरूद्ध बंदियों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिसमें जेल में निरूद्ध ऐसे बंदी जिन्होंने सजा की आधी अवधि व्यतीत कर ली हो, ऐसे बन्दी जो जमानत होने के बाद भी अभी तक रिहा नहीं हो पाए हैं, शमनीय अपराध में निरूद्ध बन्दी और विचाराधीन महिला बंदियों की रिहाई के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया।

# डायल 112 मुख्यालय की टीम का जागरूकता कार्यक्रम आज

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

एडीजी-112 अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर सात दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट और बाँदा में आगामी 19 अक्टूबर से शुरू होगा। यूपी- 112 मुख्यालय से अपर पुलिस अधीक्षक मोहिनी पाठक के नेतृत्व मे दो टीमें स्थानीय पुलिस के सहयोग से जनपद बाँदा और चित्रकूट में नुक्कड़ नाटक व एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीण आँचल में 112 की सेवाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी प्रदान करेंगी। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा के दृष्टिगत वुमेन पॉवर लाइन 1090 व महिला हेल्प लाइन 181 का यूपी 112 से इंटीग्रेशन किया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जनपदीय पुलिस के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। आपात स्थिति में 112 से सम्पर्क करने के विभिन्न माध्यमों व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, वेबसाइट, फोन तथा एसएमएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विभिन्न आपात सेवाओं का यूपी 112 से एकीकरण हुआ है। नागरिकों को आग लगने पर अग्निशमन वाहन, दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस और प्राकृतिक आपदा के समय एसडीआरएफ की सेवाएं लेने के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर चलती ट्रेन में भी आपात सहायता 112 के माध्यम से ली जा सकती है। महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूपी-112 द्वारा विशेष तौर पर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं को प्रबल प्रतिक्रिया प्रदान की जाती है। स्कोर्ट फॉर वुमेन सेफ्टी सेवा के अंतर्गत रात्रि में 10 से सुबह 6 बजे तक अकेली महिला, जिसे कोई साधन न मिल रहा हो, वह अपने गंतव्य तक जाने के लिए 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता ले सकती है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा सूचना सं. | 1115-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 17.10.2023 |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत AY और AYC स्टेशनों पर जनसमूह की निगरानी के लिए सुरक्षा और निगरानी के उद्देश्य से क्षमता में वृद्धि और AY और AYC स्टेशनों पर ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, अनाउंसमेंट सिस्टम आदि जैसी यात्री सुविधाओं के प्रावधान और सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 24,85,392.28/- (चौबीस लाख पिच्चासी हजार तीन सौ बरानवे रूपये एवं अटठ्ाइस पैसा मात्र) |
| 4 | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5 | बयाना राशि | रु. 49,800/- (उनचास हजार आठ सौ रुपये मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 7 | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 10.11.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8 | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 9 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 10 | योग्यतमान दंड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हो। |
| 10.a | तकनीकी योग्यता मानदंड | निविदाकर्ता के पास किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेंस के सभी विवरण सलंग्न करें। |

सूचना सं. : 1115–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 17.10.2023
3231/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार शिकायत जॉच में भी भ्रष्टाचार का आरोप

जन एक्सप्रेस । खागा/फतेहपुर

विजयीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत गुरुवल में ग्रामीणों की शिकायत पर पीएम आवास में हुये भ्रष्टाचार की जांच के लिए ब्लॉक स्तरीय टीम जांच के लिए पहुंची। जांच पर पहुंची टीम को कई पात्रों को अपात्र बनाने का मामला भी पाया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान व सचिव को फटकार लगायी। ग्राम पंचायत में पिछले दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना से 28 नाम अपात्र किये गये। जिस पर ग्रामीणों ने ब्लॉक से लगाकर जिले तक के उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज करायी। शिकायत को संज्ञान में लेकर उच्च अधिकारियों ने जांच टीम गठित किया और पुनः जांच करने के निर्देश दिया। जांच पर पहुंची टीम के जांच के दौरान ही ग्रामीणों का हंगामा शुरू हो गया। ग्रामीणो ने जांच टीम पर ग्राम प्रधान व सचिव को बचाने के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

कुछ देर बाद मामला शांत हुआ तो जांच टीम फिर से जांच करने में जुट गई। अपात्र किये गये 28 लोगों के घर-घर जाकर टीम ने जांच किया। जहां टीम को चंदा देवी पत्नी सुनील, रेखा देवी पत्नी मोतीलाल, रेशमा पत्नी शिवकुमार, सुनीता देवी पत्नी मेवालाल सहित कई पात्र पाये गये जिनके नाम पात्रता सूची से काटे गये थे।

## पुलिस टीम ने चोरी के दो आरोपी व दो बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने बताया कि चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग तथा उनकी टीम द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुये दो आरोपियों व दो बाल अपचारियों को चोरी की मोटरसाइकिल, 7 मोबाइल फोन व 1200 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 15 अक्टूबर को वादी रामजस यादव पुत्र छितानी यादव निवासी साईंपुर ने थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि वह अपने साथी अर्जुन के साथ चित्रकूट दर्शन के लिए आये थे कि चैपड़ा आश्रम के पास वह अपने साथी के साथ सो गये। इसी दौरान चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल, उनकी जेब से एक मोबाइल व 2500 रुपये तथा उनके साथी अर्जुन की जेब से एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने घटना का संज्ञान लेकर मुकदमें की विवेचना चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग को सौंपी।

# डीएम ने जनकल्याणकारी योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण, लगायी फटकार

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने ग्राम पंचायत अलादातपुर के ग्रामों में कराये गये विकास कार्यों व सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित लाभार्थियों की जानकारी ग्राम बस्तापुर में किया। ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि सर्वे कर व्यक्तिगत शौचालय से कितने परिवार अच्छादित है जिन परिवारों के पास व्यक्तिगत शौचालय नहीं है। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शौचालय से अच्छादित किया जाय। वही पात्र लाभार्थी निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड जैसे योजना के लाभ से वंचित है। उन्हे चिन्हित करके पात्र नागरिकों को शत-प्रतिशत योजना का लाभ दिया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति के पास दिव्यंगता प्रमाण पत्र नहीं है उनका दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनवाया जाय, साथ ही यदि दिव्यांगजन को किसी उपकरण व बीमारी में इलाज की आवश्यकता है तो नियमानुसार कार्यवाही करके लाभान्वित किया जाय। ग्राम पंचायत में 13 कुपोषित व 04 अतिकुपोषित बच्चे पाए गये जिलाधिकारी ने बच्चो को पोषित करने के लिए समय से पुष्टाहार व स्वास्थ्य सुविधाएं और इसकी निगरानी बनाए रखने के निर्देश सम्बंधितो को दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों का प्रभार है उसकी योजनाओं की रिपोर्ट से 03 दिन में अवगत कराये। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत् हर घर जल योजना के ग्राम में किये जा रहे कार्यों स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जो कार्य शेष बचा है उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर पूर्ण करे। मौके पर बिछाई जा रही पाईप लाईन को देखा जो मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने पर सहायक अभियन्ता ग्रामीण को स्पष्टीकरण देने के निर्देश अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को दिया। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि जो पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, उसका रूट चार्ट मय नक्शे के साथ रिपोर्ट से अवगत कराये, साथ ही पाईप लाईन के लिए जो रोड की खुदाई किया गया है को पहले जैसे है रोड बनाई जाय। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे से ही पाईप लाईन डाले यदि जब कोई विकल्प न हो तभी सड़क के बीच से पाईप लाईन डाली जाय। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि हर घर जल योजना के तहत हर घर को शुद्ध पेय जल से संतृप्त किया जाय। इस कार्य की निगरानी संवेदनशीलता के साथ करे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही-शिथिलता क्षम्य नही होगी। वही आयुष्मान भारत जन अरोग्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ वेलनेस सेंटर' ग्राम पंचायत अलादातपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओ व होने वाले कार्यों की जानकारी किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी तेलियानी, जिला सूचना अधिकारी आर0एस0 वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 19 अक्टूबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 30.8 (-2.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 17.0 (-2.9)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 81 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 1.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर वाली बुद्धा माता बुद्धि के साथ आंखों को देती हैं ज्योति

जन एक्सप्रेस | अरूण कुमार सविता



**कानपुर नगर।** शहर को औद्योगिक नगरी के साथ-साथ धार्मिक नगरी के रूप में भी जाना जाता है। शहर में कई ऐसे प्रसिद्ध मंदिर हैं जो सैकडों वर्ष पहले के पुराने बताए जाते हैं। नगर में एक ऐसी देवी माता हैं जिन्हें प्रसाद के रूप में हरी और ताजी सब्जियां चढ़ती हैं लोग इन्हें बुद्धा देवी के रूप में जानते हैं। नवरात्र के समय उनके दर्शन करने के लिए कानपुर समेत आसपास के जनपदों से भक्तगण भारी संख्या में आते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि यह प्रसिद्ध मंदिर कहां स्थित है। कानपुर में मूलगंज बाजार की खोया मंडी के बीचों बीच हटिया में मां बुद्धा देवी का मंदिर है। इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जिस जगह पर ये मंदिर बना हुआ है। यहां पहले हरा भरा बगीचा हुआ करता था और उसी बगीचे में लगे नीम के पेड़ के नीचे से बुद्धा देवी माता की मूर्ति निकली थी। मान्यता यह भी है कि यहां रह रहे लोगों को देवी मां ने सपने में आकर दर्शन दिए और यहां पर होने का संकेत दिया। जिसके बाद लोगो ने देवी मां की पिंडियों को यहां पर स्थापित किया। उसके बाद से ही बुद्धा देवी मां के ऊपर मिष्ठान व हरी सब्जियों का प्रसाद चढ़ाया जाता है। भक्त अपनी मनोकामना लेकर मां के दर्शन करने आते हैं। बुद्धा देवी मंदिर में अपनी मनोकामनाएं लेकर आए भक्तों की सभी मुरादे पूरी भी होती हैं। नवरात्र के समय उनके दर्शन करने के लिए कानपुर के आसपास जनपदों से भक्तगण आते हैं।

**बुद्धि के साथ आंखों को मिलती है ज्योति, बनते हैं रिश्ते**

सैकड़ो भक्तों के द्वारा दावा करते हुए बताया गया कि माता बुद्धा देवी के शरीर से स्पर्श किया हुआ जल (नीर)जो कोई भी अपनी आंखों में लगाता है उसकी आंखों की की रोशनी वापस आ जाती है साथ ही साथ अगर शरीर में कहीं भी वर्षों पुराना दर्द है वह दर्द भी नीर को लगाने से खत्म होता है। जिन बच्चों में बुद्धि कम है अगर यहां पर उनकी मां आकर माता को हरी सब्जियां चढ़ाती हैं तो उनके बच्चों को बुद्धि मिलती है और जिनका का विवाह नहीं हो रहा होता है वह मंदिर के पीछे जाकर उल्टा सीधा हाथ लगाते हैं तो उनका विवाह भी दो से तीन माह के अंदर हो जाता है।

# अमृत कलश यात्रा, पंच प्रण और वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न



जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को अमृत कलश यात्रा , पंच प्रण और वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य देश प्रेम की भावना जागृत करना तथा देश की खातिर अपना बलिदान देने वाले देश के वीर सपूतों के बलिदान को याद करने और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त करना रहा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 04 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पुष्पा ममोरिया के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का प्रारंभ एनएसएस अधिकारी द्वारा कलश में अक्षत और मिट्टी डाल कर करने के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 04 के सभी छात्र छात्राओं ने कलश में अपने अपने घर से लाई हुई मिट्टी एवं अक्षत डाले व कार्यक्रम अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलवाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई।

# पात्र विचाराधीन बंदी होंगे रिहा, अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के सदस्यों की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



राष्ट्रीय विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी स्पेशल अभियान 2023 के तहत शहर में मंगलवार को हुई बैठक में जिला जज कानपुर प्रदीप कुमार द्वितीय ने जेल से विचाराधीन बंदियों को रिहा करने का निर्देश दिया। यह जानकारी कानपुर जिला कारागार के अधीक्षक बी.डी. पाण्डेय ने दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर के अध्यक्ष व जिला जल प्रदीप कुमार द्वितीय की अध्यक्षता में जेल में निरुद्ध कैदियों की रिहाई के लिए अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में ऐसे निरुद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं.प्र.सं. से आच्छादित है तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के वादों की सूची प्रस्तुत की गयी हैं। जिनके रिहाई के संदर्भ में बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की गयी। बैठक में जेल अधीक्षक ने अवगत कराया कि कुछ बंदियों पर अन्य गंभीर मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं या वे आजीवन कारावास से दंडित हैं। जिला जज कानपुर नगर ने बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता में आते हैं उनकी नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज श्रीमती शुभी गुप्ता ने बताया कि धारा 436(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है लेकिन जमानतदार के अभाव में कारागार में निरुद्ध है उनके प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी व उसके संबंध में जेल अधीक्षक जिला कारागार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, उनके द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरुद्ध अधिकतम 7 वर्ष के दण्डादेश संबंधित आपराधिक विचारण लंबित हैं और वे कारागार में निरुद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के सदस्य जिलाधिकारी कानपुर नगर द्वारा नामित एडीएम सिटी राजेश कुमार एवं अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के सदस्य पुलिस आयुक्त कानपुर नगर द्वारा नामित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनोज पाण्डेय, जेल अधीक्षक बी.डी. पाण्डेय उपस्थित रहे।

# पत्रकार पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे के विरोध में कमिश्नर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



स्वतंत्र होकर कलम चलाने वाले पत्रकार पर हुए फर्जी मुकदमे को लेकर पत्रकार संगठन और वकीलों ने मिलकर सयुक्त रूप से जिलाधिकारी व कमिश्नर को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया इस दौरान सैकड़ो की तादाद में पहुंचे पत्रकार व वकीलों ने एसीएम 2 को ज्ञापन देकर अपनी समस्या और पत्रकार पर लगे फर्जी मुकदमे को निष्पक्ष जांच कर खत्म करने की की मांग की है । नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के अध्यक्ष एम डी शर्मा ने बताया कि पत्रकार दिग्विजय सिंह ने भगवत दास घाट में सत्य घटना पर आधारित खबर डिजिटल न्यूज चैनल पब्लिक स्टेटमेंट चैनल पर चलाई थी इस खबर से भगवत दास घाट के अपने आप को संचालक बताने वाली प्रियंका द्विवेदी ने एक शिकायती पत्र दिया जिसमें बगैर जांच किए हुए ही अपराधिक मुकदमा पंजीकृत कर लिया जिसकी हम पत्रकार घोर निंदा करते हैं वहीं पत्रकार दिग्विजय सिंह के पास पर्याप्त सबूत व वीडियो साक्ष्य है कि प्रियंका द्विवेदी ने किस तरह से उनको साजिश कर कई लोगो द्वारा घेर लिया व भद्दी गालियां दी और मारपीट करने की कोशिश की जिसका मुकदमा फीलखाना थाना द्वारा ना लिखा जाना यह अपने आप में यह बताता है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दबाने का प्रयास कुछ पुलिस विभाग में बैठे कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री उमाशंकर त्यागी, ज्ञानेन्द्र,कटियार,उमेश भार्गव, वरिष्ट पत्रकार राजेंद्र केसरवानी,अवधेश सिंह तोमर व दिग्विजय सिंह,वीरेन्द्र शर्मा, सुहैल मंसूरी, कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट नरेश चन्द्र त्रिपाठी,सियाराम पाल, एडवोकेट तेजबहादुर पाल, एडवोकेट शेष कुमार वाजपेयी,एडवोकेट जगमोहन सिंह,एडवोकेट नरेन्द्र कुमार यादव, एडवोकेट मोहम्मद तौहीद, एडवोकेट, एडवोकेट अंकुर पाल, एडवोकेट विशाल पाल, एडवोकेट जे पी शर्मा, एडवोकेट शशिकांत सचान, एडवोकेट सुनील कुमार, अमर वर्मा, रोहित बनौधिया, करन ठाकुर, आर्यन वर्मा, सौरभ वर्मा, सहित सैकड़ो पत्रकार , आरके सिंह,अरुण कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# माता सीता के तप से प्रकट हुईं थीं माता तपेश्वरी

**यहीं हुआ था लव कुश का मुंडन**

जन एक्सप्रेस | अरूण गौतम



कानपुर के बिराहना रोड स्थित तपेश्वरी मंदिर प्राचीन मंदिरों में से एक हैं। यहां पर दूरदराज़ से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। देवी माता के इस प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है, और चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा आपके आसपास बनी रहती है। मान्यता है कि माता के सामने शीश झुकाने और अखंड ज्योति जलाने से मनोकामना पूर्ण होती है।

तपेश्वरी देवी मंदिर का इतिहास त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि माता सीता ने इस मंदिर में लव और कुश का मुंडन संस्कार कराया था। इस मंदिर की मान्यता सिद्धपीठ के रूप में भी है। पुजारी संतोष पंडित ने बताया कि जब लंका पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम वनवास से लौटे तो अयोध्यावासी माता सीता के ही चरित्र पर सवाल उठाने लगे।इस पर भगवान राम ने सीता को त्याग दिया था। इसके बाद लक्ष्मण माता सीता को बिठूर स्थित वाल्मीकि जी के आश्रम में छोड़ आए थे। कहा जाता है कि माता सीता के तप से ही तपेश्वरी माता प्रकट हुईं थीं। इसके बाद सीता माता ने मां तपेश्वरी के समक्ष अपने दोनों पुत्रों का मुंडन कराया था। तब से यहां पर बच्चों के मुंडन कराने की परंपरा चली आ रही है। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि यहां अखंड ज्योति जलाने वालों को संतान की प्राप्ति होती। इसके बाद यहां पर एक छोटी मठिया की स्थापना की गई थी।

## दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मिले स्मार्टफोन एवं टैबलेट

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत बीएड की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण पाठक ने दीप प्रज्जित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अरुण पाठक ने बताया कि विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट प्रदान करना है जिससे छात्र-छात्राओं अपने अध्ययन में हो रही रूकावटों को स्मार्टफोन टैबलेट के माध्यम से दूर कर सकें और छात्र-छात्र छात्र-छात्राओं को बिना किसी कठिनाई से अपनी पढ़ाई सुगमता पूर्वक कर सकें।



# पटाखा विक्रेताओं को लाइसेन्स जारी करने के दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बेडमिन्टन हॉल में पटाखा विक्रेताओं को लाइसेन्स जारी करने के सम्बन्ध में संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय /अपराध नीलाब्जा चौधरी की अध्यक्षता में शहर के अस्थाई थोक व फुटकर पटाखा विक्रेताओं की गोष्ठी की गई जिसमें पटाखा विक्रेताओ को लाइसेन्स जारी करने से सम्बन्धित दिशा निर्देश निर्गत किए गये । इस दौरान यह भी बताया कि किसी प्रकार की घटना ना घटित होने पाए,सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणो जैसे- अग्निशमन यंत्र , रेत, पानी की बाल्टी इत्यादि पटाखे की दुकानो के आस-पास आवश्यक रूप से होनी चाहिए। सभी प्रकार की पटाखों की दुकाने आबादी से दूर खुले स्थानो पर लगाई जाएगी। सभी थानो से पटाखा दुकानो को लगाने के लिए उपयुक्त स्थानो की सूचना मांगी गई है जो सबसे सुरक्षित स्थान होगा वहां पर पटाखों की बिक्री की जाएगी।

# करोड़ों की नाजायज चरस के साथ तस्कर दबोचे



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में मंगलवार को ग्वालटोली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से कुल 15 किलो 150 ग्राम नाजायज चरस बरामद की गई है जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए आंकी जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना ग्वालटोली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस के पीछे गंगा नदी किनारे विक्रान्त पटेल पुत्र स्व॰ सुदर्शन पटेल निवासी वार्ड नं0 4 ग्राम गम्हरिया पोस्ट हरदिया थाना रक्सौल पूर्वी चम्पारण बिहार वा अब्दुल कलाम हवारी पुत्र सिराजुल निवासी इस्लामपुर तालाब के पास झोपडपट्टी गाधीनगर थाना रक्सौल पूर्वी चम्पारण बिहार को दबोचा तो उनके कब्जे से कुल 15 किलो 150 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि यह चरस रक्सौल पूर्वी चम्पारण बिहार से बबलू नामक व्यक्ति से लाकर उ0प्र0 के कानपुर, लखनऊ, इटावा, गोरखपुर आदि बड़े शहरों के स्थानीय लोगो को ऊँचे दामों में चरस को बेचते हैं। इसके एवज में सभी को 20,000/- से 30,000/- रुपये मिलता है तथा किराया भाड़ा और खाने पीने का खर्च अलग से मिलता है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह थाना ग्वालटोली ,उ0नि0 रवि कुमार, उ0नि0 आदित्य कुमार , उ0नि0 दिलीप, उ0नि0 अक्षय कुमार त्यागी, का0 सूर्य प्रकाश मिश्रा,का0 अनुज चौधरी ,का0 राजीव सागर शामिल रहे।

## टैंकर में छेद होने से सड़क पर फैला डीजल



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बुधवार को सचेंडी थाना क्षेत्र के भौती स्थित एक टैंकर में अज्ञात वाहन के टकरा जाने से छेद हो गया जिससे डीजल फैलने लगा। वहीं तेल निकलते देख लोग उसे भरते हुए देखे गए। जिससे सड़क पर जाम लगाने लगा सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल डिपो के अधिकारियो को जानकारी दी और जाम भी खुलवाया।

## राष्ट्रीय महिला परिषद के हल्दी कुंकुम एवं डांडिया नाइट्स में जमकर मचा धमाल

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। आनंदपुरी के प्रांगण में राष्ट्रीय महिला परिषद द्वारा कार्यक्रम हल्दी कुंकुम एवं डांडिया नाइट्स आयोजित किया गया। जिसमें अनेकों महिलाएं सम्मिलित हुईं । कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ प्रमुख आशा गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंची प्रांत अध्यक्ष सुनील निधि अवस्थी ने बताया कि इस तरीके के कार्यक्रमों से महिलाओं को आत्म बल मिलता है और जीवन शैली को सरल बनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशा त्रिवेदी ,उषा गुप्ता, शशी भगत ,शोभा गुप्ता, स्वाति शर्मा, पूनम अग्रवाल, नीलम राठौर एवं काफी संख्या में सभी बहने उपस्थित रहीं।

# चौबेपुर थाने में तैनात दरोगा का संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिला शव

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

**डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी**

बिल्हौर तहसील के चौबेपुर थाने में तैनात दरोगा शिव वीर सिंह किराए पर कमरा लेकर बेला रोड पर रहते थे। शाम को खाना खाने के बाद कमरे पर जाकर लेट गए थे। बुधवार को उनके देर तक न जागने पर कमरे में जाकर देखा गया तो उनका शव चारपाई पर पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। धीरे-धीरे कई आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। स्थितियों को देखते हुए लोगों ने हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जाहिर की। मूल रूप से औरैया जनपद के अजीतमल गांव निवासी 54 वर्षीय शिव वीर सिंह यादव चौबेपुर थाने में लगभग एक वर्ष से तैनात थे और वह हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक बने थे।वह चौबेपुर कस्बे में बेल रोड स्थित पाण्डेय मार्केट में एक कमरा किराए पर लेकर निवास करते थे। उसी मकान में पुलिस स्टाफ के और लोग भी किराए पर निवास करते हैं। साथी पुलिस कर्मियों के अनुसार वह मंगलवार रात खाना खाने के बाद कमरे में जाकर लेट गए थे। सुबह काफी देर तक उनके न जागने पर लगभग दस बजे खिड़की से झांक कर देखा गया तो वह अचेत अवस्था में चारपाई पर पड़े थे। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब न मिलने पर थाने में मामले की सूचना दी गई। कुछ ही देर में थाना प्रभारी संजय पांडे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और पुलिस की मौजूदगी में कमरे का अंदर से बंद दरवाजा तोड़ा गया। जानकारी मिलते ही एडीसीपी लखन सिंह और डीसीपी विजय ढुल, एसीपी आईपी सिंह सहित एक के बाद एक कई उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचते गए। पुलिस द्वारा बारीकी से घटना की जांच पड़ताल शुरू की गई। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक सब इंस्पेक्टर के कमरे से किसी बीमारी संबंधित दवाइयां भी बरामद हुई हैं। कई घंटे की जांच पड़ताल के बाद भी पुलिस हत्या या आत्महत्या जैसी किसी स्थिति पर नहीं पहुंच पाई। लोगों ने मौके की स्थितियों को देखते हुए हार्ट अटैक अथवा बीमारी से मौत होने की आशंका जाहिर की। वहीं पुलिस द्वारा मृतक सब इंस्पेक्टर के पारिवारिक जनों के पहुंचने के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। संदिग्ध परिस्थितियों में मृतक उपनिरीक्षक का शव उनके बंद कमरे में पाया गया है। हत्या या आत्महत्या की किसी प्रकार से पुष्टि नहीं हो रही है। उनके कमरे में कुछ दवाइयां भी मिली हैं और बीते माह उनके बीमार रहने की जानकारी मिली है। बीमारी या हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा। पारिवारिक जनों ने भी किसी गंभीर बीमारी के बारे में नहीं बताया है।

# एसटीएफ-पुलिस ने पकड़ा अवैध असलहा तस्करों का रैकेट, चार तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



यूपी एसटीएफ व कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा तस्करों के एक रैकेट को पकड़ा है। इनके पास से बड़ी मात्रा में बड़ी संख्या में अवैध असलहे, जिंदा कारतूस, कैश-मोबाइल व असलहा तैयार करने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। पकड़े गए तस्कर प्रतापगढ़ व प्रयागराज के रहने वाले हैं। जो प्रदेश के कई जिलों में अब तक सौ से भी अधिक असलहे बेच चुके हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने कोतवाली नगर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर रैकेट को एसटीएफ व कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। एसटीएफ लखनऊ के उपनिरीक्षक अमित कुमार तिवारी टीम के साथ कोतवाली नगर के अमहट चौराहे पर खड़े थे। मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहन से अमहट चौराहे पर आ रहे हैं। सूचना पर कोतवाली नगर प्रभारी का उन्होंने सहयोग लिया गया। सूचना पर कोतवाली नगर प्रभारी श्रीराम पांडेय भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर मुखबिर ने इशारा करके बताया कि गौरीगंज की तरफ से आकर जो चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहन किनारे खड़े हैं। साथ ही दो लोग जो आपस में बात कर रहे हैं वहीं लोग अवैध हथियारों की तस्करी करते हैं। एसटीएफ व पुलिस ने दबिश देकर दोनो को पकड़ते हुए पूछताछ की। पूछताछ के दौरान एक की शिनाख्त ऐनुल उर्फ रईस निवासी बहादुरपुर रोड गभड़िया कोतवाली नगर को पकड़ा गया। वो मूल रूप से जलेसरगंज धारूपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है। दूसरा व्यक्ति पवनीश उर्फ पवनेश कुमार निवासी इंदिरा इब्राहिमपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज का रहने वाला है। दोनों के पास से अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान इन दोनों ने बताया कि बाइक का प्रयोग हम अवैध असलहे के व्यापार के लिए करते हैं। पवनीश ने बताया कि मैंने यह अवैध असलहा ऐनुल उर्फ रईस से खरीदा है। 2500 में खरीदकर चार हजार में बेचता हूं। अबतक कई जनपदों में सौ से अधिक अवैध असलहे बेच चुका हूं। कड़ाई से पूछताछ करने पर इन्होंने बताया कि ऐनुल उर्फ रईस के नबाबगंज नई बस्ती बहादुरपुर रोड गभड़िया थाना कोतवाली नगर में अवैध असलहो का निर्माण कार्य होता है। एसटीएफ व पुलिस टीम ने अभियुक्तों के साथ बताए हुए मकान पर पहुंची तो वहां दो लोग अवैध असलहा बनाते मिले। दोनो की शिनाख्त स्वालहीन अंसारी, ग्यासुद्दीन निवासी लालगंज प्रतापगढ़ के रूप में हुई। स्वालहीन अंसारी ने बताया कि ऐनुल उर्फ रईस के कहने पर अवैध असलहा बनाने अपने साथी के साथ आता हूं। पुलिस को यहां से पचास से अधिक अर्धनिर्मित असलहे व उनके उपकरण मिले। पुलिस सभी को पकड़कर कोतवाली नगर लाई। सबके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। अब पुलिस इन्हें कोर्ट में पेश कर रही है।

# संदिग्ध अवस्था में मिला किशोरी का खून में लथपथ शव

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



घर वाले आर्केस्ट्रा में शामिल होने गए थे। अकेली बेटी ने खौफनाक कदम उठा लिया। परिवार वाले वापस लौटे तो घर के अंदर का हाल देखकर वे दंग रह गए। बेटी का खून में लथपथ शव पड़ा हुआ था। अब गुत्थी हत्या और आत्महत्या में उलझ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर जांच शुरू कर दिया है। घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का है। जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिलेगांव के रामपुर में पटरू के यहां लड़के का जन्म होने पर बरही थी। जहां पर आर्केस्ट्रा कार्यक्रम था जिसको देखने गांव के लोग गये थे। गांव के शिवशंकर प्रजापति का परिवार भी आर्केस्ट्रा देखने गया था। घर में उनकी बेटी प्रीती तथा बाहर बेटा मौजूद था। देर रात साढ़े दस बजे सब आर्केस्ट्रा से लौटे तो दरवाजा खुला था तथा घर के अंदर ओसारे मे किशोरी बेटी प्रीती उर्फ कोमल 16 का खून में लथपथ शव पड़ा था। यह देख परिजनों के होश उड़ गये। चीख पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती का गला चाकू या हंसिया से काटा गया है तथा सिर के बाल एकजुट थे। जिसको देखकर लग रहा था कि सिर के बाल पकड़कर गला काटा गया है। किशोरी के पिता शिवशंकर की माने तो किशोरी साल भर से मानसिक बीमार है जिसका इलाज चल रहा था। रात में सूने घर में उसने गला काटकर अपना जीवन समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पर रात साढ़े दस बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ व जांच पड़ताल के बाद घटना की जांच में जुट गई। कोतवाली देहात एसओ श्याम सुंदर ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामला को दर्ज कर घटना की जांच की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में घूम रहा कुत्ता, मरीजों की भरमार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

राजकीय मेडिकल कॉलेज से बड़ी लापरवाही का वीडियो प्रकाश में आया है। यहां इमरजेंसी के अंदर घंटों कुत्ता टहलता रहा लेकिन उसे हटाना किसी ने बेहतर नहीं समझा। ये हाल तब है जब वायरल व डेंगू के चलते इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ है और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल का बड़ा-बड़ा दावा।

सोशल मीडिया पर राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जहां इमरजेंसी के अंदर कुत्ता खुलेआम घूम टहल और बैठ रहा है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां का स्टॉफ कितना व्यवस्था दे पाने में



सांकेतिक चित्र

सक्षम है। आलम ये है कि इमरजेंसी की एक बेड पर दो-तीन मरीज, प्लेटफार्म सीट पर मरीजों का इलाज और स्ट्रेचर पर इलाज के साथ जमीन तक पर मरीजों का इलाज हो रहा। जिस कारण इमरजेंसी में भीड़ इतनी जमा हो रही कि वहां पैर रखने की जगह नहीं है। उस समय में कुत्ते का पहुंचना बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है।

बता दें कि इमरजेंसी में स्टॉफ कम पड़ जा रहा है। बाहरी व्यक्ति यहां धड़ल्ले से इंजेक्शन आदि लगा रहे हैं। स्थिति ये है कि प्राइवेट एम्बुलेंस चलाने वाले तक इंजेक्शन और वीगो लगा रहे हैं।

और राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव बेहतर व्यवस्था देने का दावा कर रहे हैं। वो कहते हैं कि बराबर औचक निरीक्षण किया जाता है। अब सवाल अहम है जब साहब निरीक्षण कर रहे हैं तो ऐसी बदइंतजामी कैसे है। अभी कल ही यहां ओपीडी के पैथालॉजी के बाहर मारपीट का मामला भी प्रकाश में आया था।

## धान खरीद कल से शुरू, जनपद में 69 धान क्रय केंद्र

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि खरीफ विपणन के अंतर्गत जनपद में कुल 69 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें विपणन शाखा के 32, पीसीएफ के 20,यूपीएसएस के 04,पीसीयू के 08, भारतीय खाद्य निगम के 03 तथा मंडी समिति के 02 धान क्रय केंद्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि धान खरीद किए जाने हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।उन्होंने बताया कि आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अयोध्या मंडल के समस्त जनपदों में धान क्रय 20 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। अतः जनपद के किसान अपना धान क्रय केंद्र पर 20 अक्टूबर से विक्रय करने हेतु आ सकते हैं।उन्होंने कहा कि कृषक केंद्र पर अपने धान को साफ सुथरा सुखाकर एवं अच्छी गुणवत्ता का लाएं। जिससे केंद्र पर धान विक्रय करते समय कोई समस्या उत्पन्न ना हो।

# शऊर हमने भी पाया है शेर गोई का, कलम है हाथ में तीरओ कमान थोड़ी है: डॉली

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुल्तानपुर

पूर्व विधायक स्वर्गीय मथुरा प्रसाद तिवारी मिल्कीपुर अयोध्या के पुण्यतिथि पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन श्रीराम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इण्टर कॉलेज बल्दीराय के प्रांगण मे हुआ। मुख्य अतिथि महेश मिसिर अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम सूरत गुजरात ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व स्वर्गीय मथुरा प्रसाद तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात कानपुर से आई अंकिता शुक्ला ने मां सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत किया। हरदोई से आए हास्य कवि अजीत शुक्ला ने शहर की हवा क्या लगी अब गाँव नही छूते।

दौलत आ गई तो गरीबों के ठांव नहीं छूते।जरा सी शोहरत पर फूलने वाले लोग हाथ मिलाते हैं अब पांव नहीं





छूते।प्रतापगढ़ के लवलेश यदुवंशी ने भरत की आँख में आँसू कभी पलने नहीं देना। प्रभह्व श्रीराम को वनवास में चलने नहीं देना। अयोध्या में बने मंदिर मगर मन का निवेदन है। किसी सीता को फिर से आग में जलने नहीं देना। पुष्कर सुल्तानपुरी ने मजबूरियों ने हाथ मेरे बांध तो दिए।क़स्मित ने मगर जो भी किया, कम नहीं किया। भूखा था इस क़दर कि मुझे कुछ पता नहीं। धोखा भी मैने खा तो लिया,गम नहीं किया। पढ़ा तो पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। गुजरात के भरूच से आई कवियत्री डॉ मधु गौड़ दिव्या ने पढ़ा..मैंने अपनी जिंदगी तेरे नाम कर दी आज से, अब तो बस पर्दा हटा दो आप भी इस राज से। मैं तुम्हारी राधिका हूं या तुम्हारी रुकमणी, मैंने अपना कृष्ण बस तुमको ही माना आज से। पढ़कर वाहवाही बटोरी। कानपुर से आई कवियत्री अंकिता शुक्ला ने पढ़ा....झोपड़ी से महल की दूरी है।

प्यास सदियों से यह अधूरी है। नफरतों को मिटा दिया जाए। प्यार जिंदा रहे जरूरी है।ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।पढ़ा तो माहौल खुशनुमा हो गया। कवियत्री अखिलेश तिवारी डॉली ने पढ़ा.. कहा उसने मगर बदनाम होना था।हमारे संग उसका नाम होना था।

**भुलाने गम अगर वो इश्कदां है तो।**

**हलक को तर करे यूं ज़ाम होना था।।**

किसी गद्दार के हक में सजा ए मौत।नहीं ताज्जुब यही अंजाम होना था।सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विशाल शुक्ल, डॉ जहीर अहमद, डॉ राम आसरे वर्मा, डॉ सूरज वैश्य, लेखपाल संघ अध्यक्ष संतराम यादव, वकील अहमद, डॉ अंजनी पाल, भानु प्रकाश गोस्वामी, प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी, अशोक सिंह, पूर्व प्रधान कल्लू सिंह, प्रधान प्रतिनिधि पवन अग्रहरि, हरी प्रताप सिंह, संतकरन सिंह, पूर्व बीडीसी संतोष अग्रहरि, अनिल विश्वकर्मा, कंसराज जायसवाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस की मनमानी से बदमाशों के हौसले बुलंद

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** पुलिस की कार्यशैली से जहां एक ओर योगी सरकार की छबि धूमिल हो रही है। वहीं शासन प्रशासन पर उंगलियां उठ रही हैं।कोतवाली अमेठी के कोरारी गिरधरशाह में दलित वृद्ध की अमानवीय पिटाई करने वाले दबंगों पर पुलिस अज्ञात कारणों से मेहरबान है। इस बात की हर जबान पर चर्चा है।इसी तरह कल्याणपुर थाना पीपरपुर निवासी जितेन्द्र कुमार सिंह पुत्र अमरेंद्र बहादुर सिंह की बाइक पर दबंगों ने टक्कर मार दी।राहगीरों ने उसे घायलावस्था में सीएचसी भेंटुआ पहुंचाया।फिर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टरों ने उससे कहा कि आपका मामला पुलिस का है तो पहले एफआईआर कराइये।पीड़ित के अनुसार दोपहर बाद वह कोतवाली पहुंचा तो उसका मेडिकल कराने में पुलिस टालमटोल करती रही।और जब सीएचसी ले गयी।तब तक डाक्टर जा चुके थे।फिर उसे अगले दिन पुनः बुलाया गया। खबर लिखे जाने तक पीड़ित की नामजद तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।समाज के जागरूक और शान्ति प्रिय नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि जिन निरीक्षकों और उप निरीक्षकों का नाम चुनाव आयोग के तीन साल वाले लोगों की सूची में हैं।उन्हें दायित्व मुक्त करके पीड़ितों को राहत पहुंचाई जाय।

## स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को लक्ष्मण सिंह चन्देल थाना कमरौली मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु,वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मकबूल पुत्र बुद्धू निवासी सरैया मजरे जरगांवा थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी उम्र करीब 45 वर्ष को बरसण्डा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र कार्यक्रम को लेकर गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी



ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएंगे। जिसको लेकर बुधवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक एड्रेस सिस्टम ग्राम पंचायतों के प्रमुख स्थलों, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्रमुख मार्गो, ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वारा मुख्य चौराहे, तिराहे आदि पर लगाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने हेतु ग्राम के संभ्रांत नागरिकों के साथ ग्राम प्रधान, ग्राम स्तरीय कर्मियों की एक बैठक आयोजित कराकर कैमरों की संख्या, स्थान आदि चिन्हित कराए जाएं। सीसीटीवी कैमरे व पब्लिक एड्रेस सिस्टम हेतु पर्याप्त स्टोरेज की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। तथा उन्हें एकीकृत पुलिस कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम से संबद्ध किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस को तत्काल फीडबैक उपलब्ध कराया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे का कंट्रोल रूम उपयुक्तता के आधार पर ग्राम सचिवालय में स्थापित कराया जाएगा। जिसकी कनेक्टिविटी संबंधित थाने, विकासखंड मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनपद मुख्यालय अथवा पुलिस मुख्यालय से पूर्व से स्थापित हो यथासंभव कार्यवाही पुलिस विभाग के सहयोग से की जाएगी। बैठक में डीएम ने जनपद के समस्त ग्रामों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु संस्था,एजेंसी का चयन करने की जिम्मेदारी जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपा। उन्होंने कहा कि संस्था का चयन कर उच्च गुणवत्ता के कैमरे लगवाए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र योजना से जनपद के ग्रामों में सीसीटीवी कैमरा लगने से ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. इलमारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी शिशिर सक्सेना सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता छबीस से

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान वर्ष में होने वाली पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जूनियर भारत्तोलन, हॉकी,फुटबॉल बालक वर्ग तथा एथलेटिक्स बालक और बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 26 अक्टूबर से डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स जूनियर बालक,बालिका वर्ग 26 अक्टूबर, फुटबॉल जूनियर बालक वर्ग 26 अक्टूबर भारत्तोलन जूनियर बालक वर्ग 27 अक्टूबर तथा हॉकी जूनियर बालक वर्ग 27 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे से डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में होंगे। इसके साथ ही उन्होंने जनपद के समस्त प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापकों से अनुरोध करते हुए कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने-अपने विद्यालय,कॉलेज के खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने को निर्देशित करें। प्रतिभागी को अपने साथ आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

# वरिष्ठजनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर





जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली का निरीक्षण उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा किया गया। सचिव द्वारा वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना गया तथा सभी वृद्धजनों के लिए विधिक जागरुकता व सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत सचिव द्वारा सभी वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी।

सचिव द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वृद्ध महिलाओं की सेवा के लिए नियुक्त सेवादार पूर्ण समर्पण व निष्ठा से कार्य करें। सचिव द्वारा सभी वृद्धजनों को बताया गया कि वृद्धों को भी पूरी मानवीय गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अधीक्षक धनजंय सिंह व उपअधीक्षक अनुज श्रीवास्तव, लेखाकार हिमाशु सिंह, भण्डारी नीलम श्रीवास्तव, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व खुशबू भारती उपस्थित रही।

# उ0प्र0 कोऑपरेटिव बैंक लि0 के अध्यक्ष सहकारिता आंदोलन को गति देने पहुंचे रायबरेली

जन एक्सप्रेस। रायबरेली





बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली के सभागार में जितेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। अभिनन्दन समारोह के मुख्य अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ रहे है। मुख्य अतिथि का स्वागत विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा द्वारा प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, संचालक अशोक मौर्य का प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे गजाधर सिंह पूर्व विधायक ने अपने सम्बोधन में सहकारिता के विकास एवं सशक्तिकरण के विविध पहलुओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि मुख्य अतिथि के शीर्ष बैंक के अध्यक्ष के पद पर सुशोभित होने पर जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली का चीनी मिलों में विनियोजन को बढावा मिलेगा, जिससे बैंक की लाभप्रदता में वृद्धि के साथ बैंक को मजबूती प्रदान करेगी। कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सहकार से समृद्धि के अन्तर्गत सदस्यता महा अभियान 2023 में बनाये गये नये सदस्यों तथा उनसे संकलित किये गये अंशधन मु0 1.41 करोड रू0 सहकारिता के सशक्तिकरण एवं सुदृढ किये जाने हेतु महत्वपूर्ण कडी बताया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ द्वारा अपने सम्बोधन में अभिनन्दन समारोह के आयोजन पर हर्ष के साथ आभार किया गया तथा सहकारिता आन्दोलन को सुदृणीकरण में सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया है तथा 16 जिला सहकारी बैंको एवं कमजोर पैक्स के सशक्तीकरण पर विशेष जोर देते हुए उन्हे मजबूत करने का हर सम्भव प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। इसी कड़ी में सुशील कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली द्वारा अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि का अभिनन्दन करते हुए आभार व्यक्त किया गया तथा बताया गया कि सहकारिता के माध्यम से जन सामान्य को अधिक से अधिक लाभ पहुचांया जा सकता है। इसके लिए लोगो को सहकारिता से जुड़ने का आवाहन किया गया।

## रोजगार मेले का आयोजन 21 को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राजकीय आईटीआई गोरा बाजार रायबरेली में 21 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लर्ननेड एंप्लॉयमेंट सर्विसेज लखनऊ के प्रतिनिधि शुभम पाल के द्वारा पेटीएम और फोनपे फाइनेंशियल सर्विसेज कम्पनी के लिए फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव पद पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। लोकेशन रायबरेली, बाराबंकी लखनऊ, वेतन 12000 से 30000 रूपये प्रतिमाह मिलेंगे, सीविंग मशीन ऑपरेटर जॉब-लोकेशन गुजरात-बैंगलोर त्रिपुर में है साथ ही लॉजिस्टिक में डिलीवरी बॉय की भी आवश्यकता है। लोकेशन पूरे भारत में वेतन 12000 से 20000 रूपये तक, ईच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18-30 वर्ष है तथा वे इंटरमीडिएट, ग्रेजुएट, आईटीआई किसी भी ट्रेड से उत्तीर्ण हों, अपना संक्षिप्त बॉयोडाटा, आधार कार्ड सभी अंकपत्र व प्रमाणपत्र की दो प्रतियो के साथ दिनांक -21/10/2023 को प्रातः 9:30 से सायं 2:30 तक भाग ले सकते हैं।

# गोद लिए गए बच्चे को सभी अधिकार व पारिवारिक परिवेश मिले

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 16 से 22 अक्टूबर के मध्य एडॉप्शन वीक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूनिसेफ के सहयोग से एक वेबनॉर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग सहित विभाग के मंडलीय अधिकारी, विभिन्न जिलों के जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, महिला सशक्तीकरण केंद्र, चाइल्ड हेल्पलाइन, किशोर न्याय बोर्ड, सहित वन स्टॉप सेंटर व बाल देखरेख संस्थाओं के प्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि विभाग द्वारा 16 से 22 अक्टूबर के मध्य एडॉप्शन वीक का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को बच्चों को गोद लेने की कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें कई बार रेलवे और बस स्टेशन, झाड़ियों में नवजात बच्चे मिलते हैं। जिन्हें देर हो जाने पर बचाना मुश्किल हो जाता है। जो लोग बच्चों को नहीं पालना चाहते हैं, वह उन्हें अस्पताल, शिशु गृह या फिर किसी सुरक्षित संस्था के सुपुर्द कर दें अथवा 1098 निशुल्क नंबर पर चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित करें। इसके लिए अस्पतालों और शिशु गृह में पालना लगाए जाने चाहिए, लोग उसी पालने में अपने बच्चे को छोड़ सकते हैं, जिससे बच्चा सुरक्षित हाथों तक पहुंच सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक पुनीत मिश्रा ने बताया कि बच्चों को गोद लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था है। कोई भी परिवार कहीं से भी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बाल अधिकारों के विशेषज्ञ और यूनिसेफ इंडिया के विशेषज्ञ प्रभात कुमार ने कहा कि गोद लेने वाले परिवार और हम सभी का यह दायित्व है कि बच्चे को इस तरह का संरक्षण दे कि बच्चे को सभी अधिकार मिले, उन्हें पूरी तरह से पारिवारिक परिवेश मिले और बच्चे के साथ भेदभाव न होने पाए। उन्होंने कहा कि गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत है, साथ ही इसमें जो भी विभाग संबंद्ध हैं, उन्हें भी शीघ्रता करने के साथ पारदर्शिता से काम करने की जरूरत है। बाल संरक्षण विषय विशेषज्ञ करूणा नारंग ने कहा कि बेटे की चाह में कई परिवारों में बच्चों की संख्या बढ़ती जाती है। ऐसे में बच्चों को अकेला छोड़ देने की बजाय महिलाओं को जागरूक किया जाना चाहिए की इधर-उधर फेकने के बजाए बच्चों को जिला बाल संरक्षण इकाई या बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर सकते है, जिससे बच्चे को किसी परिवार को गोद दिया जा सके। परिचर्चा के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया, जिसमें विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने अपनी प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# सीएम योगी बोले, कर चोरी रोकें और राजस्व के नए स्रोत तलाशें, तकनीक का लें सहारा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारी कर चोरी रोकें और राजस्व के नए स्रोतों की तलाश करें। उन्होंने प्रदेश के राजस्व वृद्धि में तकनीक का सहारा लेने का सुझाव देते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली दो तिमाही में 92 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह पर संतोष जताया। मुख्यमंत्री ने बुधवार देर शाम अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की की समीक्षा की। उन्होंने 31 मार्च 2024 तक 2.62 लाख करोड़ के राजस्व संग्रह का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि इस वर्ष अब तक इसमें जीएसटी व वैट से 52 हजार करोड़, आबकारी से 20 हजार करोड़, स्टाम्प एवं पंजीयन से 13 हजार करोड़ और परिवहन से 4700 करोड़ रुपये से अधिक आय हुई है। सीएम ने कहा कि प्रत्येक विभाग ने गत वित्तीय 2022-23 की पहली दो तिमाहियों के सापेक्ष अच्छा राजस्व एकत्रित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्माण की गतिविधियां बढ़ रही है प्रदेश को इसका लाभ मिलना चाहिए। सीएम ने कहा कि राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है। जीएसटी की चोरी या अपवंचन की कोशिशों को रोकने के लिए सजगता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छापेमारी से पहले पुख्ता जानकारी जुटाएं और सूचना तंत्र को बेहतर करें। उन्होंने कहा कि इंफोर्समेंट के कार्यवाही की गोपनीयता भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब पर अंकुश लगाएं सीएम ने त्योहार के माहौल में अवैध शराब बनाने व बेचने पर कार्रवाई के लिए जिला और थाना की टीमों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।

### बालू मौरंग की कीमतों को नियंत्रित करें

मुख्यमंत्री ने बालू मौरंग और गिट्टी की कीमतों को नियंत्रित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उप खनिजों का कृत्रिम अभाव पैदा करने वालों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने खनन परिवहन करने वाले वाहनों में सख्ती से ओवरलोडिंग रोकने के निर्देश दिए।

### ईवी को प्रोत्साहन दें

मुख्यमंत्री ने स्कूल बसों, परिवहन निगम की बसों, नगर बसों और परिवहन के साधनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने और चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। सीएम ने परिवहन निगम में अनुबंधित बसों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

## मुख्य सचिव ने दिए निर्देश: 31 अक्तूबर के पहले गड्ढामुक्त हों यूपी की सड़कें, ड्रोन कैमरे के जरिये मंगवाएं फोटो

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए हो रहे कामों की समीक्षा बुधवार को की। उन्होंने 31 अक्तूबर तक हर हाल में सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी मौका मुआयना करने में तेजी लाएं। ड्रोन कैमरे के जरिये फोटो मंगवाएं। जल निकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। समय-समय पर सड़कों की गुणवत्ता की जांच भी की जाए। बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय मार्ग, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास, नगर विकास, आवास एवं शहरी नियोजन और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की 51,060 किमी सड़कों को गड्ढामुक्त करने और 33,720 किमी सड़कों को नवीनीकरण के लिए चिह्नित किया गया है। पीडब्ल्यूडी अब तक 20,916 किमी सड़कों को गड्ढामुक्त और 17,978 किमी सड़कों के नवीनीकरण का काम कर चुका है। अन्य संबंधित विभागों की 3,090 किमी सड़कों को गड्ढामुक्त और 19,448 किमी सड़कों का नवीनीकरण का कार्य भी हो चुका है। बैठक में प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल सागर और प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान भी मौजूद थे।

### अदालतों में लंबित वादों का कराएं प्राथमिकता से निस्तारण

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने राजस्व न्यायालयों में एक साल से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। वह बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि सितंबर में लगभग पांच लाख राजस्व वादों का निस्तारण किया गया है। इनमें से लखनऊ में सर्वाधिक 1,00,307, बलिया में 70,761, प्रयागराज में 65,771, गोरखपुर में 62,906 और गोंडा में 58,264 वादों का निस्तारण किया गया है। मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत बांदा के बिसंडा और महोबा के चरखारी ब्लॉक में शत प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन देने की प्रशंसा की। बैठक में बताया गया कि अब तक 65.45 प्रतिशत घरों को कनेक्शन दिए जा चुके हैं। बैठक में राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग, नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, राजस्व परिषद की आयुक्त मनीषा त्रिघाटिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दीपावली से पहले हो सकता है भूमि पूजन

मुख्य सचिव ने कहा कि वैश्विक निवेश सम्मेलन- 2023 का पहला भूमि पूजन कार्यक्रम दीपावली से पहले प्रस्तावित है। लिहाजा डीएम संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि पूजन के योग्य निवेश प्रस्तावों का सत्यापन करें। मुख्य सचिव ने कहा कि पीएम किसान योजना की 15वीं किस्त दीपावली से पहले मिलना प्रस्तावित है।

## सपा के पूर्व विधायक कांग्रेस में हुए शामिल



* सदस्यता दिलाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पार्टी में आने वाले हर व्यक्ति के मान-सम्मान की रक्षा की जाएगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपा से पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी और पूर्व विधायक गाजीपुर पशुपति नाथ राय ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दोनों पूर्व विधायकों ने कहा कि अब सर्व समाज की लड़ाई कांग्रेस ही लड़ सकती है इसलिए वे कांग्रेस का हाथ मजबूत करने के लिए पार्टी के साथ जुड़े हैं। सदस्यता दिलाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पार्टी में आने वाले हर व्यक्ति के मान-सम्मान की रक्षा की जाएगी। यूपी में सपा नेताओं के कांग्रेस के साथ जुड़ने को लेकर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बनाए गए आईएनडीआईए गठबंधन के भविष्य को लेकर कयास लगने लगे हैं। इसके पहले इमरान मसूद सहित कई अन्य चर्चित नेता भी कांग्रेस का हाथ थाम चुके हैं।

## आजम खां को सजा सुनाने पर अखिलेश की टिप्पणी, मुसलमान होने की मिल रही सजा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खां को मुसलमान होने की सजा मिल रही है। लेकिन, जुल्म ढाने वाले याद रखें कि नाइंसाफी के खिलाफ एक अदालत अवाम की भी होती है। इस सियासी साजिश के खिलाफ इंसाफ के कई दरवाजे अभी खुले हैं। अखिलेश ने एक्स के जरिये कहा कि आजम खां और उनके परिवार को निशाना बनाकर समाज के एक पूरे हिस्से को डराने का जो खेल खेला जा रहा है, जनता वो भी देख रही है। सबकुछ समझ भी रही है। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी लोग नहीं चाहते हैं कि शिक्षा को बढ़ावा देने वाले समाज में सक्रिय रहें। अखिलेश ने कहा कि आजम खां के ऊपर लगातार इसी वजह से हमला हो रहा है। भाजपा के नेता और कुछ बाहर से लाए गए अधिकारी उनके साथ पहले दिन से साजिश कर रहे हैं। आजम बड़े नेता है और बड़ा विश्वविद्यालय भी बना दिया, उन्हें इसी की सजा मिल रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा वाले यही चाहते हैं कि जिस तरह से वे कोई काम नहीं करते, उसी तरह से कोई और भी काम न करे। सिर्फ जाति व धर्म के नाम पर नफरत फैलाई जाए। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा के लोगों का भी यही कहना है कि आजम खां मुसलमान हैं, इसलिए उन्हें इस तरह की सजा का सामना करना पड़ रहा है। आजम खां और उनके परिवार को न्याय मिलेगा।

## कई आईएएस अफसरों के हुए तबादले, कुछ पीसीएस अधिकारी भी हुए इधर से उधर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




प्रदेश में कई आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। विशेष सचिव कृषि व यूपी एग्रो के एमडी रवि रंजन को विशेष सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी के साथ यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स के एमडी की जिम्मेदारी दी गई है। कन्नौज के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पवन मीणा को सहारनपुर का सीडीओ, बाराबंकी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित राजेश महाजन को लखीमपुर खीरी का सीडीओ, लखीमपुर खीरी के सीडीओ अनिल कुमार सिंह को विशेष सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, प्रतीक्षारत जसजीत कौर को अपर आयुक्त मेरठ बनाया गया है। इसके अलावा कुछ पीसीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। हालांकि, नियुक्ति विभाग ने तबादलों की आधिकारिक रूप से कोई सूचना जारी नहीं की है।


## अयोध्या-दर्शन नगर सेक्शन के दोहरीकरण कार्य के दौरान रेलगाड़ी संचालन योजना

लखनऊ मंडल के अयोध्या-दर्शन नगर सेक्शन के ट्रैक दोहरीकरण तथा इंटरलॉकिंग कार्यों के संबंध में उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 31.10.2023 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जाएंगे। इस अवधि के दौरान ट्रेन्स हैंडलिंग प्लान निम्नानुसार होगा :-

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 14231/14232 प्रयागराज संगम-बस्ती-प्रयागराज संगम मारवाड़ संगम एक्स. | 24, 25, 27, 28 30 एवं 31.10.2023 |
| 14213 वाराणसी-बहराइच इंटरसिटी | 29.10.2023 से 31.10.2023 |
| 14214 बहराइच-वाराणसी इंटरसिटी | 30.10.2023 से 01.11.2023 |
| 04241 मनकापुर जं.-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 31.10.2023 तक |
| 04242 अयोध्या कैंट-मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 19.10.2023 से 31.10.2023 |
| 04257/04258 मनकापुर जं.-अयोध्या- मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 31.10.2023 तक |
| 04259/04260 मनकापुर जं.-अयोध्या- मनकापुर जं. एक्सप्रेस विशेष | 31.10.2023 तक |
| 05425/05426 गोरखपुर जं.-अयोध्या-गोरखपुर जं. अनारक्षित विशेष | 19.10.2023 से 31.10.2023 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13307/13308 धनबाद जं.-फिरोजपुर कैंट-धनबाद जं. गंगा सतलज एक्सप्रेस | वाराणसी-जंघई जं.-प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ | 23.10.2023 से 30.10.2023 |
| 18103 टाटानगर-अमृतसर जं.-जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी-जंघई जं.-प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ | 23, 25 एवं 30.10.2023 |
| 15636 गुवाहाटी-ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी-जंघई जं.-प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ | 23.10.2023 एवं 30.10.2023 |
| 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस | वाराणसी-जंघई जं.-प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ | 25.10.2023 |
| 15934 अमृतसर जं.-न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | लखनऊ-प्रतापगढ़ जं.-जंघई जं.-वाराणसी | 27.10.2023 |
| 13010 योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | लखनऊ-प्रतापगढ़ जं.-जंघई जं.-वाराणसी | 23.10.2023 से 30.10.2023 |
| 13009 हावड़ा जं.-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी-जंघई जं.-प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ | 28.10.2023 से 30.10.2023 |
| 13238 कोटा-पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ-प्रतापगढ़ जं.-जंघई जं.-वाराणसी | 29.10.2023 |
| 19321 इन्दौर-पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ-सुलतानपुर जं.-जफराबाद जं.-वाराणसी | 28.10.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ-सुलतानपुर जं.-जफराबाद जं.-वाराणसी | 24, 26, 27 एवं 29.10.2023 |
| 15716 अजमेर जं.-किशनगंज जं. गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ-बाराबंकी जं.-गोंडा जं.-गोरखपुर जं.-आज़मगढ़ | 23, 24, 26 एवं 30.10.2023 |
| 14650 अमृतसर जं.-जयनगर सरयु यमुना एक्सप्रेस | लखनऊ-बाराबंकी जं.-गोंडा जं.-गोरखपुर जं.-छपरा जं. | 23, 25, 28 एवं 30.10.2023 |
| 05615 उदयपुर सिटी-गुवाहाटी ग्रीष्म विशेष | लखनऊ-बाराबंकी जं.-गोंडा जं.-गोरखपुर जं.-छपरा जं. | 25.10.2023 |
| 15023 गोरखपुर जं.-यशवंतपुर जं. एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.-गोंडा जं.-बाराबंकी जं.-लखनऊ | 24.10.2023 एवं 31.10.2023 |
| 13509 आसनसोल जं.-गोंडा जं. साप्ताहिक एक्सप्रेस | मऊ जं.-गोरखपुर जं.-गोंडा जं. | 24.10.2023 |
| 13510 गोंडा जं.-आसनसोल जं. साप्ताहिक एक्सप्रेस | गोंडा जं.-गोरखपुर जं.-मऊ जं. | 25.10.2023 |

### रेलगाड़ी का विनियमन

रेलगाड़ी सं. 15025 मऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस दिनांक 29.10.2023 को मार्ग पर 90 मिनट रोककर चलाई जाएगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 भारत 2023 INDIA

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


## नकल विहीन परीक्षा के निर्देश, एआई तकनीक से पकड़ा जाएगा नकलचियों को, होगी एफआईआर



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ नकलविहीन आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि जिला व पुलिस प्रशासन सक्रिय रहे, ताकि नकल माफिया सफल न हो। परीक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से फेस रिकग्निशन की व्यवस्था की जाए और इसके माध्यम से पकड़ में आने वाले डमी परीक्षार्थियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीईटी के संबंध में सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक कर रहे थे। अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की ओर से पीईटी का आयोजन 28-29 अक्तूबर को प्रदेश के 35 जिलों में किया जा रहा है। 1058 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा में दो लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने, प्रश्न पत्रों और ओएमआर शीट के सुरक्षित रखरखाव, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था आदि तैयारी समय से पूरी करें। अभ्यर्थियों के समय से परीक्षा केंद्र पहुंचने और आवागमन को लेकर रेलवे व परिवहन के अधिकारियों के साथ बैठक कर समुचित प्रबंध करें। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षा के लिए स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षक, कक्ष निरीक्षकों की ट्रेनिंग और ब्रीफिंग समय से की जाए। आयोग के अध्यक्ष प्रवीर कुमार ने बताया परीक्षा में 20 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोनों दिन सुबह 10 से 12 बजे तक और दोपहर तीन से पांच बजे तक प्रदेश के 35 जिलों में होगी। परीक्षा के लिए 1058 केंद्र बनाए गए हैं।

## वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

* राजधानी बसों का किराया 10 प्रतिशत होगा कम
* लोक सेवा आयोग को भेजा जायेगा समूह क एवं ख की भर्तियों का प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अध्यक्ष,प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में आज परिवहन निगम के सभागार कक्ष में निदेशक मण्डल की 246वीं बैठक सम्पन्न हुई, जिस पर पूर्व से संचालित 168 राजधानी बसों का किराया 10 प्रतिशत कम करने, यातायात अधीक्षक एवं यातायात निरीक्षक को 02 सेट वर्दी की धनराशिउपलब्ध कराने, निगम में नॉन टिकटिंग राजस्व में वृद्धि, निगम की अप्रयोज्य भूमि संसाधनों के मॉनीटाइजेशन ,राजस्व प्राप्ति कीसम्भावनाओं, ट्रांसपोर्ट प्लानिंग एवं आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों हेतु नीति-निर्धारण एवं अन्य अनुशांगिक कार्यवाहियों हेतु परामर्शी आबद्ध किये जाने का प्रस्ताव पास किया गया।चेयरमैन परिवहन निगम ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में समूह क एवं ख श्रेणी के रिक्त पदों की भर्ती हेतु लओक सेवा आयोग प्रयागराज से कराये जाने हेतु प्रस्ताव शीघ्र भेजा जायेगा। इसके अलावा परिवहन निगम में कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमितकर्मचारियों की भांति पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। दुर्घटनारहित संचालन करने वाले संविदा चालक परिचालक हेतु सुरक्षित चालन प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिमाह दुर्घटना शून्य भत्ता सम्मिलित होगा। दुर्घटना घटित होने के उपरान्त चालक परिचालक को उत्तम उत्कृष्ट प्रोत्साहन योजना से हटा दिया जायेगा।

## पुनरीक्षण अभियान हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं स्वीप के नोडल अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

* पुनरीक्षण कार्यकम के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार किया जाय एक्शन प्लान
* इलेक्ट्ररल लिटरेसी क्लब क्रियाशील कर 18 से 19 आयु वर्ग का शत-प्रतिशत कराएं पंजीकरण-निधि

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराये जाने एवं विभिन्न गतिविधियों के संबंध में बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व स्वीप नोडल अधिकारी एवं डेडिकेटेड सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी सभागार में चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि स्वीप योजना सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिताके अन्तर्गत पुनरीक्षण कार्यकम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु एक्शन प्लान तैयार कर लिया जाय। विशेष अभियान तिथियों का प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाय।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि आयोग के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों में गठित इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब को क्रियाशील किया जाय ताकि युवा मतदाता विशेषकर 18 से 19 आयु वर्ग का शतप्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। गठित क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु स्कूल व कालेज में विभिन्न गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, क्विज, निबन्ध, रंगोली आदि प्रतियोगिता तथा रैली, मैराथन इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नामित डेडीकेटेड सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा उनके निर्वाचन क्षेत्र में पड़ने वाले शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष अभियान चलाकर अर्ह मतदाताओं का पंजीकरण कराया जाय। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में स्थापित विभागों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों से यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि सभी अर्ह कार्मिकों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत हों तथा उनके परिवार के सदस्यों में अर्ह व्यक्तियों के नाम भी संबंधित मतदाता सूची में शत प्रतिशत पंजीकृत हो। जिन मतदाताओं के नाम में संशोधन अपेक्षित हो अथवा स्थान परिवर्तन हो तो उसे फार्म-8 के माध्यम से अपडेट कराये जाने हेतु जागरूक किया जाय तथा इस आशय का प्रमाण-पत्र भी संबंधित कार्यालयों से प्राप्त किया जाय। पंजीकरण की व्यवस्था ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों प्रकार की है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# यमुना नदी में गहराता प्रदूषण केजरीवाल सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है

**इस समय चल रहे नवरात्रि पर्व के समापन के बाद जब श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए आयेंगे तब भी उन्हें यमुना के प्रदूषित जल में झाग का ऐसा गुबार देखने को मिलेगा कि उन्हें भी किसी ग्लेशियर पर उपस्थित होने का अहसास होगा। बहरहाल, आस्था का महापर्व छठ भी आने वाला है। इस दौरान बड़ी संख्या में छठ व्रती यमुना के जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। जल प्रदूषित होने से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन लगता है राज्य सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है।**

*दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की नाकामियों के चलते यमुना नदी एक बार फिर सुर्खियों में है। हम आपको याद दिला दें कि इस साल मॉनसून के दौरान यमुना नदी में बाढ़ आई थी तो केजरीवाल सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए हरियाणा सरकार पर हथिनी कुंड बैराज से ज्यादा पानी छोड़ने का आरोप लगा दिया था। अब यमुना नदी में जल प्रदूषण का स्तर गहरा गया है तो जल्द ही इसका भी आरोप किसी और पर मढ़ दिया जायेगा। केजरीवाल सरकार ने यमुना नदी की सफाई के कितने ही वादे किये, तमाम तरह के फंड जारी करने की बात भी कही, यही नहीं चुनावों के दौरान अरविंद केजरीवाल ने वादा भी किया कि यदि यमुना साफ नहीं कर पाया तो मुझे वोट मत देना, लेकिन वह कभी भी अपने वादों पर खरे नहीं उतरे। हालत यह है कि आज यमुना नदी विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में शुमार है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में अक्सर शीर्ष स्थान पर बनी रहती है। देखा जाये तो दिल्ली में यमुना नदी का प्रदूषित जल और जहरीला झाग यह दर्शाने के लिए काफी है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दावों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। इच्छाशक्ति हो तो गंगा जैसी बड़ी नदी को भी प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है, यह संकल्प देश ने सिद्ध करके दिखाया है। इसलिए सवाल उठता है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की राह में ऐसी कौन-सी बाधाएं हैं जिनको केजरीवाल सरकार दूर नहीं कर पा रही है। देश की राजधानी की हवा और पानी यदि सर्वाधिक प्रदूषित की श्रेणी में आएं तो यह शर्म की बात है। केजरीवाल सरकार खुद को हिंदूवादी दर्शाने के लिए एक तरफ मोदी सरकार से मांग करती है कि नोटों पर श्रीगणेश और लक्ष्मीजी की तस्वीर प्रकाशित की जाये लेकिन दूसरी ओर दिल्ली में हिंदुओं के आस्था स्थलों की साफ-सफाई का बिल्कुल ख्याल नहीं रखती। अभी हाल ही में गणेशोत्सव के समापन के समय जब श्रद्धालु गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए यमुना के किनारों पर पहुँचे थे तब प्रदूषित जल में झाग के पहाड़ को देखकर ऐसा लग रहा था कि वह किसी ग्लेशियर पर खड़े हैं। इस समय चल रहे नवरात्रि पर्व के समापन के बाद जब श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए आयेंगे तब भी उन्हें यमुना के प्रदूषित जल में झाग का ऐसा गुबार देखने को मिलेगा कि उन्हें भी किसी ग्लेशियर पर उपस्थित होने का अहसास होगा। बहरहाल, आस्था का महापर्व छठ भी आने वाला है। इस दौरान बड़ी संख्या में छठ व्रती यमुना के जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। जल प्रदूषित होने से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन लगता है राज्य सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। इसलिए भाजपा सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा कालिंदी कुंज के पास यमुना की हालत का जायजा लेने पहुँचे। भाजपा नेताओं ने नाव से सवारी कर यमुना की स्थिति देखी और फिर केजरीवाल सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और स्थानीय नेता इसी प्रकार नाव से यमुना के प्रदूषण का जायजा लेंगे और राज्य सरकार पर निशाना साधेंगे, पलटवार में राज्य सरकार भाजपा पर निशाना साधेगी और यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी देगी। लेकिन यमुना प्रदूषित की प्रदूषित बनी रहेगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**शिवराज सिंह प्रदेश के एक मात्र लड़ाकू नेता है जो आमजनता के दिलो में राज करते हुए दिखाई दिए। अब जबकि भाजपा आलाकमान एमपी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने की बात कर रहा है। एक प्रकार से शिवराज के प्रति केंद्रीय नैतृत्व का उपेक्षित रवैय्या भाजपा को नुकसान पहुचा सकता है। कुलमिलाकर भाजपा हाईकमान का मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान को चेहरा घोषित नहीं करना, शिवराज जैसे बड़े नेता को चौथी सूची में जगह देना, चुनाव पूर्व अनुमानों में एजेंसियों का शिवराज सिंह को कमजोर बताना, कमलनाथ का अपनी सरकार गिरने के बाद लगातार भावुक अपील करते रहना।**

# शिवराज की पांचवी शपथ में कितने विघ्न, कितनी बाधाएं



योगेश कुमार गोयल

**लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत होती है। प्रदेश की जनता अपने वोट की ताकत से किस राजनीतिक पार्टी की सरकार बनाएगी। यह तो परिणामों के आने पर ही पता लग पाएगा। फ़िलहाल तो यह सवाल बना हुआ है। शिवराज पांचवी बार प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे या नही?**

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर अनेकों तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इन चर्चाओं को भाजपा आलाकमान की कार्यप्रणाली से अधिक बल मिलता दिखाई दे रहा है। एमपी की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह बना हुआ कि चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ग्रहण कर चुके प्रदेश के मामा याने की शिवराज सिंह चौहान पांचवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर पाएंगे या नहीं ? शिवराज की पांचवी शपथ में कितने विघ्न और कितनी बाधाएं है। शिवराज की राह में रोड़ा बनी इन विघ्न बाधाओं पर नजर दौड़ाई तो तो पाया कि एमपी में 17 नवम्बर को विधानसभा की 230 सीटों पर मतदान होना है। दिसम्बर की 3 तारिख को परिणाम घोषित होगा। विधानसभा चुनाव को अब जबकि एक माह से भी कम समय शेष है। प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा के आलाकमान की नीति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पीछे धकेलती दिखाई दे रही है। वह शिवराज जिन्होंने एमपी में सबसे अधिक समय मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड बनाया है। वह शिवराज जो एमपी से करीब 5 बार विदिशा से लोकसभा सदस्य रह चुके। वह शिवराज जो भाजपा के सांगठनिक पदों का भी लम्बा अनुभव रखते है। एमपी में मामा के नाम से विख्यात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जनता के परिचित और चुनाव जिताऊ चेहरे माने जाते रहे है। प्रदेश की राजनीति के अमृत समझे जाने वाले शिवराज क्या अब भाजपा के लिए अमृत नहीं रहे ? भाजपा आलाकमान की अब तक कि नीति तो यहीं दर्शाती प्रतीत हो रही है। जिसके अनुसार मुख्यमंत्री शिवराजसिंह को कमतर और किनारे करने की तस्वीर बनती दिखाई दे रही है। इसका उदाहरण 21 अगस्त को भोपाल के दौरे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गृह मंत्री अमित शाह से जब पत्रकारों ने पूछा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की और से मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा ? उन्होंने इसके जवाब में कहा शिवराज अभी मुख्यमंत्री हैं ही, चुनाव के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, ये पार्टी का काम है और पार्टी ही तय करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के बयान के सीधे मायने यह निकाले जा रहे है कि एमपी में शिवराज के चेहरे पर भाजपा 2023 का विधानसभा चुनाव नही लड़ने जा रही है। इसी क्रम में 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल हुए। भोपाल के जम्बूरी मैदान में 40 मिनिट दिए



**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह सच है की नरेंद्र मोदी अब भी प्रधानमंत्री पद हेतु जनता की पसंद बने हुए है। उसी प्रकार एमपी विधानसभा चुनाव में भाजपा की और से मुख्यमंत्री पद का सबसे बड़ा चेहरा शिवराज सिंह चौहान है।**

अपने भाषण में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम एक बार भी नही लिया। इसे लेकर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया की प्रधानमंत्री ने शिवराज के नाम और काम दोनों से कन्नी काट ली है। इन सब चर्चाओं के बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का चौथी सूची में विधानसभा उम्मीदवार के रूप में नाम घोषित होना भी इस बात का संकेत माना गया कि भाजपा आलाकमान यह मान चुका है कि शिवराज अब भाजपा के लिए अमृत नहीं रहे। अब वह परिस्थियां नही है कि उनके नाम से 2023 के विधानसभा चुनाव में विजय हासिल की जा सके। क्या भाजपा नैतृत्व को कुछ बड़े नेताओं के नाम जिसमे शिवराज भी शामिल है। पहली सूची में शामिलकर इन नेताओं की गरिमा बढाने की कोशिश नही करना चाहिए थी। इसके विपरीत केंद्रीय नैतृत्व उन्हें हलाहल (विष) मानता दिखाई दे रहा है। भाजपा द्वारा प्रदेश चुनाव में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गनसिंह कुलस्ते एवं कैलाश विजयवर्गीय जैसे बड़े चेहरों को मैदान में उतारकर प्रदेश में नए नैतृत्व के उभार की संभावनाओं को बल दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों ने शिवराज की पांचवी शपथ पर संदेह व्यक्त करना शुरू कर दिया है। इन संदेहों को शिवराज सिंह के बयानों से भी बल मिला, जब आदिवासी बाहुल्य डिंडोरी जिले उन्होंने एक कार्यक्रम में भीड़ से कहा %मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि मैं अच्छी सरकार चला रहा हूँ या बुरी। इस सरकार को आगे बढ़ना चाहिए या नहीं? मामा को मुख्यमंत्री बनना चाहिए या नहीं?% जनता से शिवराज के प्रश्न कहीं भाजपा आलाकमान को जवाब देने के लिए तो नहीं पूछे गए थे। इन सब कयासों के मध्य किसी भी प्रकार का पूर्वानुमान लगाना उचित नहीं होगा। शायद शिवराज के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ना भाजपा आलाकमान की एमपी को लेकर चुनावी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। वर्तमान भाजपा अपने रणनीतिक निर्णयों को लेकर जानी जाती है। पांच राज्यो में चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व आयोजित हो रहे है। इन चुनावों को सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है। मध्यप्रदेश देश का बड़ा राज्य है। चुनाव पूर्व अनुमान भी भाजपा आलाकमान के लिए परेशानी का सबब माने जा रहे है। एमपी में मिली पराजय भाजपा को लोकसभा में भी नुकसान पहुचा सकती है। इस लिहाज से एमपी में भाजपा की रणनीति प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ने की दिखाई दे रही है। यह रणनीति 2018 विधानसभा में भाजपा को मिली पराजय के मद्देनजर भी आलाकमान द्वारा बनाई गयी प्रतीत होती है। भाजपा आलाकमान की इन सब रणनीतियों के मध्य यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि एमपी में चार दफा मुखिया का दायित्व सम्भाल चुके शिवराजसिंह अब भी प्रदेश में भाजपा के सबसे बड़े चेहरे है। लाडली बहनों के भाई है। आम जनता के मामा को दरकिनार करना भाजपा हाईकमान को कहीं भारी न पड़ जाए। ऐसे समय जब शिवराज प्रदेश में अपने बल पर किला लड़ा रहे थे। प्रदेश में शिवराज के खिलाफ विरोध की लहर तो थी, किंतु शिवराज ही वह चेहरा है जिस पर प्रदेश की जनता का विश्वास है। आम आदमी सा लगने वाला शिवराज सिंह का चेहरा लाख विरोध के बावजूद भी प्रदेश की जनता की नजरों में बना हुआ है। मध्यप्रदेश में चुनाव पूर्व अनुमानों ने शायद आलाकमान को प्रदेश नैतृत्व को लेकर चुप्पी साधने पर मजबूर किया हो। आलाकमान ने शिवराज को चेहरा घोषित नहीं कर सरकार के खिलाफ आ रहे चुनाव पूर्व अनुमानों को सच मानने की मान लिया है।

### एक्सप्रेस कविता

*बगल में छुरी,मुंह में राम,*
*कितनी हुई, बात ये आम।*
*रात में जाम,फिर काम तमाम,*
*अल्प वस्त्र नारी,बेशर्मी आम।*
*निक्कमे लाडले,नशे का आलम,*
*कमाऊ पिता मात्र,मचा संग्राम।*
*स्खलित संवेदनाएं,मृत समाज,*
*मर्यादाये कुंठित,सब सरे आम।*
*कलयुगी परिदृश्य,भ्राता विद्वेषी,*
*भाइयों में द्वन्द,घर में कोहराम।*
*पाश्चात्य से प्रभावित हालात,*
*क्या होगा जग का अंजाम।*
*युवा घूमते सड़कों पर बिना काम,*
*अबला की लुटती इज्जत सरेआम।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*इस अफ़सोस के साथ न उठो कि कल आप क्या नहीं कर पाए, बल्कि इस सोच के साथ उठो कि आज आप क्या कर सकते हो।*



*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी 24:28 तक |
| नक्षत्र: | ज्येष्ठा 20:53 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सौभाग्य, 06:51 |
| सूर्योदय: | 06:27 |
| सूर्यास्त: | 17:43 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 13:30-14:54 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | आश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:43-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### मोड़ ये विनाशक !

*मोड़ ये विनाशक ।*
*जारी है प्रहार ।।*
*बम बारूद गिर रहे ।*
*बरस रहे अंगार ।।*
*की जिसने भी ग़लती ।*
*है आना परिणाम ।।*
*मिला त्वरित उनको ।*
*मिलना जो पैग़ाम ।।*
*जानती ये दुनिया ।*
*है किसका फसाद ?*
*सोचना था पहले ही ।*
*आज क्यों फरियाद ।।*
*जानबूझकर है छेड़ा ।*
*अब बनते मासूम ?।।*
*खेल अब ये खुल चुका ।*
*तय मचनी है धूम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रात में देर से सोने की आदत है तो हो जाएं सावधान, हृदय रोगों का बढ़ता है जोखिम



स्वस्थ रहने के लिए अच्छी और गहरी नींद लेना बहुत जरूरी होता है। जब आप रात में गहरी नींद लेकर उठते हैं, तो आपकी सुबह फ्रेश और तरोताजा रहती है। गहरी नींद लेने से मन शांत रहता है और तनाव भी दूर होता है। ऐसे में सेहतमंद रहने के लिए समय पर सोना और जानगा बहुत जरूरी होता है। लेकिन आजकल वर्क शेड्यूल या लाइफस्टाइल की वजह से अधिकतर लोग देर रात में सोते हैं और सुबह देरी से उठते हैं। इसका असर उनके स्वास्थ्य पर सीधे तौर पर पड़ता है। देर रात में सोने से शरीर को कई गंभीर नुकसान पहुंचते हैं। आपको बता दें कि अगर आप देर रात में सोते हैं, तो इससे हृदय रोगों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। एक रिसर्च में साबित हुआ है कि अगर आप रोज रात को 90 मिनट देर से सोते हैं, तो आपको हृदय रोगों का खतरा हो सकता है।

**क्या कहती है स्टडी?:** साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक नए अध्ययन से पता चला है कि देर रात में सोने से शरीर बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। रोज रात को 90 मिनट की देर से सोने से हार्ट अटैक या स्ट्रोक जैसी समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। देर से सोना हृदय को कैसे प्रभावित करता है? दरअसल, रात को 90 मिनट की देरी से सोने से रक्त वाहिकाओं को लाइन करने वाली कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। इससे हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। देर रात को सोने से हृदय रोग होने का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

**देर रात में सोने के अन्य नुकसान:** रात में देरी से सोने से डायबिटीज रोग का जोखिम भी बढ़ता है। इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। नींद की कमी इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ा सकती है। देर रात में सोने से हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत भी बढ़ सकती है। इससे आपका ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ सकता है। अगर आप रात को 90 मिनट की देरी से सोते हैं, तो हृदय से जुड़े रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। रात में देर से सोने से मोटापा बढ़ता है। इससे बॉडी मास इंडेक्स अधिक हो जाता है।

**अच्छी नींद लेने के तरीके:** अच्छी और गहरी नींद के लिए आपको तनाव से बचना चाहिए। रोजाना योग और एक्सरसाइज का अभ्यास करें। रात को सोते समय कैफीन का सेवन न करें। रात को हर्बल टी का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# वसुंधरा समर्थकों की नाराजगी बढ़ी तो भाजपा के लिए चुनाव जीतना मुश्किल होगा



रमेश सर्राफ धमोरा

**2022 में सहाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने रतनलाल जाट को टिकट दिया था। मगर इस बार लादूलाल पितलिया को प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव में पीतलिया ने निर्दलीय फॉर्म भरा था मगर बाद में समझाने पर चुनाव मैदान से हट गए थे।**

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल 41 सीटों में से 40 सीटों पर भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में हार गई थी। एकमात्र विद्याधर नगर की सीट पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी चुनाव जीते थे। मगर उनका भी टिकट काट दिया गया है। विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी, झोटवाड़ा से पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मांडल से पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, नगर से पूर्व विधायक अनिता सिंह, बांदीकुई से पूर्व विधायक अलका सिंह गुर्जर, सुजानगढ़ से पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, वैर से पूर्व विधायक रामस्वरूप कोली का टिकट कटने से वसुंधरा खेमे में नाराजगी व्याप्त हो रही है। टिकट कटने वाले सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। हालांकि भाजपा आलाकमान का कहना है कि हमने जो 41 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से 40 प्रत्याशी पिछले चुनाव में हार चुके थे। इनमें भी 11 सीट दातारामगढ़, कोटपूतली, झुंझुनू, सांचैर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, नवलगढ़, लालसोट, सपोटरा, बागीदौरा और बस्सी ऐसी विधानसभा सीट हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनाव से लगातार हार रही है। इन 41 सीटों में 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट ही जीती थी। वहीं 2013 में 25 सीट व 2008 में

**देवली-उनियारा सीट पर गुर्जर नेता रहे कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला को टिकट देने पर पिछली बार भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र गुर्जर काफी नाराज है तथा खुलकर अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए विजय बैसला को बाहरी प्रत्याशी बताकर उनका विरोध कर रहे हैं। सांचैर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने पर 2018 में चुनाव लड़े दानाराम चैधरी के समर्थक तो देवजी पटेल के साथ मारपीट तक कर चुके हैं।**

5 सीटो पर ही जीत पाई थी। अपने हार के आंकड़ों को सुधारने के लिए ही भाजपा ने इस बार इन 41 सीटों पर बड़ा फेरबदल किया है। इन 41 सीटों में से 29 सीटों पर इस बार भाजपा ने नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें से 6 प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय या अन्य दलों से चुनाव लड़े थे। इनमें से कई ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो पिछले चुनाव में तीसरे नंबर पर आए थे। लेकिन फिर भी उनको पार्टी टिकट दे दी गई है। अभी तक भाजपा द्वारा घोषित किए गए 41 प्रत्याशियों में 6 लोकसभा के मौजूदा सांसदो को टिकट दिया गया है। जिसमें जयपुर ग्रामीण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर को झोटवाड़ा से कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया के सामने, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा में राज्य खाद्य निगम के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव के सामने, जालौर सांसद देवजी पटेल को सांचैर से मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से निर्दलीय विधायक सुरेश टांक के सामने, झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा से कांग्रेस विधायक रीटा चौधरी के सामने, राजसमंद सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा को सवाई माधोपुर से कांग्रेस के विधायक दानिश अबरार के सामने, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली को वैर से कैबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव के सामने उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा का मानना है कि अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के सामने सांसदों को प्रत्याशी बनाने से चुनाव में कांटे की टक्कर हो जाएगी। ऐसे में सरकार के मंत्री दूसरी सीटों पर प्रचार करने के लिए नहीं निकाल पाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के सामने भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सीकर से तीन बार सांसद रहे सुभाष महरिया को प्रत्याशी बनाया है। सुभाष महरिया 2013 के विधानसभा चुनाव में गोविंद सिंह डोटासरा से पराजित हो चुके हैं। भाजपा ने जिन 41 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें से अधिकांश सीटों पर टिकट की दावेदारी जता रहे प्रत्याशियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। कई सीटों पर तो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी है। जिससे भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। भाजपा ने झुंझुनूं सीट पर पिछली बार चुनाव लड़े राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े निषित उर्फ बबलू चौधरी को टिकट दिया है। जिससे नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। मंडावा में सांसद नरेंद्र कुमार को टिकट देने से 2019 के विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रही सुशीला सीगड़ा, पूर्व प्रधान गिरधारी खिचड़ ने भी बगावती राग अलापना शुरू कर दिया है। जयपुर के झोटवाड़ा सीट पर तो पूर्व मंत्री राजपाल सिंह का टिकट कटने के बाद उनके समर्थको ने सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाकर विरोध जता रहे हैं। कोटपूतली से टिकट कटने पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

# इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदिशा द्वारा मनाया गया डांडिया उत्सव कार्निवल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदिशा द्वारा डांडिया उत्सव कार्निवल थीम पर वंदन गार्डन में मनाया गया।ये इस तरह का पहला डांडिया लखीमपुर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का थीम फ्लावर प्रिंट था जिस में सभी बहुत आकर्षक लग रहे थे। कार्यक्रम का आरंभ चार्टर प्रेसिडेंट साथ ही वर्तमान प्रेसिडेंट कुमकुम गुप्ता व पूर्व अध्यक्ष पूजा निगम ,सपना कक्कड़ ,जुबली जैन, विभा श्रीवास्तव , विभा सक्सेना ने गणेश जी को माला पहनाकर दीप प्रज्वलित करके किया।इस के पश्चात पंचुअलिटी समय पर आए लोगो के बीच निकली गई जिस में 5 लोगो को उपहार दिए गए।सभी मेहमानों का स्वागत जुबली जैन द्वारा हाथ से बने हुए फूलों की माला व ब्रेसलेट पहनकर किया गया ।मंच का संचालन श्रद्धा गोदवानी ने बहुत सुंदर तरीके से गेम किया साथ ही बीच बीच गेम भी क्लब सदस्य अरुणा अग्रवाल और लता अग्रवाल द्वारा किए गए। क्लब मेंबर द्वारा और क्लब सदस्य के बच्चों द्वारा भी सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में डांडिया और बीच बीच गेम ने समा बांध दिया लोगो का जोश देखने वाला था।इस अवसर पर क्लब द्वारा कुछ प्रोजेक्ट भी किए गए एक जरूरतमंद लड़की को रूई की बत्ती व रेसिन का और क्ले के समान को देकर बनवाया गया साथ ही शॉप लगवाई गई ताकि वो समान बेच कर अपने कार्य को आगे बढ़ा सके दूसरे प्रोजेक्ट में एक कन्या के विवाह हेतु शादी के शगुन का समान दिया गया।आयुषी द स्माइल फाउंडेशन की तरफ से अलमारी व क्लब सदस्य द्वारा बहुत से सामान दिए गए । क्लब की नई सदस्य शिखा जी द्वारा कन्या को चांदी की पायल, बिछिया, गुच्छा , सेट, अंगूठी दी गई ।कन्या के घर वाले खुश हुए और क्लब को धन्यवाद दिया। तीसरा प्रोजेक्ट जो क्लब द्वारा किया गया उस में एक व्यक्ति को ठेला दिया गया जिससे उसके रोजगार में सहायता मिल जाए और वह अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर सके। साथ एक बहुत सुंदर प्रोजेक्ट इनर व्हील की ब्रांडिंग का किया गया जिस मैं एफएम टावर पर इनरव्हील का लोगो लगाया गया।इसके पश्चात क्लब सदस्यों की मां व सासू मां के आने पर उन सभी को गेम खिलाकर ,नृत्य करा कर , उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया सभी बहुत आनंदित हुए। चारों तरफ खुशनुमा मस्ती का माहौल था । कार्निवल थीम व डांडिया थीम पर सजावट का कार्य कनक बरनवाल ,सारिका गुप्ता, मीनू गुप्ता ,रत्ना गुप्ता द्वारा किया गया जो बहुत ही आकर्षक था। लोगो ने बहुत प्रशंसा की जुबली जैन, गरिमा गुप्ता ,अंशुल गुप्ता ,सचिव दीपाली गुप्ता ,तनु गुप्ता के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के बीच में समता मेहरोत्रा और अंशुल गुप्ता ने एक प्रस्तुति की जिस को सभी मेंबर्स ने डांस और मस्ती के साथ एंजॉय किया। कल की शाम क्लब के सदस्यो के साथ साथ आने वाले मेहमानो के लिए एक यादगार शाम बन गई। कार्यक्रम का समापन फलाहार नाश्ता व खाना से किया गया।

# बिजुआ टेड़ेश्वर शिव मंदिर पर किया जा रहा नव दिवशीय माँ दुर्गा जागरण

जन एक्सप्रेस । मनोज कुमार मिश्रा



**बिजुआ-खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के कस्बा बिजुआ स्थित प्राचीन शिव मंदिर जो टेड़ेश्वर मानस मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है ।शरदीय नवरात्र के अवसर पर भक्तो ने टेड़ेश्वर मानस मंदिर पर नव दिवशीय दुर्गा जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया बताते चले कस्बा बिजुआ निवासी श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर को रंग विरंगी लाइटों से सजाया इस मंदिर को नव दुर्गा के अवसर पर गांव के भक्तो ने पंडाल में माता दुर्गा ,गणेश, लक्ष्मी की स्थापना की। पंडित महेंद्र कुमार शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन करवाया ।पंडाल को श्रद्धालुओं ने पुष्प मालाओं रंग विरंगी लाइटों से सजाया जो मनमोहक , सुहावना और मन को भावविभोर करता है।टेढ़ेश्वर मानस मंदिर पर गायक कलाकार लवखा,अंकित,शैलेन्द्र प्रजापति,राजीव प्रजापति ,व बाहर से आई इंद्रेश शावरिया झाँकी ग्रुप द्वारा नव दुर्गा जागरण के तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा नव दुर्गा रूप की पूजा अर्चना के बाद आये हुए कलाकारों द्वारा श्री राम दरबार वीर हनुमान की झांकी,राधा कृष्ण ,सुदामा झांकी ,मां विकराल रूप कली देवी की मनमोहक झांकिया व गीत प्रस्तुत किये गए ।जिन्हें देख कर आये हुए श्रद्धालु भावविभोर व मगन होकर जयकारों के साथ तालिया बजाने लगे।इस जागरण को देखने के लिए हजारों भक्तो की भीड़ मंदिर प्रांगण में एकत्र हो गई जिन्होंने कलाकारों की प्रसंसा कर आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मंदिर के पुजारी पंडित महेंद्र कुमार शुक्ला,सुनील कुमार शुक्ला, मस्त राम बजपेई, सुशील कुमारअवस्थी, संजय त्रिपाठी,रवी श्रीवास्तव,राकेश कुमार कश्यप , मनोज गुप्ता,बल्लू गुप्ता ,संत कुमार पटेल ,अनिल कटियार,व सहयोग कर्ता समस्त ग्राम वासी रहे।कार्यक्रम के आयोजक कर्ताओ ने बताया कि यह जागरण का कार्यक्रम नवरात्रि के समापन तक चलता रहेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाकियू (चढूनी) के जिला अध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं को लेकर दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

जन एक्सप्रेस/बिजुआ खीरी। भारतीय किसान यूनियन ( चढूनी )लखीमपुर खीरी गुट के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोला को सौंपा ज्ञापन में प्रमुख रूप से गन्ने का भुगतान ,धान की खरीद में हो रही धांधली को रोकने ,कर्ज वसूली को लेकर किसानों का उत्पीड़न रोकने, छुट्टा पशुओं



की समस्या एवं पराली के निस्तारण की समुचित समाधान के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे किसानों के उत्पीड़न को रोकने ,सहित बजाज चीनी मिल के किसानों की गन्ना आपूर्ति नकद भुगतान करने वाली निकटतम चीनी मिलों में संबद्ध कराए जाने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही 15 दिनों में समस्याओं का निस्तारण न होने पर क्षेत्र के किसानों की बड़ी संख्या के साथ बड़े आंदोलन करने की चेतावनी दी । इस मौके पर. बलकार सिंह जिला अध्यक्ष, मनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, उत्तम यादव, हरपाल सिंह, जगबीर सिंह भदौरिया, जसवीर सिंह, गेंदन लाल,अनूप यादव, सुरेंद्र कुमार, पुनीत वर्मा, जसपाल भदोरिया, जितेंद्र पटेल, पंकज कुमार, गौतम राकेश कुमार, सहित क्षेत्र के सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

### वायरल वीडियो पर जागा प्रशासन



जन एक्सप्रेस/रेहरिया-खीरी। रेहरिया क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस चौकी रेहरिया के लगभग डेढ़ सौ मीटर दूरी पर गोला मोहम्मदी रोड के पूर्व ओर एक बाग में बने कुए के खड्डे में नीलगाय कल रात्रि में में गिर गया था वीडियो वायरल होने पर प्रशासन ने उसको निकल बाया गया इस मौके पर वन विभाग डिप्टी रेंजर सुरेंद्र पाल गौतम , विनोद सिंह, जनता के सहयोग से नील गाय को निकाला गया।

### एचडीएफसी की तरफ से लगाए एक दिवसीय लोन मेले का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। एचडीएफ सी बैंक की तरफ से एक दिवसीय लोन मेले का आयोजन किया गया। मेले में एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर दीपेंद्र श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मेले में आए हुए ग्राहकों को बताया जरूरत मंदो के लिए कम ब्याज दर का उठाए फायदा सभी प्रकार के लोन पर ऑफर आज से शुरू है जो कि



पूरे फेस्टिवल सीजन दिवाली तक चलेगा। बता दे मोहम्मदी रोड पर नया बाईपास पटेल चौराहा मोहम्मद फिरोज सीएससी सेंटर पर एचडीएफसी का बैंक लोन मेला लगा जिसका उद्घाटन गोला एच डी एफ सी बैंक के ब्रांच मैनेजर दीपेंद्र श्रीवास्तव और सौरभ मेहरोत्रा एरिया हेड एच डी एफ सी बैंक ने फीता काट कर किया मैले का उद्घाटन इस मेले में विभिन्न प्रकार के लोन प्रोडक्ट को दर्शाया गया जैसे कि किसान गोल्ड कार्ड, गोल्ड लोन ,कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन, टू व्हीलर लोन ट्रैक्टर लोन कर लोन इत्यादि दो प्रकार के लोन ऑफर दिए जा रहे हैं मौके का फायदा उठाएं।

### सती चरित्र का प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर

जन एक्सप्रेस/पाली,हरदोई। सहजनपुर गावं स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सती चरित्र के प्रसंग को सुनाया गया। नैमिष धाम से पधारे कथा व्यास बजरंगी महाराज ने प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा किसी भी स्थान पर बगैर निमंत्रण जाने से पहले इस बात का स्मरण होना आवश्यक है कि उस स्थान पर आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। अपमान



जैसी किसी भी आशंका होने पर ऐसे स्थान पर जाने से परहेज करना चाहिए। फिर वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का घर क्यों न हो। कथा व्यास ने आगे सुनाया माता सती अपने पिता के घर बगैर निमंत्रण के यज्ञ में शामिल होने पहुंच गई थी। जबकि भगवान शिव ने उन्हें जाने से रोंका था, लेकिन वह शिव की बात न मानकर वहां पहुंच गई। जहां अपमानित होकर उन्हें स्वयं को अग्नि में स्वाहा होना पड़ा। उन्होंने बताया श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने मात्र से जीवन के विकार दूर होते हैं। भगवान की भक्ति ही जीवन की मुक्ति का एक मात्र साधन हैं। उन्होंने श्रष्टि वर्णन का भी प्रसंग सुनाया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा पांडाल पहुंचकर कथा श्रवण की।

# पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने धरने को अपना दिया समर्थन

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन




**लखीमपुर खीरी।** तराई संघर्ष महासंघ के बैनर तले सिंघिया फॉर्म गांव में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन धरना स्थल सिंघिया फार्म पर पहुंचे पूर्व सांसद जफर अली नकवी ने इस धरने को अपना समर्थन देते हुए बिजुआ तथा फूल बेहड़ ब्लॉक के दर्जनों गांव जो बाढ़ एवं कटान से प्रभावित हैं उनके स्थाई समाधान के लिए उपस्थित ग्राम वासियों की मांगों के समर्थन में शासन एवं प्रशासन से पैरवी करने का भरोसा जताया । साथ ही श्री नकवी ने कहा कि ग्राम खगईपुरवा, खाम्भी, रंडउहा, बसहा, बड़ागांव, बहालीपुरवा, मेहंदी, ग्रंट- 12, जौहरा, करसौर, गुजारा, सिंधिया फार्म, बेलहा, सिकटिहा, चकपुरवा, नयापुरवा सहित कई दर्जन गांव के बाढ़ पीड़ित अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए हैं।( शारदा नदी से हर साल होने वाले बाढ़ कटान का स्थायी समाधान निकाला जाए। बरसात के सीजन में कई एकड़ फसल और दर्जनों घर नदी में समा चुके हैं। प्रशासन ने नदी किनारे के गांवों को डूब क्षेत्र कह कर बाढ़ रोकने की कोई कोशिश नहीं की। धरने के समर्थन में श्री नक़वी के साथ कैप्टन मोनिस नक़वी, ज़िला कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि तिवारी, पूर्व जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष कोमल सिंह, हफ़ीज़ खां,गुरदीप सिंह, सुरेंद्र शुक्ला,ओम प्रकाश मौर्या,तथा दर्जनों ग्राम के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भव्य विज्ञान मेले का हुआ आयोजन

* छोटे छोटे छात्रों ने बनाएं विज्ञान से जुड़े प्रोजेक्ट तो बड़े छात्रों ने मंगलयान पर मानव जीवन,चंद्रयान को लैंड कराने की प्रदर्शनी



जन एक्सप्रेस । अख्तर अली

**निघासन खीरी।** कस्बे के द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज प्रांगण में विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने पहुँचकर छात्रों की प्रतिभा देखी।कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों ने तरह -तरह के विज्ञान से जुड़ी प्रदर्शनी को दिखाया। इसमें ज्वालामुखी, सौर मंडल, बोटोनिकल गार्डन, चंद्रयान, स्ट्रीट लाइट, न्यूक्लियर पावर, लेसर अलार्म सिस्टम, ट्रैफिक रूल्स, वाटर प्यूरीफायर, लंग्स वर्किंग मॉडल, इलेक्ट्रिक डिटेक्टर, रैन डिटेक्टर, रॉकेट वर्किंग मॉडल, ग्लोबल वार्मिंग आदि के प्रोजेक्ट और मॉडल्स छात्रों ने बनाएं।कार्यक्रम का संचालन मोहसिन शेख ने किया।वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए और सभी बच्चों की सराहना की।उन्होंने बताया कि निघासन जैसे इलाके को पिछड़ा मानता था लेकिन छात्रों की प्रतिभा के आगे निघासन सर्वोत्तम बन गया।यहां के छात्र एक वैज्ञानिक की तर्ज पर चल रहे है।सभी प्रोजेक्टों के बारे में जिस तरह से छात्रों ने समझाया।उसमें उनका आत्मविश्वास झलक रहा है यहीं वैज्ञानिक की सोंच होती है।इसके अलावा इस कार्यक्रम में 5 जज नियुक्त किए गए, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार सिंह,यज्ञ भूषण सिंह दिनेश चंद्र जोशी, अखिलेश चतुर्वेदी, तथा आलोक ने अपना फैसला सुरक्षित रखा । विज्ञान मेले में जिला पंचायत इंटर कॉलेज, रामाधीन इंटर कॉलेज राजकीय खैरीगढ़ सहित कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य, विद्यालय के प्रबंधक, व्यवस्थापक, सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# मंडी समिति में खाद्य विभाग के सेंटरों पर खरीदे गए धान

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में 3 अक्टूबर से अब तक खाद्य विभाग के नौ सेंटरों पर धान खरीद हुई हैं।अन्य सेंटर सूने पड़े हैं।कृषि उत्पादन मंडी समिति में विभिन्न एजेंसियों के 33 धान खरीद केंद्र स्थापित हैं। जिन पर एक सप्ताह तक खरीद शून्य रही। क्षेत्रीय कृषि विपणन अधिकारी सुभाष चंद्रा ने बताया कि खाद्य विभाग के नौ सेंटरों पर अब तक ढाई सौ क्विंटल खरीद की जा चुकी है।सोमवार को भी मंडी स्थित धान खरीद केंद्र पर तौल की जा रही थी।खाद्य विभाग के अलावा अन्य एजेंसियों के 24 सेंटर सुनने पड़े हैं।इसी बीच मौसम ने करवट ली और एकाएक हुई बारिश से लगभग एक ट्राली धान भीग गया। केंद्र प्रभारी ने तत्काल तिरपाल एवं प्लास्टिक की झिल्ली आदि मजदूरों से डलवा कर डालकर उसे धन को सुरक्षित किया गया। तेज आंधी के साथ आई बारिश में घोर अंधेरा छा जाने के कारण कार्यालय में अंधेरा छा गया लिखा पढ़ी करने के लिए और धान देखने के लिए कर्मचारियों को टोर्च की रोशनी का प्रबंध करना पड़ा।इधर अवस्थाओं के दौर में गुजर रहे सेंटरों पर कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव के द्वारा उचित लाइट और जनरेटर की कोई भी प्रबंधन व्यवस्था नहीं की गई है जिससे कृषि केंद्र पर लगे सेंट्रो के अधिकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# पुलिस ने 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया खुलासा

* चोरी की तीन बाइक एक पंपिंग सेट दो सोलर पैनल एक बैटरी बरामद

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बिलग्राम पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत व्यक्ति मदनपाल पुत्र चेतराम निवासी ग्राम खाले पुरवा की मोटरसाइकिल को कुछ अज्ञात चोरों द्वारा कानपुर साड़ी सेंटर कस्बा बिलग्राम के सामने से चोरी कर ले गए थे।जिसका पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि कोतवाली बिलग्राम में चोरी का मुकदमा अज्ञात पंजीकृत किया गया था चोरी की इस घटना का बिलग्राम पुलिस टीम द्वारा गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक कर सभी पहलुओं की गहनता से जांच पड़ताल की बिलग्राम पुलिस ने म्योरा मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी छिबरामऊ की ओर से तीन संदिग्ध व्यक्ति बाइक लेकर आ रहे थे तभी म्योरा मोड़ के पास पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था जहां पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्तियों को म्योरा मोड़ के निकट रजनीश उर्फ गोरेलाल पुत्र बाबू राम निवासी ग्राम पुन्ना पुरवा थाना बिलग्राम, विमल पुत्र कैलाश निवासी ग्राम शिकवा कोतवाली शहर जनपद कन्नौज, छोटू पुत्र इरफान निवासी ग्राम कपूरपुर कोतवाली शहर जनपद कन्नौज को म्योरा मोड़ के निकट गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी रजनीश की जामा तलाशी पर उसके कब्जे स तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद कर पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए तीनों व्यक्तियों से कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि तीनों अभियूक्त साथ मिलकर 29 सितंबर को कस्बा बिलग्राम स्थित कानपुर साड़ी सेंटर के सामने चोरी की गई बाइक बरामद की गई।

# नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को मिलेगी शक्ति

जन एक्सप्रेस । हरदोई



सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के तहत फेज 4 के तहत स्थानीय पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल कॉलेज व चौपालों पर महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय थाने की महिला सिपाही आशु देवी द्वारा क्षेत्र के कुरसेली में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवम महिला हेल्प लाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1076, 1930, 102, 108, नंबरों के बारे में गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बीसी सखी योजना , कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, महिला पेंशन योजना आदि के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि अब बिटिया किसी की भारु नही रहेगी , हर परिवार की बिटिया तरक्की की एक नई कहानी लिख रही है । विद्यालय में बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा रास्ते में आते जाते समय अगर कोई आपको परेशान करे पीछा करे या फब्तियां कसे फोन पर परेशान करे गलत तरीके से छुए गलत तरीके से घूरे तो घबराएं नहीं आप स्थानीय थाने के सीयूजी नंबर या उपरोक्त दिए गए पर तत्काल सूचित कर भीड़भाड़ वाली जगह पर रुके जल्द से जल्द पुलिस आपके पास पहुंचकर आपकी सहायता करेगी । थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने बताया कि शासन की मंशानुरूप महिला सशक्तिकरण को लेकर मिशन फेज 4 के तहत गांव गांव कार्यक्रम चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है।

## बाइक सवार दंपती से मारपीट का आरोप रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र के बाइक सवार दम्पति ने घर जाते समय रास्ते मे हरपालपुर थाना क्षेत्र के पलिया गांव के पास सड़क पर दो लोगो द्वारा मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।मामले की जांच उपनिरीक्षक रफीक अहमद को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बारान गांव निवासी कल्लू पुत्र बलवीर ने थाने पर दी गयी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि बीती 16 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे वह अपनी पत्नी सन्नो के साथ बाइक पर सवार होकर हरपालपुर से अपने घर जा रहा था। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक रफीक अहमद को सौंप दी है।

# कला संकाय के प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

युवराज दत्त महाविद्यालय,लखीमपुर में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम की श्रृंखला में बुधवार को कला संकाय के प्रथम सेमेस्टर में %अध्ययनरत वि?द्यार्थियो के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत कुमार पाल एवं चीफ़ प्रॉक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दीक्षारम्भ कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने सफलता के लिए कठिन परिश्रम ,समय प्रबंधन व अनुशासित जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति पंत ने एन्टी रैगिंग नियमावली के विषय में विस्तार से बताया साथ ही महिला सशक्तीकरण व राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो0 संजय कुमार ने महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग समिति की कार्ययोजना की जानकारी देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से छात्र छात्राओं कोअवगत कराया। असिस्टेंट प्रो0 सौरभ वर्मा ने दीक्षारंभ के महत्व को रेखांकित हुए सेज (ड्लश्) प्रणाली अर्थात् सामाजीकरण संबद्धता, नियामकता एवं अनुभवात्मक शिक्षण प्रणाली पर प्रकाश डाला।सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो0 नीलम त्रिवेदी ने उपस्थित छात्राओं को पठन-पाठन के




साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो0 नूतन सिंह ने असाइनमेंट लेखन एवं छात्र परिषद विशेषकर इतिहास छात्र परिषद की कार्य विधि एवं महत्व को रेखाकित किया।असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार ने जीवन में खेल के महत्व को बताते छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली के साथ जीने के लिए प्रेरित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर धर्म नारायण मे विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे अनिवार्य को-कुरिकुलर एवं वोकेशनल पाठ्यक्रमों की जानकारी देने के साथ ही बेवसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए महा विद्यालय से लगातार संपर्क में रहने के लिए प्रेरित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर मानवेंद्र यादव ने जीवन में पुस्तकों के महत्व एवं पठन पाठन के दौरान वि?द्यार्थियों से शिक्षकों की अपेक्षाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की विकास यात्रा से परिचित कराते हुए महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन के साथ - साथ मौलिक एवं प्रासंगिक समस्याओं के समाधान हेतु विचार करते रहने के लिए प्रेरित किया।इसीक्रम में प्राचार्य प्रो हेमंत पाल ने उपस्थित सभी को अमृत काल के पंच प्रण की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का संयोजन एवं सफल संचालन महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. विजय प्रताप सिंह, मोहम्मद आमिर, रचित कुमार तथा अनुशासन मण्डल के सदस्य डॉ अमित सिंह,दीपक कुमार बाजपेई, विनयतोष गौतम सहित बड़ी संख्या में छात्र ,छात्राएँ उपस्थित रहे।

# डीएम ने किसान दिवस में किसानों की सुनी समस्याएं

**खाद बीज की ना हो कालाबाजारी: डीएम**

जन एक्सप्रेस | उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में **किसान दिवस** का आयोजन विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं का निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए के किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि रवि की बुवाई का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है, किसानो को रोस्टर अनुसार विद्युत आपूर्ति दी जाए। साथ ही खाद व बीज की पर्याप्त व्यवस्था रहे। जिससे आसानी से किसानों को उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नहर में निर्धारित समय पर पानी दिया जाए। जिससे किसान अपनी फसल के लिये पलेवा कर सके। उन्होंने कहा कि किसानों को मूलभूत सुविधाएं समय से मुहिया कराना शासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद बीज की कालाबाजारी व भंडारण करने वालों पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित रहे। उन्होंने एक्सईयन विधुत को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में रोस्टर अनुसार निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे। किसानों द्वारा विद्युत विभाग, नहर विभाग, नलकूप विभाग, लघु सिचाई, फसल बीमा, अन्ना जानवरों एवं अन्य से सम्बन्धित समस्यायें बतायी गयी। जिस जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि रवि की सीजन की बुवाई प्रारंभ हो गई है, निजी पशुपालक अपने गोवंशों को खुला न छोड़े अपने स्तर से भी निजी पशुपालकों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशो को पकड़ कर संबंधित गौशालाओं में संरक्षित कर रहा है। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्ता युक्त खाद बीज उपलब्ध कराने हेतु व किसानों की समस्या एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका टेलीफोन नंबर 05162-298393 पर प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 तक शिकायत दर्ज करवाकर समस्या का निस्तारण कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, बलराम सिंह लम्बरदार, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, द्विजेन्द्र सिंह, दिनेश प्रताप सिंह गौर, सूर्यनायक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान की हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र ग्राम ककरोली में खेत पर जा रहे अधेड़ किसान की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नदीगांव थाना क्षेत्र ग्राम ककरोली निवासी किसान बुद्ध सिंह 50 वर्ष रोज की तरह बुधवार सुबह अपने खेत पर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में ही झूल रही जर्जर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से झुलस कर अचेत हो गया। घटना के बाद हड़कंप मच गया और उन्होंने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। मामले की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए, और वह उसे अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक के पुत्र आसन ने बताया कि घटना बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हुई है। क्योंकि हाईटेंशन लाइन में झाड़ियां लिपट गई है और उन्हीं झाड़ियां से करंट उतर आया।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकर्ताओं में हुई मारपीट

**बीच सड़क पर जमकर हुई हाथापाई, वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल**

जन एक्सप्रेस | कालपी

कोतवाली क्षेत्र में स्थित गेस्ट हाउस के बाहर भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं में किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई और मारपीट का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित राम वाटिका गेस्ट हाउस के बाहर भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र सरकार द्वारा विशेष सत्र में पास कराए गए। महिला आरक्षण बिल पर महिलाओं को अवगत कराना था। बल्कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद भानु प्रताप वर्मा भी पहुंचे थे। मगर इस कार्यक्रम में पहुंची भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने गया। जो देखते ही देखते जंग का अखाड़ा बन गया और महिलाएं गेस्ट हाउस के बाहर आकर बीच सड़क पर एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगी, और दौरान उनके बीच जमकर मारपीट हुई। घटना को देख मौके पर पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को हटाने का प्रयास किया। लेकिन वह एक दूसरे के साथ हाथपाई और बाल खींचती रही। इसी दौरान भाजपा महिला मोर्चा की



महिलाओं के साथ आये कुछ पुरुषों ने भी महिलाओं को ही पीट दिया। इस दौरान मारपीट का वीडियो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट करने वाली महिलाओं को अलग कराया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। वही इस मारपीट का वीडियो जैसे ही वायरल हुआ, तो भाजपाईयों की किरकिरी होने लगी। सोशल मीडिया पर लिखा जा रहा है कि जो पार्टी अपने अनुशासन और मर्यादा की बात करती है, इस पार्टी के कार्यकर्ता आपस में जमकर बीच सड़क पर लड़ रहे हैं। वही इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित से जानकारी लेनी चाही मगर उनका फोन लगातार व्यस्त रहा। जिस कारण घटना की असली वजह और मारपीट करने वाली महिलाओं के बारे में सही से जानकारी नहीं हो सकी।

# अवैध खनन व परिवहन को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: डीएम

जन एक्सप्रेस | उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन व परिवहन के प्रभावी अंकुश लगाने सम्बंध में समस्त एसडीएम, सीओ, खान अधिकारी व एआरटीओ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के क्रम में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जनपद में अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाते हुए वैध खनन को प्रेरित कर राजस्व में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी हाल में अवैध खनन व परिवहन को बर्दाश्त नही किया जाएगा। बिना रॉयल्टी के माल बेचने वालों पर एफआईआर के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बार बार अवैध खनन करने वाले लाइसेंस धारकों का पट्टा निरस्त के साथ दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बिना रॉयल्टी एवं फर्जी रॉयल्टी वालों को किसी भी हालत में बख्सा न जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में किसी भी सूरत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त वाहनों और क्रेशरों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन करते समय एनजीटी के नियमों का पूर्णतः पालन करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अवैध खनन को रोकने के लिए जिला टास्कफोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्र का निरंतर औचक निरीक्षण कर छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में पीटीजेड कैमरा खनन की गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, जो अभी तक क्रियाशील नहीं है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व खान अधिकारी को निर्देशित किया कि खनन क्षेत्र में पीटीजेड कैमरा कोक्रियाशील करते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांड सेंटर से सतत निगरानी की जाए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के अवैध संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाने की निर्देश दिए।

उन्होंने किसी भी अधिकारी की अवैध खनन व परिवहन में संलिप्तता पाई जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सहित समस्त उप जिलाधिकारी एआरटीओ, खान अधिकारी सिहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ससुराल से पिता के घर आई विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली के ग्राम पचीपुरी मायके आई विवाहिता ने फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोंच कोतवाली के ग्राम पचीपुरी निवासी सिरोवन की लड़की मंजेश 26 वर्ष की शादी कुछ साल पहले दीपक निवासी दतिया मध्य प्रदेश से हुई थी। रविवार को मंजेश अपने मायके आ गई थी। जहां मंगलवार रात को उसने घर के एक कमरे में साड़ी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह पिता सिरोवन ने जब लड़की के शव को साड़ी से लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। पड़ोस के लोग मौके पर आए और तब पुलिस को मौके पर बुलाया गया। जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती का पिता और ना ही पति खुदकुशी की वजह के बारे में कुछ भी पता पा रहे हैं।

# पिता से पीड़ित पुत्र ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



जन एक्सप्रेस | महोबा

पिता तथा गांव के लोगो से पीड़ित दिनेश कुमार अनुरागी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए पिता व उसके साथियो के विरूद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। दिनेश अनुरागी द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि ग्राम उमरई निवासी उसका पिता प्रेमनारायण चार माह से लगातार स्वंय तथा नरेश दीक्षित व रामगोपाल राजपूत से आकारण प्रताड़ित करा रहा है, और स्वंय कर रहा है प्रार्थी मेहनत मजदूरी के लिए आता जाता है कि नरेश दीक्षित व रामगोपाल राजपूत रास्ते मे आये दिन रोककर गाली गलौच कर प्रताड़ित कर रहे है मामले की शिकायत थाना महोबकण्ठ पुलिस से किये जाने पर महोबकण्ठ थाने की पुलिस प्रार्थी को ही डाट फटकारकर भगाती है और धमकी देती है कि उक्त लोगो की शिकायत करने यहाँ आये तो मुकद्मा पंजीकृत कर जेल भेजेगे।

# मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश संग्रहण समारोह का गाजे-बाजे के साथ हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | महोबा

मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के अन्तर्गत कलश संग्रहण कार्यक्रम समारोह टाउन हॉल महोबा में मनाया गया। इस मौके पर देशभावना से ओतप्रोत देशभक्ति गीतों एवं नाटकों ने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जे0पी0 अनुरागी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर पालिकाध्यक्ष महोबा डॉ0 संतोष चौरसिया, पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने समस्त विकास खण्डों एवं जनपद की निकायों से आये अमृत कलशों को ससम्मान संकलित कर किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथिगणों ने दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की अनुपम प्रस्तुति की गयी।

नवरस म्युजिकल ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। लखनलाल एण्ड पार्टी द्वारा दिवारी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी। स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को अंग्रेजों द्वारा ऐतिहासिक हवेली दरवाजा प्रांगण में दी गयी फाँसी पर आधारित नाटक की अभूतपूर्व प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह की आँखे नम कर दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक पुनीत माटी - वन्दनोत्सव मनाया जा रहा है। यह अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्व जनित रस में डूब कर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णित अवसर हैं।

# महिलाओं की आवाज बनेगा महिला आरक्षण कानून: रविन्द्र कुशवाहा



जन एक्सप्रेस | लार देवरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद से पास कराने पर क्षेत्र पंचायत लार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद स्वरूप प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सांसद सलेमपुर ने कहा कि भारत की महिलाओं और बेटियों को संसद एवं विधानसभाओं में समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिये नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद से पारित करवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक बहुत बड़ा कार्य किया है, जिससे आने वाले समय मे महिलाएं सशक्त होगी।किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि देश की नई लोकसभा भवन के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून बनाकर 140 करोड़ की जनसंख्या में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने वाली मातृ शक्ति को राजनीति में सक्रिय भूमिका के निर्वहन का मार्ग प्रशस्त किया है।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लार अमित सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण कानून को लेकर आज देश की महिलाएं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही है।इस अवसर पर मुख्य रूप से रविन्द्र रॉय कुँवर, प्रमोद पाण्डेय,मुकेश राय, अशोक कुशवाहा, राजन कुमार, सुरेश सिंह उपस्थित रहे।

# मालवीय संस्थान को एक साथ मिली पांच विषयों में संबद्धता

जन एक्सप्रेस | भाटपार रानी/देवरिया



बुधवार को कस्बे के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में एक साथ मिले पांच विषयों की संबद्धता के कक्षा संचालन का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता व संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि किया। संबद्धता के मिले पांच विषयों में तीन यूजी एवं दो पीजी के शामिल हैं।इस सफलता के पीछे संस्थान के पुरुषार्थी प्रबंधक व प्राचार्य का संयुक्त प्रयास रहा है। क्षेत्र की बेटियों द्वारा यूजी में गृह विज्ञान एवं पीजी में वनस्पति विज्ञान तथा समाजशास्त्र विषय में संबद्धता के लिए मांग की जाती रही है। संभावना जताया जा रहा है कि अगले सत्र में एक नया कॉमर्स संकाय की भी संबद्धता प्राप्त हो जाय।

कक्षा संचालन समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि हमारे शिक्षक छात्र हितों को लेकर सजग हैं।समस्याओं को लेकर देर रात को भी यदि मुझे फोन किया गया हैं, तो मैंने उसका त्वरित निदान निकालने का प्रयास किया हूं।महाविद्यालय परिवार का सौभाग्य है कि हमें कुशल प्राचार्य मिले हैं।

10 वर्षों में जो कार्य नहीं हो सका उसे उन्होंने 1वर्ष में पूरा करके दिखाया है। संबद्धता में लगे सभी आचार्यजनों के प्रति उन्होंने धनयबाद प्रकट किया। श्री सिंह ने उत्तम शिक्षा व्यवस्था एवं शैक्षणिक विकास के लिए अहर्निश प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया।विद्यार्थियों की बौद्धिक प्रगति में निरंतरता को बनाए रखने को लेकर आचार्य जनों को रत रहने की अपेक्षा की। आचार्य जनों की ऊर्जा में यदि इसी तरह निरंतरता बनी रही तो प्राचार्य के प्रयास से अगले सत्र में आप लोग नए कॉमर्स संकाय का भी सत्रारंभ करेंगे।

संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि लंबे समय बाद महाविद्यालय को पांच विषयों में एक साथ संबद्धता मिली है।दृढ़ निश्चय लेने वाला व्यक्ति इतिहास में एक नई लकीर अंकित कर देता है। टीम भावना से काम करने वाली गिलहरी का प्रयास भी उत्तम माना जाता रहा है। इसके लिए उन्होंने संस्थान के आचार्य जन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 25 हजार का इनामियां वांछित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना पुलिस व यूपी एसटीएफ टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार के इनामियां को गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध संबंधित कारवाई कर, चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह व यूपी एसटीएफ निरीक्षक जयप्रकाश राय लखनऊ यूनिट टीम के साथ क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इस दौरान मुखबिर द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार के इनामियां वांछित सोहेल पुत्र इशहाक हाशमी निवासी ग्राम बसवारी हमीरपुर की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी और बबीना चौराहे पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि यह शातिर किस्म का अपराधी है और यह कई महीनो से पुलिस की रडार पर था। फिलहाल पकड़े गए वांछित के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित कारवाई कर चालान कर दिया।

### सिलेंडर फटने से झुलसे दो सगे भाइयों की एक के बाद एक दोनों की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट कस्बे में छोटा गैस सिलेंडर फटने से लगी आग से दो सगे भाई गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिन्होंने एक के बाद एक उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एट कस्बे के पुराने थाने के पास पानी की टंकी वार्ड नंबर 2 में 7 अक्टूबर को नसीर घर पर चाय बना रहे थे। चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग की लपटे देखकर वहां मौजूद उनके छोटे भाई रसीद दौड़कर मौके पर पहुंच गए। इस दौरान सिलेंडर फट गया और दोनों भाई बुरी तरह से झुलस गए थे। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था। जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया था। जिसमें दो दिन पहले नसीर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जबकि बीते दिन मंगलवार को दूसरे भाई रशीद पुत्र हाजी असगर को झांसी से ग्वालियर रेफर किया गया था। जिसमें बुधवार को इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही घरवालों को लगी तो घर में मातम छा गया और पत्नी वेसुद होकर गिर गई। फिलहाल घटना के बाद से पत्नी हाजरा बेगम वहीं बेटी खुशी 18 वर्ष समीर 16 वर्ष फरदीन 14 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छह माह के लिए किया गया जिला बदर

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व)/मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया है कि जिलाधिकारी को प्रेषित पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर धारा-3/4 उ०प्र० गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत कार्यवाही की गयी, जिसके परिप्रेक्ष्य में अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व)/मुख्य राजस्व अधिकारी, देवरिया के न्यायालय से थाना रामपुर कारखाना अंतर्गत नसरूद्दीन अंसारी पुत्र कमरूद्दीन अंसारी निवासी ग्राम- विशुनपुर चिरकिहवा को 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है और संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश का तामीला कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया है कि जिला बदर किए गए लोग क्षेत्र में अशांति का कारण हैं, जिनका जिले में रहना शान्ति व्यवस्था के दृष्टिकोण से और आम जनमानस के दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

### 11 लोगों के असलहे का लाइसेंस सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी देवरिया के आदेश पर 11 लोगों के असलहे का लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया गया है, यह पूरी कार्रवाई देवरिया हत्याकांड मामले में प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर किया गया है क्योंकि प्रेम यादव की लाइसेंसी राइफल से सत्य प्रकाश दुबे सहित उनके पत्नी और बच्चों की हत्या हुई थी जिसके मुख्य आरोपी नवनाथ मिश्रा को पुलिस गिरफ्तार कर ली है रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में धारा 144 लागू कर दिया गया है अपर जिला अधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव के द्वारा फतेहपुर गांव में धारा 144 लागू किया गया था जो 8 नवंबर तक प्रभावी रहेगा सुरक्षा के लिए गांव में भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। 1 दिन में हुई 6 लोगों की हत्या के बाद रुद्रपुर पुलिस के द्वारा गांव में लाइसेंसी असलहा रखने वाले व्यक्तियों के नाम देवरिया पुलिस अधीक्षक को दिया जिसमें प्रेम यादव की लाइसेंसी रायफल भी शामिल है

### गायत्री विधि विधान से संपन्न हुआ प्रेमचंद का ब्रह्मभोज, भारी संख्या में मौजूद रही पुलिस

**जन एक्सप्रेस/रूद्रपुर/देवरिया।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचन्द यादव ब्रह्मभोज कर्मकाण्ड गायत्री विधि विधान के साथ हुआ।फतेहपुर के अभयपुर टोला में सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। अभयपुर टोला पर जाने वाले रास्ते को पुलिस ने सील कर दिया था। जहां रुद्रपुर कोतवाली के प्रभारी महेन्द्र चतुर्वेदी भारी पुलिस बल के साथ खुद डटे हुए थे। जबकि सीओ अंशुमान श्रीवास्तव लगातार गांव में भ्रमण कर रहे थे। पुरोहित गोरखपुर सदानन्द यादव, सलेमपुर के रामअशीष यादव व विजय यादव के साथ ही आचार्य नाथू कुशवाहा एवं रामाश्रय सुबह करीब दस बजे अभयपुर पहुंच गए। जहां पुरोहितों ने पहले प्रेमचन्द यादव के बेटे तेज प्रताप यादव से पूजन अर्चन कराया। उसके बाद सामुहिक हवन किया गया। जिसमें पहले परिवार के लोगों ने हिस्सा लिया, इसके बाद पट्टीदार और नात रिश्तेदारों ने हवन किया। हवन के बाद पति प्रेमचन्द यादव के चित्र पर पुष्प चढ़ाते समय प्रेमशीला दहाड़े मारते हुए गिर गई। जिसे आसपास की महिलाओं ने संभाला।

### छः हजार की नगदी सहित चार जुआरी बंदी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** थाना चरखारी पुलिस ने मुहल्ला धनुषधारी स्थित हनुमान मंदिर के पीछे जुआ खेल रहे चार जुआड़ियो को बंदी बनाकर जेल भेजा है। पुलिस द्वारा बंदी बनाये गये जुआड़ियो के नाम व पते निम्न प्रकार बताये गये है। देवेन्द्र पुत्र चाखीराजा निवासी, कालीदीन पुत्र मूलचन्द्र, बुद्दू पुत्र रामसेवक निवासीगण मु0 हटवारा चरखारी तथा कंधीलाल पुत्र कालीचरन अनुरागी मु0 धनुषधारी चरखारी को ताश की पत्तो मे रूपयो की हारजीत की बाजी लगाते समय पुलिस ने बंदी बनाया है। बंदी बनाये गये जुआड़ियो के पास से मालफड़ पर 5000 की नगदी व एक ताश की गड्डी तथा जामा तलाशी मे 1200 रूपये कुल धनराशि 6200 रूपये बरामद करने का दावा किया है। चारो जुआड़ियो के विरूद्ध दफा 13 के तहत मुकद्मा पंजीकृत कर जेल भेजा है।

# निर्माणाधीन एसटीपी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**✻ नगर निकाय के दक्षता तक जल निगम करें एसटीपी का संचालन - डीएम**

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



नगर पालिका बलरामपुर की नालियों के गंदे पानी को नदी में मिलने से रोकने एवं जल जमाव की समस्या को दूर करने के लिए निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का बुधवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने एसटीपी का लेआउट, एमसीसी पैनल रूम, ब्लोअर रूम, क्लोरिन कॉन्टैंक टैंक,स्काडा रूम, एसबीआर आदि का जायजा लिया तथा एसटीपी ऑपरेटिंग की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लान में आने वाले गंदे पानी के शोधन के उपरांत निकलने वाले कचरे के निस्तारण कैसे किया जाएगा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। सहायक अभियंता जल निगम ने बताया कि प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का प्रयोग खाद एवं अन्य कार्यों के लिए प्रयोग किया जाएगा।

उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में मशीनरी के इंस्टॉलेशन के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिया कि संचालन के दौरान स्टैंड बाई के रूप में मशीने रखी जाए। इस दौरान सहायक अभियंता जल निगम ने बताया की सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्ण करने के बाद संचालन के लिए नगर निकाय को एसटीपी हैंडोवर कर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर निकायों के पास टेक्निकल हैंड न होने के कारण अति आधुनिक तकनीकी से युक्त सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन में समस्या होगी, इसके लिए आवश्यक है कि नगर निकाय के दक्ष होने तक जल निगम द्वारा एसटीपी का संचालन किया जाए।

उन्होंने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से नगर पालिका बलरामपुर के 8 वार्ड लाभान्वित होंगे। इन वार्डो में जल भराव की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , टेक्निकल टीम के अभियंता संबंधित अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों पक्ष की तरफ से धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पक्ष की खुशबू पुत्री रविंद्र कुमार विश्वकर्मा का आरोप है कि 16 अक्टूबर की शाम वह घर पर अकेली थी। पिता बाहर काम करने गए थे और मां खेत गई थी।

इसी दौरान भूमि विवाद को लेकर विपक्षी माया देवी और उनकी पुत्री लक्ष्मी द्वारा उनके स्थान पर पहुंचकर गाली गलौज करते हुए उनका काफी मारा पीटा। हमले में उनका सर फट गया। हल्ला गुहार मचाने के बाद जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपी धमकी देते हुए चले गए।

## एमएलके पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी संपन्न



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से स्नातक व परास्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अभिभावकों से उनके पाल्यों के शैक्षिक उन्नयन हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए।

जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ एस के त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों के शैक्षणिक विकास में महाविद्यालय व शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गोष्ठी में कक्षा में अनुशासन, शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता, पाठ्यक्रम, पुस्तकालयों, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ के पी मिश्र, डॉ के के सिंह व डॉ पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# रमवापुर में नई पहल के तहत बाल हितैषी पंचायत की शुरुआत

जन एक्सप्रेस | महराजगंज तराई




तुलसीपुर विकासखंड के रमवापुर ग्राम पंचायत में केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा निर्देशित 9 एसडीजी लक्ष्यों के स्थानीयकरण की प्राप्ति के लिए विषयगत थीम में से एक थीम बाल हितैषी पंचायत को चुना गया है। यह थीम चुनने का उद्देश्य पंचायत को बाल केंद्रित बनाना है बच्चों के स्वास्थ्य, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, पोषण व उनके बाल अधिकारों की रक्षा के लिए पंचायत को प्रतिबद्ध बनाना है, इसी क्रम में नीति आयोग के सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के नितीश सिंह ने बताया कि 6 अक्टूबर से 15 दिवसीय निवासीय कार्यक्रम में पब्लिक सिस्टम प्रोजेक्ट पर कार्यकर रहे हैं ।

बाल हितैषी पंचायत की शुरुआत की गई है। जिसके अंतर्गत बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण,पोषण अभियान, बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर, बाल अधिकार की रक्षा, बाल श्रम पर रोक, बालविवाह पर रोक, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर ग्राम सभा द्वारा विशेष कार्य व भूमिका का निर्वाहन करना है। बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के बारे में जागरूक किया।

विद्यालय स्तर पर बाल संसद और ग्राम पंचायत के तर्ज पर बाल पंचायत का गठन भी किया जा रहा है मीना मंच के माध्यम से किशोरियों के हितों के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। ग्राम प्रधान मोहम्मद उमर खान एवं नितीश सिंह द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवसाद अहमद के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया गया, उसके पश्चात ग्राम सभा का आयोजन कर ग्राम पंचायत विकास योजना में प्राथमिकता के साथ विद्यालय एवं आगनवाड़ी के विकास के लिए प्रस्ताव दिया गया, ग्राम सभा की बैठक में बाल हितैषी पंचायत के विषय में चर्चा किया गया जल्द ही ग्राम सभा की बैठक में वार्षिक कार्ययोजना का रोड मैप भी तैयार किया जाएगा, इस बैठक में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के नितीश सिंह, ग्राम प्रधान मोहम्मद उमर खान, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उदय राज, प्रधानाध्यापक नौशाद अहमद व वार्ड मेंबर आदि उपस्थित रहे।

## मायके से लौट रही महिला, हादसे में घायल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मंगलवार को अपने मायके पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा से वापस अपनी ससुराल आ रही एक विवाहिता सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया गया कि दोपहर बाद नगर कोतवाली क्षेत्र के लालबाग मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय विवाहिता रहनुमा अपने पति इरशाद के साथ मायके भदरसा से स्कूटी से वापस अपनी ससुराल आ रही थी। इसी दौरान प्रयागराज हाइवे पर पूराकलंदर थाना क्षेत्र में डाभासेमर के निकट 2.15 बजे सरिया लादकर जा रही एक छोटा हाथी पिकप वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार दंपत्ति गिर पड़े। हादसे में इरशाद का हाथ-पैर रगड़ खा गया तथा रहनुमा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा भेजवाया गया, जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर् कर दिया।

# अंडर-14 प्रादेशिक खाकी टूर्नामेंट खेलने के लिए जिले से टीम झांसी के लिए रवाना

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के प्रबंध निदेशक ने बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन पर प्रदेश स्तरीय अंडर 14 हॉकी टूर्नामेंट मे प्रतिभा करने के लिए टीम को विजय तिलक लगाकर झांसी के लिए रवाना किया ।

जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर को ''नेहरू हॉकी टूर्नामेंट'' के लिए पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के अन्डर-14 के चयनित हॉकी टीम के छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम के दिशा निर्देशन में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को जिला हॉकी सचिव रश्मि सिंह एवं विद्यालय के टीम कोच आबिद अली व अमित राणा के संरक्षता में प्रदेश स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट मे खेलने के लिए झाँसी भेजा गया था।

''नेहरू हॉकी टूर्नामेंट'' मे पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के विद्यालय के हॉकी टीम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं मे महेश शुक्ला, हर्ष सिंह, निशांत शुक्ला, देवेश सिंह, उमेश चौधरी, अंश गौतम, बृजेश वर्मा, ओंमकार पासवान, मुकेश पासवान, विवेक गौतम, अंश श्रीवास्तव, अमर पासवान, जीवेश पाण्डेय, अबू सुलेह, मोहम्मद अजहान, राहुल चौहान, अंकित कुमार चौधरी, कृष्णा वर्मा आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इसी क्रम में ''69वीं प्रदेशीय विद्यालयीय सीनियर/सब जूनियर हॉकी बालक बालिका प्रतियोगिता-2023-24'' के लिए पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर के चयनित हॉकी टीम के छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के नेत्त्व मे जिला हॉकी सचिव रश्मि सिंह की संरक्षता में देवी पाटन मण्डलीय स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट मे खेलने के लिए झारखण्डी रेलवे स्टेशन से गोरखपुर के लिए भेजा गया था। इस अवसर पर ''69वीं प्रदेशीय विद्यालयीय सीनियर सब जूनियर हॉकी बालक बालिका प्रतियोगिता-2023-24'' में पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के विद्यालय के हॉकी टीम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं मे अंश गौतम, महेश शुक्ला, अंश श्रीवास्तव, बृजेश वर्मा, निशांत शुक्ला, देवेश सिंह, हर्ष सिंह, अबू सुलेह, अंकित चौधरी, नितिश चौहान, विवेक गौतम तथा आराध्या श्रीवास्तव आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर ''नेहरू हॉकी टूर्नामेंट'' एवं ''69वीं प्रदेशीय विद्यालयीय सीनियर सब जूनियर हॉकी बालक बालिका प्रतियोगिता-2023-24'' द्वारा प्राप्त हुए प्रमाण-पत्र एवं गोल्ड मेडल को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रांगण में प्रदान किया तथा समस्त सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात् उन्होनें बताया कि इसी तरह अपने-अपने खेल में निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी सहित उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## निर्वाचित पदाधिकारीगण का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा अयोध्या के निर्वाचित पदाधिकारी गण का शपथ ग्रहण समारोह सभागार तहसील सदर अयोध्या में संपन्न हुआ शिवजी वर्मा जिला अध्यक्ष, कमला प्रसाद यादव जिला मंत्री, अनिल कुमार यादव जिला कोषाध्यक्ष ,बबीता राज जिला संगठन मंत्री, रविंद्र पाल जिला संप्रेक्षक को मुख्य अतिथि गौरीशंकर वर्मा नायब तहसीलदार गोसाईगंज द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में राजीव श्रीवास्तव ए0डी0ओ0 प्रतिनिधि जिला पंचायत राज अधिकारी अयोध्या, सौरभ गुप्ता, दीपक सेन, उमाशंकर सिंह,विजय पासवान ए0 डी0 ओ0, विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार सिंह जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, डा0 राजेश कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, राम प्रकाश सिंह जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद अयोध्या, डेनियल भारती, सीता शरण पटेल, प्रेमनाथ वर्मा, श्रीराम मौर्य, सुखराम, नंदकुमार, उदय प्रताप यादव, शिवकुमार कनौजिया, अमरेंद्र प्रताप यादव, रामकिशोर वर्मा ,प्रशांत गुप्ता, सुशील यादव, रंजना कुमारी, राजकुमार वर्मा, श्याम जी वर्मा, राममिलन यादव, संगम यादव, राहुल वर्मा, आशीष सिंह, रामशरण यादव आदि उपस्थित रहे ।

# विदेशों तक पहुंचा रामनगरी की महिलाओं के बनाए आचार-मुरब्बे का स्वाद

**✻ अयोध्या शहरी क्षेत्र में सक्रिय हुए 60 स्वयं सहायता समूह**

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



योगी सरकार में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संचालित की जा रही स्वरोजगारोन्मुखी योजनाओं से शहरी व ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी महिलाओं तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रही हैं और पुरुषों से कंधे से कंधा मिलकर कार्य भी कर रही हैं। कुछ ऐसी ही कहानी है हैदरगंज मुहल्ले में अपनी मेहनत, दिमाग, हौसले के बल पर देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई मुल्कों में अपने उत्पाद के स्वाद का जादू बिखेरने वाली रामनगरी के प्रियम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की। यहां के महिलाओं के बनाए अचार-मुरब्बे का स्वाद विदेशों तक पहुंच रहा है।

बात हो रही है इस शहर के प्रथम स्वयं सहायता समूह प्रियम की अध्यक्षा मीना गुप्ता की। अपनी छह-छह बेटियों के पारिवारिक कर्तव्य का निर्वाह करते हुए वे अचार, मुरब्बा, पापड़, चिप्स आदि का कुटीर उद्योग भी चला रही हैं। इस संस्था में 12 महिलाएं काम करती हैं। कोई खड़े मसाले की सफाई करती हैं तो कोई पैकिंग, तो कोई अचार मुरब्बे आदि के कार्यों में लगी रहती हैं।

इनके उत्पाद बनाने का फार्मूला कुछ ऐसा है, जिससे अनेक घरों के किचन में सुगंध बिखेरने के साथ यहां के हजारों घर इनके उत्पाद के मुरीद हो चुके है। कुछ ग्राहक दुबई, कनाडा तथा बैंकाक में भी हैं।

इन मुल्कों के लोग रामनगरी से इनके मसाले मंगवाते हैं। समूह की खास बात यह है कि इन महिलाओं ने खुद को न केवल स्थापित कर रखा है, बल्कि इनके पति भी इनकी मदद करते हैं। प्रतिदिन दो से तीन हजार रुपये औसतन आय भी हो जाती है।

## डॉ. प्रणव पांडेय ने पीजी में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार-अयोध्या।** विकासखंड पूरा अंतर्गत ग्राम पुरे लाला गंगौली निवासी डॉ प्रणव पांडे पुत्र पूर्व प्रधानाध्यापक राम शंकर पांडे ने एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर विषय में पी जी के लिए चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है डॉ प्रणव पांडे वर्तमान में सैफई इटावा में मेडिकल ऑफिसर पद पर कार्यरत हैडॉ प्रणव पांडे ने इसका श्रेय अपने पिता पूर्व प्रधानाध्यापक राम शंकर पांडे व गृहणी मां मंजू पांडे को देते हुए कहा कि यह लोग सदैव मुझे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह सहित क्षेत्रीय गण मान्य लोगों ने डॉ प्रणव पांडे को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग से जुड़े विभिन्न गतिमान एवम प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा




जन एक्सप्रेस | अयोध्या

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने मण्डलायुक्त गौरव दयाल के साथ अयोध्या में नगर विकास विभाग से जुड़े विभिन्न गतिमान एवम प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में की। प्रमुख सचिव ने कहा कि अयोध्या एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है अब इस पवित्र नगरी के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है, जिसमें अयोध्या में बहुत ही व्यापक स्तर में विकास कार्य चल रहे है। उन्होंने अयोध्या विजन में नगर विकास विभाग से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं व नगर को विश्व स्तरीय सुन्दरतम स्वच्छ नगरी बनाने के लिए कहा।

उन्होंने विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं, शौचालयों, रहने के स्थान सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आदि के सम्बंध में चर्चा की।बैठक में मण्डलायुक्त ने अयोध्या में अन्य विविध सुविधाओं के सम्बंध में चर्चा की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

**✻ किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण के दिये निर्देश**

जन एक्सप्रेस | बहराइच



किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस के दौरान 16 से 20 सितम्बर की अवधि में करनाल हरियाण में भ्रमण कर आये किसानों के दल के कृषक फूलचन्द्र गिरी, मुन्ना लाल वर्मा, लालता प्रसाद गुप्ता व अन्य द्वारा बिजिट के दौरान बनाये गये वीडीओ को प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी किसानों, अधिकारियों को दिखाया गया। इस सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा किसानों को सुझाव दिया कि आप लोग करनाल से जो सीखकर आये है उसे अन्य किसानों को बताए ताकि वे भी उसका लाभ उठा सके। जिलाधिकारी ने करनाल बिजिट पर गये किसानों से प्राप्त फीडबैक पर किसानों एवं कृषक उत्पादक संगठनों को निर्देश दिया कि करनाल हरियाणा की तरह आप भी विभिन्न प्रकार के सब्जियों, पौधों आदि की लो टेम्परेचर(पाली हाउस) में तैयार कर अच्छी आय प्राप्त करें।

डीएम ने बताया कि आज कल जरबेरा का उपयोग बुके आदि बनाने में बहुताय से किया जा रहा है। जरबेरा की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करें जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होनें जिला उद्यान अधिकारी बहराइच को जनपद के प्रगतिशील किसानों की बैठक बुलाकर योजनाओं में प्राविधानित अनुदान का उपयोग करते हुए झरबेरा की खेती तथा विभिन्न प्रकार के सब्जियों, पौधों की नर्सरी तैयार कराने तथा उनकी बिक्री आदि की व्यवस्था का उचित प्लेटफार्म तैयार करें तथा आगामी किसान दिवस बैठक में हुई प्रगति से अवगत कराये। जनपद के विकास खण्ड मिहींपुरवा से सटे जंगलों में तेदुएं के बढ़ रहे हमलों को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को सुझाव दिया कि वन्य जीवों के दृष्टिगत सतर्कता बरती जाय।

बैठक के दौरान किसानों द्वारा उठायी गयी समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारित करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उप निदेशक कृषि ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. को बताया कि पीएम किसान योजना की 15वीं किश्त बिना ई-केवाईसी कराये किसानों को नहीं मिलेगी। उन्होनें बताया कि 74 प्रतिशत किसानों का ई-केवाईसी हो गया है शेष किसानों का ईकेवाईसी कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित किसानों से पराली न जलाने की अपील की। उन्होनें उपस्थित किसानों से कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। गौशालाओं में पराली दान करें जिससे पशुओं को चारे की कमी न होने पाये। उन्होनें बताया कि गौशालाओं से चार पशु पालने हेतु लेने पर 15 सौ रूपये प्रति माह एक पशु पर सरकार अनुदान दे रही है। अपने पशुओं को छुट्टा न छोड़े।

बैठक में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी बहराइच ने बताया कि 01 अक्टूबर से जनपद में धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से फसलों की खरीद प्रारम्भ हो गयी है। धान के अतिरिक्त किसानों द्वारा अपने खरीफ मक्का उत्पादन को भी विक्रय कर सकते है। उन्होनें किसानों से कहा कि दो दिन पूर्व जनपद में आंधी, पानी से फसलों को नुकसान हुआ है जो भी स्टाक विक्रय केन्द्र पर लाये उसमें मिलावट करके न लाये। भारती खाद्य निगम खराब, गुणवत्ता अर्पूण खाद्यान्न को नहीं क्रय करता है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय ने किसानों को पीएम प्रणाम योजना की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा यूरिया डीएपी के उपयोग में कमी लाने के लिए पीएम प्रणाम योजना लागू की गयी है। योजनान्तर्गत जनपद में पिछले सालों में जितनी यूरिया डीएपी का उपयोग हुआ है उससे कम उपयोग करने पर बचे पैसे को केन्द्र सरकार किसानों के लिए योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करेगी। उन्होनें किसानों से कहा कि वे मृदा परीक्षण के आधार पर सन्तुलित उर्वकों का प्रयोग करें नैनो यूरिया को अपनाये, जैव उर्वको/कल्चर को अपनाकर दलहनी, तिलहनी फसलें प्राप्त करें तथा अपना उत्पादन बढ़ाये। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी डॉ ओमप्रकाश श्रीवास्तव

# एमएलसी ने कृषकों को वितरित किया मिनी बीज किट

जन एक्सप्रेस | बहराइच



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह के साथ 14 कृषकों को राई सरसो बीज मिनीकिट का वितरण किया। एमएलसी श्री चौधरी ने अन्य अतिथियों के साथ ग्राम भगवानपुर माफी निवासी गोमती प्रसाद पुत्र राजाराम व हरी राम पुत्र गोविन्द प्रसाद, सोहरवा नि. लालता प्रसाद पुत्र रामकेवल गुप्ता, सुन्दर लाल पुत्र राम दुलारे, मिहींलाल पुत्र बिहारी व पवन कुमार पुत्र फकीरे, बेगमपुर नि. शक्तिनाथ सिंह पुत्र अखण्ड प्रताप सिंह, अलिया बुलबुल नि. शशांक सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह, कटरा बहादुरगंज नि. विद्यारानी देवी पत्नी ध्रुव कुमार व लीलावती पत्नी कोयले, बिछला नि. राजेश कुमार पुत्र अमरीश व मेवालाल पुत्र बंशीलाल, अजातापुर नि. ओम प्रकाश पुत्र जटाशंकर तथा शेखापुर नि. संजय कुमार सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह सहित अन्य कृषकों को राई सरसो बीज मिनी किट का वितरण किया। इस अवसर पर एमएलसी पदमसेन चौधरी ने किसानों का आहवान किया कि आयुष्मान कार्ड बनवाकर स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाये और दूसरे किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होनें कहा कि सरकार की मंशा है कि किसान सबल हो तभी देश समृद्धि होगा। किसान भाई खेती के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचलित योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि आधारित अन्य व्यवसाय भी अपनाये जिससे आमदनी में बढ़ोत्तरी हो सके। उन्होनें सिचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजकीय नलकूपों व नहरों का संचालन पूरी क्षमता से कराये ताकि किसान सिंचन सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

उन्होनें किसानों को सलाह दी कि किसान भाई फसल फसल अवशेष को जलाये नही बल्कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय बीज भण्डारों से बायो-डी कम्पोजर प्राप्त कर पराली में उपयोग कर पराली को कम्पोस्ट बनाकर खेतो की उर्वरा शक्ति बढ़ाये। इसके अलावा नजदीकी गौशालाओ को दान भी कर सकते है। उन्होनें बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा एथिनाल बनाने पर काफी बल दिया जा रहा है। इससे किसानों विशेषकर गन्ना किसानों को काफी लाभ होगा।

# शारदीय नवरात्र पर विशेष: शीतला माता की कृपा से चेचक, खसरा, महामारी के रोगी होते हैं निरोगी

- शीतला मां से मनौती मांगने के फल स्वरुप संजीव प्रताप सिंह बने दोबारा भाजपा जिला अध्यक्ष
- वही डॉक्टर आस्था अग्रवाल के इस मंदिर से चुनाव प्रचार शुरू करने से वह बनी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । अरुण भारद्वाज





**पीलीभीत।** कलयुग में सभी कामनाओं को सिद्ध करने वाली बांसुरी नगरी टाइगर रिजर्व तराई के जनपद पीलीभीत शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी स्थित 200 वर्ष प्राचीन मां शीतला देवी की पूजा अर्चना एवं भक्ति से चेचक, खसरा, महामारी के संक्रामक रोगियों के रोग दूर होकर ऐसे रोगी भगवती शीतला मां की कृपा से निरोगी होते हैं। श्री ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अरुण भारद्वाज एडवोकेट एवं शीतला माता मंदिर की पुजारी सभासद श्रीमती रत्ना शुक्ला ने बताया की शीतला माता ज्ञानियों के हृदय को भी बलपूर्वक खींचकर मोह में डाल देती हैं।

मां शीतला का स्मरण करने पर सब प्राणियों का वह भय हर लेती हैं और स्वस्थ महिला पुरुषों बालक बालिकाओं वृद्धो द्वारा चिंतन करने पर उन्हें कल्याण में बुद्धि शीतला मां प्रदान करती हैं।

दुख दरिद्रता शोक सन्ताप हारने वाली मां शीतला देवी आपके सिवा दूसरी कौन देवी हैं जिसका हृदय सबका उपकार करने के लिए सदा ही दया वह अहेतु की कृपा करने के लिए करने के लिए परिपूर्ण रहता हो मां शीतला तुम सब प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली मंगलमय कृपा में दयाल कल्याण दायिनी मैया हो। सब पुरुषार्थों को सिद्ध करने वाली शरणागत वत्सला दयामई हो। तुम्हें सब भक्त बारंबार नमस्कार करते हैं सर्व रूपा सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से संपन्न दिव्य रूप मां शीतला अपने सब भक्तों की सब प्रकार के भायों से रक्षा कर उन्हें निर्भय करो तुम प्रसन्न होने पर बड़े से बड़े रोगों को नष्ट कर देती हो और कुपित होने पर मनोवांछित सभी कामनाओं का नाश कर देती हो जो भक्त तुम्हारी शरण में आ चुके हैं। उन पर कभी विपत्तितो आती ही नहीं तुम्हारी शरण में आए हुए भक्त दूसरों को शरण देने वाले हो जाते हैं।तुम इस प्रकार तीन लोको की समस्त बाधाओं को शांत करो और अपने भक्तों के शत्रुओं का सदैव नाश करती रहो।

मोहल्ला सुनगढ़ी स्थित शीतला माता मंदिर का निर्माण किसके द्वारा कराया गया जब यह सवाल पत्रकार अरुण भारद्वाज ने मंदिर की पुजारन सभासद श्रीमती रत्ना शुक्ला से किया तो उन्होंने बताया कि इस मंदिर का निर्माण करने वालों के संबंध में मोहल्ले के किसी बुजुर्ग को भी जानकारी नहीं है करीब 200 वर्षों से यह प्राचीन मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है कुछ समय पूर्व विद्युत विभाग के सेवानिवृत रामावतार मिश्रा ने जन सहयोग से इस मंदिर का कुछ मूर्तियां लगवा कर प्राण प्रतिष्ठा करवाई थी लेकिन उसके उपरांत बीते कुछ वर्षों से इस मंदिर का भव्य रूप प्रदान करने में तथा इसके सुंदरीकरण कराने में सभासद रत्ना शुक्ला का विशेष योगदान हिंदी भवन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिपाठी एवं उनके पुत्र राजीव त्रिपाठी एडवोकेट सहित धर्मपाल मिश्रा, छत्रपाल गंगवार, सुनीता, मधुबाला, पूनम, पम्मी, मेघा, संतोष भारद्वाज आदि का विशेष सहयोग रहा है इस प्राचीन मंदिर में दुर्गा मां शीतला माता काली माता हनुमान जी राम दरबार शिव परिवार राधा कृष्ण आदि देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित करने में रत्ना शुक्ला का विशेष योगदान रहा है। सभासद रत्ना शुक्ल द्वारा इसी मोहल्ले में ही इस मंदिर के अलावा ब्रह्मदेव स्थल का भी सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार कराया गया ।

## ससुरालियों पर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि पीड़ित विवाहिता की तहरीर मिली है
- मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर की जाएगी

**हजारा(पूरनपुर)।** ससुरालियों ने दहेज की मांग कर विवाहिता के साथ मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया।विवाहिता ने थाना पहुंचकर ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देकर करवाई करने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव अशोक नगर निवासी एक पीड़ित विवाहिता ने हजारा थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि उसकी शादी पड़ोसी जिला लखीमपुर खीरी के कोतवाली पलिया कला के अंतर्गत गांव पटिहन मुसाफिर नगर में मनजीत के साथ हुई है। शादी के बाद से ही पति,सास, ससुर,चचिया ससुर,देवर व ननद आए दिन रोज उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हैं दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं पीड़ित विवाहिता ने तहरीर में यह भी बताया है कि उसके साथ मारपीट करते हुए ससुरालिजन कई बार गला दबाकर जान से मारने का भी प्रयास कर चुके हैं। इतना ही नहीं पीड़िता को उसके ससुरालियों ने मारपीट कर ससुराल से भगा दिया है। पीड़िता अपने मायके में अपने दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ रह रही है। इतना ही नहीं पीड़ित विवाहिता की ननद का विवाह हजारा थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मण नगर में हुई है,दो दिन पहले भी पीड़ित विवाहिता के ससुरालियों ने उसके मायके में पहुंचकर भी मारपीट की। पीड़िता ने पति सास ससुर देवर ननद के खिलाफ तहरीर देते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि पीड़ित विवाहिता की तहरीर मिली है। साथ ही पीड़ित विवाहिता का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा में महिला आरक्षी के साथ भेज कर मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

## पंच प्रयाग आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । राजकुमार

- मनुष्य जब भी कथा सुनने जाये उस मनुष्य को उसका मतलब पता होना चाहिए

**पीलीभीत।** न्यूरिया क्षेत्र गांव बरी स्थित पंच प्रयागआश्रम पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें कथा वाचक पूजा शास्त्री ने अपने मुखारविंद से सभी कथा प्रेमियों को रसपान कराया श्रीमद् भागवत कथा में बताया गया कि जिसके जीवन में श्याम नहीं उसके जीवन में आराम नहीं मनुष्य जो भी प्राप्त करना चाहता है वो सब भागवत से प्राप्त हो जाता है क्योंकि भागवत साक्षात श्री कृष्ण है। जब मनुष्य किसी भी तीर्थ स्थान पर हो तो बुरे काम से सावधान रहना चाहिए। मनुष्य को जीवन जीना सिखाते हैं। व्यक्ति अगर अपना जीवन सुधारना चाहते हैं तो उनको कथा अवश्य सुननी चाहिए। संत, महात्मा और साधुओं को साधारण नहीं समझना चाहिए क्योंकि यह भगवान के दूत होते हैं। मनुष्य जब भी कथा सुनने जाये उस मनुष्य को उसका मतलब पता होना चाहिए। पापों के कारण मनुष्य का मन कथा में नहीं लगता है। जिसके जीवन में श्याम नहीं उसके जीवन में आराम नहीं।

# श्रद्धा नर्सिंग होम के संचालक की लापरवाही से गरीब हो गया कर्जदार

- सीएमओ स्तर से कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार
- नर्सिंग होम के डाक्टरों पर महिला की डिलीवरी के दौरान लापरवाही करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा




**पूरनपुर।** प्रसव में होने वाले खेल में सरकारी मशीनरी बुरी तरह लिप्त है, लेकिन अधिकारी गरीब व मजबूर लोगों की पीड़ा सुनने की जगह अपने अधीनस्थों को शरण देने में लगे हैं। इसका खामियाजा गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। एक ऐसा मामला पूरनपुर के श्रद्धा नर्सिंग होम का सामने आया है। नर्सिंम होम के संचालक व डाक्टरों ने जांच के बगैर की प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला का आपरेशन कर दिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई तो 25 हजार रुपए जमा कराकर उसके रेफर कर दिया। बरेली के अस्पताल में महिला के उपचार में करीब सवा लाख रुपए खर्च हुए। इससे ग्रामीण कर्जदार हो गया। उसने कार्रवाई के लिए एमओआईसी, सीएमओ को पत्र दिया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसपर ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। माधोटांडा के ग्राम नदहा निवासी सोनू कुमार पुत्र हेतराम ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि उसकी पत्नी गायत्री देवी की 15 अगस्त को डिलीवरी होने वाली थी, लेकिन गांव की आशा माया देवी बहला-फुसलाकर सरकारी अस्पताल न ले जाकर एक निजी अस्पताल श्रद्धा नर्सिंग होम पूरनपुर में ले गई। आशा और डाक्टर की मिलीभगत से उसकी पत्नी का सिजेरियन प्रसव कराया गया जिसमें 25 हजार रुपये का खर्च आया। श्रद्धा नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने सिजेरियन प्रसव करने में लापरवाही बरती जिससे केस बिगड़ गया। आनन फानन में डॉक्टरों ने मरीज को बरेली ले जाने की बात कहते हुए रेफर कर दिया। आप है कि चिकित्सक ने ऑपरेशन से पहले जांच की जरूरत नहीं समझी। हालत नाजुक होने पर पति ने महिला को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत में दो सप्ताह तक बरेली के एक निजी अस्पताल में महिला का उपचार हुआ। जिसमें 1 लाख 34 हजार रुपए का खर्च आया। पीड़ित एक तो वैसे भी गरीब है। जैसे तैसे अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। अब नर्सिंग होम के डाक्टर व संचालक की लापरवाही व मनमानी ने उसको कर्जदार बना दिया है। ग्रामीण ने अस्पताल संचालक, आशा कार्यकत्री व डाक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है।



नगर के श्रद्धा नर्सिंग होम के संचालक व सीएचसी की आशा पर लगे आरोप की शिकायत मिली है। आज शिकायतकर्ता को बुलाकर बयान दर्ज किए जाएंगे। नर्सिंम होम पर जाकर भी जांच की जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
**अनिकेत गंगवार**
एमओआईसी पूरनपुर



"एमओआईसी पूरनपुर को नर्सिंग होम संचालक व आशा कार्यकत्री पर लगे आरोपों की जांच के करने के निर्देश दिए गए थे। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-आलोक शर्मा,
सीएमओ पीलीभीत

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोरा में कैंप लगाकर की मरीजों की जांच

**जन एक्सप्रेस/पूरनपुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कैंप लगाकर मरीजों की डेंगू और मलेरिया की जांच की गई , इस दौरान कोई भी मरीज पाज़िटिव नहीं मिला। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव में लगातार बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गावों में कैंप लगाकर डेंगू और मलेरिया की जांच कर लोगों को दवाइयां वितरण कर रही है। बुधवार को पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने गांव गोरा में कैंप लगाकर लोगों की डेंगू और मलेरिया की जांच की इस दौरान काफी लोगो ने कैंप में पहुंचकर अपनी जांचे करवाई वही गांव में जिन लोगो को बुखार आ रहा था। उनकी जांचे कर दवाइयां वितरण की है। डाक्टर छत्रपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प में 233 मरीज देखें गये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गौशाले में हुआ नवनिर्मित आवास और चरनी का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** सुइथाकला ब्लाक क्षेत्र के कम्मरपुर स्थित गौशाले में नवनिर्मित आवास और चरनी का उद्घाटन बुधवार को प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रकाश दूबे के हाथों हुआ। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी समेत ग्राम प्रधान और प्रबुद्धजन मौजूद रहे। गौरतलब हो कि कम्मरपुर गांव स्थित गौशाले में गौवंशों के सापेक्ष आवास और चरनी की कमी



थी।जिससे गौवंशों के रहन सहन और खानपान पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा आलोक सिंह पालीवाल के सुझाव पर वर्तमान ग्राम प्रधान अनुजा सिंह ने गौशाला परिसर में नए आवास और अतिरिक्त चरनी का निर्माण करवाया। इसी कड़ी में बुधवार को प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रकाश दूबे के हाथों फीता काटकर उद्घाटन हुआ। मामले में ग्राम प्रधान का आभार प्रकट करते हुए डाक्टर पालीवाल ने बताया कि खानपान और रहन सहन की समस्या के कारण गौवंशों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। इसके बन जाने से गौवंशों के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान , प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह, सेक्रेटरी जय प्रकाश मौर्य, बरिष्ठ पत्रकार सन्तोष कुमार दीक्षित, बृजेश कुमार शुक्ला, बबलू उपाध्याय समेत अन्य प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

### सैकडों फाइलें कई महीनो से फैसले की प्रतीक्षा में

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** उप जिलाधिकारी न्यायालय मझलीशहर में कई महीनो से सैकड़ो पत्रावलियां फैसले के इंतजार में सुरक्षित रख ली गई है। लेकिन फैसला नहीं आने से नाराज अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी के कार्यशैली की निंदा करते हुए उनके कोर्ट के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में स्थानीय अधिवक्ता संघ भवन में वकीलों की हंगामी बैठक कई घंटों तक चली। जिसमें दर्जनों अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया की उप जिलाधिकारी ने बीते कई महीनो से सैकड़ो फाइलों को फैसले के लिए सुरक्षित कर लिया है लेकिन फैसला नहीं दे रहे हैं ।जिस पर संघ ने निर्णय लेते हुए कहा की उप जिलाधिकारी के न्यायालय का आगामी विजयदशमी तक पूर्णता बहिष्कार किया जाता है और उन्हें सलाह दी जाती है कि इस अवधि में वे लंबित पत्रावलियों पर फैसला जारी कर दें। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायिक के कार्यप्रणाली पर भी असंतोष जाहिर किया और कहा यदि उनके अंदर सुधार नहीं आया तो उनके भी न्यायालय का अधिवक्ता मजबूरन बहिष्कार करने पर बाध्य होंगे ।आरोप लगाया कि तहसीलदार अधिवक्ताओं के चेंबर में पहुंचने से पहले ही चंद मिनट में पुकार कर फाइल को खारिज करवा दे रहे हैं जो कि कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। जबकि कई न्यायालयों के एक साथ चलने पर अधिवक्ता दूसरे न्यायालय में भी बिजी रहता है। अधिवक्ताओं ने कहा की फर्देकाम पर पीठासीन अधिकारी को स्वयं लिखना चाहिए लेकिन वह पेशकार के भरोसे छोड़ देते हैं जो कि गलत है। क्योंकि मौके पर देखा जा रहा है कि कोर्ट कुछ आदेश देती है और फर्देकाम पर बाद में पेशकर कुछ और लिख देता है। प्रमुख उपस्थित अधिवक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा,महामंत्री बनवारी राम मौर्य केदारनाथ यादव,जगदंबा प्रसाद मिश्र अशोक श्रीवास्तव, यज्ञ नारायण सिंह भारत लाल यादव, विकास यादव, इंदू सिंह, हरि नायक तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, कुंवर भरत सिंह रमेश सिंह बाबूराम सरजू प्रसाद बिंद लालजी यादव सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में साढ़े तीन सौ मरीजों का उपचार

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** खुटहन पटैला गांव के रामलीला मैदान में स्थित पंचायत भवन में बुधवार को आसरा फाउंडेशन, तीर्थराज हास्पिटल और रामलीला समिति के संयुक्त प्रयास से निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग रोगों से पीड़ित साढ़े तीन सौ मरीजों का उपचार व परामर्श दिया गया। शिविर में स्त्री एवं प्रशूति रोग विशेषज्ञ डाक्टर शिखा शुक्ला,नाड़ी एवं चर्म रोग विशेषज्ञ डाक्टर राहुल सेठ, मधुमेह विशेषज्ञ डाक्टर स्पृहा सिंह और बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर मुकेश शुक्ला के द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि साफ सफाई के साथ साथ जागरुकता और सावधानियां अपना कर तमाम रोगों से बचा जा सकता है। मधुमेह और उदर रोग का मुख्य कारण खानपान है। पौष्टिक गुणों और कैलेरी के आधार पर भोज्य पदार्थ लेने के साथ साथ नियमित ब्यायाम से ऐसे रोगों से बचा जा सकता है।

# बीएसए ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- छात्रों को पढ़ाया अंग्रेजी का पाठ,गणित का सवाल हल करने पर छात्रा को किया पुरस्कृत
- एमडीएम के भोजन का स्वाद भी चखा



बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने बुधवार को शाहगंज ब्लॉक के चार चिन्हित विद्यालयों में रेंडम चेकिंग की। कंपोजिट विद्यालय गोधना में बीएसए डॉ पटेल 11,30 बजे अचानक पहुंचे तो प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव, सहायक अध्यापक सुभाष चंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, डॉ चंद्रजीत मौर्य बच्चों को उनके क्लास में पठन-पाठन कर रहे थे। रसोईया मीनू के अनुसार तहरी और सोयाबीन युक्त सब्जी बना रही थी। महकमें के बड़े अफसर को देखते ही अचानक पूरे स्टाफ में हड़कंप मच गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कक्षा 7 की छात्रा आकांक्षा राजभर से गणित का सवाल हल करने को कहा। जिस पर छात्रा ने बड़े ही सलीके के साथ सवाल हल कर उसका जवाब दिया और सामान्य ज्ञान के बारे में पूछने पर उसे भी बताया। छात्रा आकांक्षा की इस प्रतिभा पर बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल प्रसन्न हुए उन्होंने छात्रा को पुरस्कृत करते हुए उसका हौसला बढ़ाया। विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापक उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 242 छात्रों के सापेक्ष 162 छात्र उपस्थित मिले। बीते शैक्षिक सत्र 2022-23 में प्राप्त कम्पोजिट धनराशि 50 हजार के सापेक्ष पी0पी0ए0 कुल धनराशि व्यय की गयी प्राप्त हुई। शिक्षकों द्वारा विज्ञान किट/गणित किट व खेलकूद की सामग्री विद्यालय में प्रयोग करते हुए मिली। कक्षा में अध्ययनरत छात्रों से एल0सी0एम0 से सम्बंधित प्रश्न किये जाने पर कक्षा में उपस्थित 14 छात्रों में सिर्फ दो छात्रों द्वारा ही प्रश्न का सही उत्तर देने पर और सुधार करने का शख्त निर्देश दिया। मिड डे मील की गुणवत्ता पर प्रधानाध्यापक और रसोईया को शाबाशी दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव को विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई व छात्र अधिगम मे वृद्धि कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये। इस मौके पर सुभाष चंद्र यादव, डॉ चंद्रजीत मौर्य, देवेंद्र सिंह, राजीव पाठक, विनोद यादव, अजय यादव, स्वतंत्र यादव ,सीमा यादव, शैल यादव , अरविंद कुमार , सफाई कर्मी रविंद्र कुमार मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय 73 वीं जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

- 12.82मीटर गोला फेंक कर आशुतोष दूबे ने हासिल किया प्रथम स्थान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



केराकत तहशील क्षेत्र के ग्राम सेनापुर में स्थित इण्टर कालेज के मैदान में बुद्धवार को पूर्वान्ह दस बजे 73वाँ जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला उपाध्यक्ष भाजपा ब्रिजेश सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में जनपद के 22 विद्यालयों के छात्र और छत्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 800मीटर दौड़ में सीनियर बालक वर्ग में रतनुपुर इण्टर कालेज के शिवकुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सीनियर बालिका वर्ग में 800मीटर की दौड़ खर्गसेनपुर इण्टर कालेज की प्रतिभागी संध्या यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में सीनियर बालिका वर्ग में पब्लिक इण्टर कालेज की प्रतिभागी नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही गोला फेंक प्रतियोगिता में बदलापुर के प्रतिभागी आशुतोष दूबे ने 12.82मीटर गोला फेंक कर प्रथम स्थान पर जगह बनायी। इस अवसर पर मेजर दिलीप सिंह, गप्पू कनौजिया, रामसिंह यादव, रामदत्त सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, सत्यप्रकाश सिंह समेत तमाम खेल शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक मनोज कुमार ने किया।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में अभियुक्त ढेमा ग्राम प्रधान व एक अन्य गिरफ्तार!

- छींनी गई लाइसेन्सी रिवाल्वर तथा 5 जिंदा कारतूस बरामद!

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिले के बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के ढेमा गांव में मंगलवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट व गोलीबारी की घटना में कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद तथ दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है !जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ढेमा गाँव निवासी एक पक्ष के जयनाथ यादव,लाल साहब यादव तो दूसरे पक्ष के अच्छेलाल यादव व श्रीकांत यादव के बीच काफी दिनों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है! मंगलवार की सुबह उक्त जमीन में निर्माण कार्य को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहा-सुनी के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार व गोलीबारी चलने लगी !विपक्षियों ने 48 वर्षीय लाल साहब यादव के पैर में तीन गोली तथा उनके परिवार के 18 वर्षीय हर्षित यादव के पैर में एक गोली मार दिए।इसके बाद 52 वर्षीय जयनाथ यादव, 60 वर्षीय रामचन्द्र यादव और 36 वर्षीय ब्रजेश यादव को लाठी डंडे व धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था !बदलापुर कोतवाली पुलिस द्वारा धारा-147, 148,323,506,307,395 के तहत मुकदमा दर्ज कर दो वाछिंत अभियुक्त रामराज यादव पुत्र स्वर्गीय नधई यादव और मृदुल यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी ढेमा को फत्तूपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्त मृदुल यादव की निशानदेही पर मजरूब लालसाहब यादव की लूटी गई लाईसेंसी रिवाल्वर तथा 5 जिन्दा कारतूस को रामराज यादव के निर्माणाधीन मकान के कमरे के टाड़ पर से बरामद करते हुए अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेज दिया है !वही गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली इन्चार्ज सन्तोष कुमार पाठक उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह,कास्टेबल अरविन्द प्रजापति,विजय यादव रहे !

# ग्रामीण पत्रकारों को मिले आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- जौनपुर प्रेस क्लब के बैनर तले संगठन की मछलीशहर इकाई ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



जौनपुर प्रेस क्लब के बैनर तले संगठन की मछलीशहर इकाई ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एस डी एम को सौंपा है।ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने की मांग की गई है। उक्त संगठन के तहसील अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ला के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मण्डल उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया से मिला।पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में शासन की योजना के बारे में जानकारी देते हैं और सुदूर गांव के अंतिम पायदान पर बैठे समाज के निचले तबके की समस्याओं को भी सामने लाने का काम करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं का समाचार छापने वाला पत्रकार जब स्वयं समाचार संकलन के लिए जाते हुए दुर्भाग्य वश दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है।ऐसे में आयुष्मान कार्ड से इलाज में मदद मिलेगी।अयोध्या की भाति जौनपुर में भी ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने की मांग की गई है।ज्ञापन सौंपते समय संगठन के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग सिन्हा,महामंत्री सत्यनारायण यादव,कोषाध्यक्ष विपिन कुमार मौर्य,अभिषेक सिंह, राकेश श्रीवास्तव,अनिल श्रीवास्तव ,राहुल गौतम,विवेक चौरसिया,सूर्य प्रकाश मौर्य,आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# या देवी सर्व भूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

* नवरात्रि आराधना के चौथे दिन मां कुष्मांडा की हुई आराधना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




देवी आराधना के पावन पर्व नवरात्रि के चौथे दिन भक्तों ने मां के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। घरों में तो देवी आराधना का क्रम चल ही रहा है इसके साथ ही मंदिरों में भी पूजा अर्चना के भक्तों की अपार भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि के पर्व पर माता रानी की महिमा का गुणगान के लिए, जागरण और भजन कीर्तन के साथ ही देवी स्वरूपा कन्याओं के पूजन का भी क्रम जारी है। बुधवार को शारदीय नवरात्रि का चौथा दिन माता जगत जननी के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना के नाम रहा। मंदिरों और घरों में दुर्गा सप्तशती के के पाठ के साथ देवी भक्त मां को प्रसन्न करने के लिए अपने अपने तरीके उपक्रम करने में जुटे हैं। कहीं कन्याओं को भोजन कराया जा रहा है तो कहीं भजन कीर्तन और जागरण के आयोजन कर मां आदि शक्ति की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। शहर के कल्याणी देवी, अन्नपूर्णा मंदिर, बड़े दुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिर समेत सभी छोटे बड़े मंदिरों में मां के दर्शन पूजन के लिए सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जिले के प्रमुख मंदिर नवाबगंज के दुर्गा मंदिर, कुशुम्भी स्थित कुशहरी माता मंदिर, पड़री के बिछिया ब्लाक के साखों देवी, जालिपा देवी, मां बालेश्वरी, बांगरमऊ के राज राजेश्वरी मंदिर, परियर स्थित जानकी कुंड, सफीपुर के संग्रही माता मंदिर, बक्सर स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिरों के पास तो मेले जैसे नजारे देखने को मिल रहे है। इन विख्यात देवी मंदिरों में जिले के कोने कोने से नहीं बल्कि गैर जनपदों में भी दर्शनार्थियों के आने का क्रम जारी है। सभी भक्त मां की विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्वयं व परिवार के साथ विश्व कल्याण की मंगलकामना माता रानी से कर रहे हैं।

# दूधिये को गोली मार कर उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* औरास थाना क्षेत्र के नरसा गांव में बीती देर रात हुई घटना
* जांच पड़ताल में जुटी पुलिस, बहन ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

औरास थाना क्षेत्र में बीती देर रात दूधिए को कार सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की बहन की तहरीर पर पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मृतक ने प्रेम विवाह किया था जिसके चलते उसकी पत्नी के परिजनों को शक की निगाह से देखा जा रहा है। औरास थाना क्षेत्र के नरमनी मजरा नरसा निवासी संतोष यादव 6 वर्षों से नरसा गांव में बने अपने मकान में रह कर दूध बेचने का कारोबार करता था। मंगलवार रात 9 बजे गांव के ही अपने साथी गुरु के बाइक पर बैठ कर पड़ोसी गांव शाहपुर तोंदा में दूध डेरी पर दूध देकर वापस घर आ रहा था। गांव से एक किलोमीटर पहले वहां घात लगाए बैठे कार सवार बदमाशों ने उसकी दाहिनी कांख में सटा कर गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। उसके साथ बैठे गुरु ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। साथी ने ही घटना की सूचना पीआरवी को दी। जिसके बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, सीओ बांगरमऊ विजय आनंद, एसओ औरास रेखा सिंह, एसओजी व फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस उसकी मृतक की पत्नी विदिशी व साथी गुरु से पूछताछ कर रही है। पत्नी ने प्रेम विवाह के कारण नाराज मायके वालों पर घटना कारित करने की आशंका जताई है। चर्चा रही कि कही इसकी जमीन को हड़पने के लिए हत्या तो नही की गई। बताया जाता है कि मृतक संतोष का एक 6 माह का बेटा भी है। पुलिस सभी एंगल से घटना की जांच कर रही है। औरास थाना क्षेत्र के ही सीमऊ निवासी मृतक की बहन गुड्डी यादव पत्नी सुरेश यादव ने तहरीर देकर अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि हत्या के गुनहगारों का पता लगाया जा रहा है जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वृद्ध ने फंदे से लटक कर दे दी जान

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह कमरे के अंदर पंखे के कुंडे से बंधे रस्सी के फंदे से वृद्ध का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुनऊखेड़ा निवासी धोबी (60) पुत्र स्व. बैजनाथ का बुधवार की सुबह कमरे के अंदर फांसी के फंदे से शव लटकता मिला। घटना के संबंध में मृतक के बेटे जीतू ने बताया कि कल शाम के समय भगवंत नगर बाजार से घर वापस आए थे। तभी मां कल्पना से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। मामला शांत हो जाने के बाद सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए सुबह कमरे के अंदर पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी पर शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### नशे और जुए के लती अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** थाना व कस्बा अचलगंज के धोबिन टोला केशवनगर निवासी अधेड़ ने बुधवार सुबह रायबरेली रेल रूट पर कानपुर से प्रयागराज जा रही ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचलगंज के धोबिन टोला केशव नगर मोहल्ला निवासी बहादुर (52) पुत्र स्व. कल्लू नशे का लती और जुएं का शौकीन था। जिसके चलते वह आर्थिक समस्या से जूझ रहा था। मुख्यमंत्री आवास योजना में चयनित होने पर उसने पहली किश्त से आधा अधूरा काम करा कर दूसरी किश्त भी जारी करा ली। लेकिन वह धनराशि उसने नशे और जुएं में उड़ा दी। इसी बात को लेकर रात में पत्नी और बच्चों से उसकी कहासुनी हुई। बुधवार सुबह शौच के बहाने घर से निकलने के बाद सौ मीटर दूर रेलवे लाइन किनारे पहुंचा। वहां से प्रयागराज जा रही ट्रेन के सामने कूदकर उसने अपनी जान दे दी। उधर से गुजरे स्थानीय लोगों ने उसका क्षत विक्षत शव रेलवे लाइन पर पड़ा देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मां कूष्मांडा स्वरूप के लिए दरबार को भव्य तरीके से सजाया

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** मां कूष्मांडा स्वरूप के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद भक्तों ने मां की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, कंचननगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी मंदिरों समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा पाठ किया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। जहां भक्तों ने माता को फूल, माला, मिठाई का भोग लगाया। सुबह शाम मंदिर में हुई महाआरती के दौरान भारी भीड़ रही। इसके अलावा अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

### प्रभु श्रीराम ने धनुष किया भंग, परशुराम से वाद संवाद

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** ऋषि आश्रम समिति की ओर से कराई जा रही रामलीला के दौरान बुधवार को धनुष भंग का आयोजन हुआ। जैसे ही धुनष भंग के दौरान जैसे ही शिवधनुष टूटने के साथ सीता स्वयंवर की खबर मिलने पर परशुराम जनकपुरी में स्वयंवर स्थान पर आ जाते है। हाथ में फरसा लिए क्रोधित हो धनुष तोड़ने वाले को सामने आने, सहस्त्रबाहु की तरह दडिंत होने और न आने पर वहाँ उपस्थित सभी राजाओं को मारे जाने की धमकी देते हैं। परशुराम जब अपनी ताकत से ध्रती को कई बार क्षत्रियों से हीन करके ब्राह्मणों को दान देने और गर्भस्थ शिशुओं तक के नाश करने की बात बताते हैं तो लक्ष्मण उन पर शूरवीरों से पाला न पड़े जाने का व्यंग्य करते हैं। परशुराम जब अपनी ताकत से ध्रती को कई बार क्षत्रियों से हीन करके ब्राह्मणों को दान देने और गर्भस्थ शिशुओं तक के नाश करने की बात बताते हैं तो लक्ष्मण उन पर शूरवीरों से पाला न पड़े जाने का व्यंग्य करते हैं। तब सारी सभा में हाहाकार मच जाता है आरै तब श्रीराम अपनी मधुर वाणी से परशुराम की क्रोध रूपी अग्नि को शांत करने का प्रयास करते हैं।

### बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर 30 पदक प्राप्त किये

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** श्री पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर कानपुर में दो दिवसीय ताइक्कांडों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चो ने बेहतर प्रदर्शन कर 30 पदक प्राप्त किये। बुधवार को स्कूल प्रांगण में पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 8 रजत और 12 कांस्य पदक प्राप्त किये। प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने बताया कि बच्चों की रूचि और प्रतियोगिताओं के प्रति उनके रूझान को देखते हुए विद्यालय में खेलों की अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की गयी थी, ताकि बच्चों को तैयारियों का बेहतर मौका मिल सके। विद्यालय के प्रबन्धक अजय त्रिवेदी ने बधाई देते हुए कहा कि शारीरिक विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है, खेल से बच्चों का सर्वागीण विकास होता है। इस प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए कोच दिव्यांशी साहू व आयूष निषाद मौजद रहे।

### चोर ताला तोड़ ले उड़े लाखों का माल

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गगनी खेड़ा स्थित कंपोजिट स्कूल में मंगलवार देर रात अज्ञात चोर घुस गये। जहां चोरों ने कक्ष के कमरे, किचन, स्टोर रूम का ताला तोड़ दिया। इतना ही नहीं कमरों के दरवाजे तक तोड़ दिये। चोरों ने किचन, स्टोर रूम की खिड़की तोड़कर चोरों ने बड़ी कढाई, दो भगोने, एक गैस सिलेंडर, चार अग्निशमन सिलेंडर, एक भट्ठी समेत हजारों का माल पार कर दिया। सुबह शिक्षिक प्रियंवदा द्विवेदी स्कूल पहुंची। जहां बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी है।

### फरार चल रहे दो वारंटियों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देवारा खुर्द निवासी मुन्ना पुत्र कल्लू, कन्हवापुर निवासी सीताराम पुत्र हरि प्रसाद को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि दोनों अलग-अलग मामले में वांछित चल रहे थे। कोर्ट से वारंट जारी होने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### यशोदा नगर के नाले में अजगर निकलने से क्षेत्र में हड़कंप



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत यशोदा नगर चौकी क्षेत्र में एक नाले से अजगर निकलने की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया, अजगर को देखने के लिए भारी भीड़ एकत्रित हो गई । आनंन फानन में क्षेत्रीय लोगों द्वारा पुलिस और वन विभाग को सूचना दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम और स्पॉन इंडिया संस्था के सदस्यों ने पुलिस की मदद से 12 फिट लंबे अजगर को सकुशल पकड़ा और वन विभाग की टीम ने अजगर को अपनी सुपुर्दगी कर लिया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक व स्कूटी में मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

* जागरण देखने जा रहे थे सभी युवक, परियर चौकी क्षेत्र में हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगलवार देर रात परियर मार्ग पर स्थित कोलवा गांव के पास लकड़ी लादकर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने जागरण देखने जा रहे बाइक व स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार जख्मी हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मक्कापुरवा निवासी मुकुल (19) पुत्र स्व. तुन्नर सविता अपने साथी हिमांशु (18) पुत्र राजकुमार व गोलू (22) पुत्र सोहनलाल और स्कूटी पर सवार धोबिनपुरवा गांव निवासी राम लखन (23) पुत्र नन्हके व सुरेश (26) पुत्र श्रीराम के साथ अपने गांव से परियर की ओर दुर्गा जागरण व झांकी देखने जा रहे थे। देर रात परियर चौकी अंतर्गत कोलवा गांव के पास पीछे से आ रहे लकड़ी लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक व स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुकुल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक मुकुल माता पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत पर मां मिथलेश व बहन आरती समेत परिजन रो रोकर बेहाल है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जबकि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

# दसवीं के छात्र से लगवाई ढाई सौ उठक बैठक, आंते फटी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* मां ने एसपी को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

सदर कोवताली क्षेत्र के एक निजी इंटर कालेज में हाईस्कूल के छात्र की मां ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र गणित के अध्यापक गंभीर आरोप लगाए है। उसका कहना है कि अध्यापक ने बेटे से ढाई सौ उठक बैठक लगवाई जिससे उसकी आंते फट गयी। कानपुर के एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। उसने एसपी से मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। शहर के आवास विकास कालोनी निवासी रश्मि दीक्षित पत्नी कुलदीप ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका 17 वर्षीय बेटा विकास शहर के एक इंटर कालेज में दसवी का छात्र है। बीती 20 सितंबर को गणित के अध्यापक अमन त्रिपाठी ने प्रोजेक्ट वर्क न पूरा होने पर बेटे से 250 उठक बैठक लगवाई जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। हलांकि होश में आने के बाद वह किसी तरह घर पहुंचा यह बात किसी को नहीं बताई। अर्ध वार्षिक परीक्षा में शामिल होने के बाद उसका स्वास्थ्य दिन ब दिन बिगड़ने लगा। एक दिन वह कालेज में अचानक फिर बेहोश हो गया। जिस पर प्रबंधन ने उसे घर भिजवा दिया। जिला अस्पताल में जांच कराने पर बेटे की आंते फटी होने की बात सामने आई तब उसने गणित अध्यापक द्वारा दी गयी सजा की बात बताई। रश्मि का कहना है कि बेटे का कानपुर के गैस्ट्रो लीवर संस्थान में उसकी आंतों का आपरेशन कराया गया है। जिसके इलाज में तीन लाख से अधिक रूपए खर्च हुए है। उसकी बेटी अनन्या और विकास का मौसेरा भाई कुनाल तिवारी भी उसी कालेज में पड़ते हैं। उसने आशंका जताई है कि उक्त शिक्षक उन बच्चों के साथ भी कोई अप्रिय घटना कारित कर सकता है। छात्र की मां ने एसपी ने मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।




# वोटर चेतना महा अभियान को लेकर बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिछिया ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में वोटर चेतना महा अभियान को लेकर बैठक आहूत की गई जिसमें भाजपा कार्यकर्ता और संगठन के लोग मौजूद रहे ! भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा ब्लॉक परिसर में वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान को लेकर वोटरों में जागरूकता बढाने मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने और छुटे हुए वोटरों को जोड़ने तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बैठक की गई ! बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता पुरवा विधायक अनिल सिंह के प्रतिनिधि मोहन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा मंडल अध्यक्ष बिछिया सर्वेश गुप्ता राकेश शुक्ला दिनेश चौरसिया मंडल महामंत्री बिछिया कमल शुक्ला मंडल उपाध्यक्ष बिछिया रविंद्र नाथ पांडे और महिला समूह की अध्यक्ष संध्या बाजपेई आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे !!

# इंजेक्शन लगवाने के बाद अधेड़ की बिगड़ी हालत, मौत

* बेटे ने पड़ोसी गांव के युवकों पर लगाया हत्या का आरोप
* बोला जमीनी विवाद में सांठगांठ कर लगवाया गलत इंजेक्शन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

फाइलेरिया से पीड़ित युवक की मंगलवार शाम इंजेक्शन लगाने के बाद हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लाए, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे ने पड़ोसी गांव निवासी युवकों पर जमीन के विवाद में मेडिकल स्टोर संचालक से मिलकर पिता की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवगांव निवासी कमल किशोर उर्फ गोकरन (55) खेती करता था। मंगलवार शाम वह काम से सफीपुर के लिए निकला था। रात करीब आठ बजे घर लौटते समय फाइलेरिया के चलते पैर में सूजन होने से उसने गांव से पहले पड़ने वाले एक मेडिकल स्टोर में इंजेक्शन लगवा लिया। जैसे ही वह घर पहुंचा कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। बेटा अनूप उसे लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे ने बताया कि पड़ोसी गांव निहालपुर निवासी कुछ लोगों से 16 बीघा जमीन को लेकर करीब 30 साल से विवाद चल रहा है। उन्हीं लोगों ने मेडिकल स्टोर संचालक के साथ मिलकर पिता को गलत इंजेक्शन लगवा दिया। जिससे उनकी मौत हो गयी। मृतक के तीन बच्चों में अनूप, अजय और सुनील है। पति की मौत से पत्नी उत्तरा देवी और अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि बेटे ने आरोप लगाया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों को बांटे टैबलेट



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

विकासखण्ड क्षेत्र में स्थित प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों को कार्य निस्तारण हेतु विभाग द्वारा टेबलेट उपलब्ध कराये गये। जिनको मुख्य अतिथि रवि प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों को न्याय पंचायत वार वितरित किया गया। कार्यक्रम में करीब सभी विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। नवाबगंज विकासखण्ड क्षेत्र स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी इंदिरा कुमारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के कम्पोजिट एवं प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट बांटे गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को न्याय पंचायत वार टैबलेट का वितरण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एआरपी आशुतोष सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान गजेंद्र सिंह एआरपी, बृजेश वर्मा एआरपी, शमीम खान, अरुण कुमार, प्रमोद कुमार हारुन, अरुण गोस्वामी, अमित शर्मा, संतोष मिश्रा, धीरेंद्र मिश्रा, रामेंद्र तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### श्रम विभाग में क्षेत्रीय कार्यालय के सोलह प्रधान सहायक बने अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** श्रम विभाग में क्षेत्रीय कार्यालय के सोलह प्रधान सहायको को प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है। जिसमे अलीगढ़, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, नोएडा, लखनऊ, सहारनपुर मंडल के कर्मचारी शामिल है। श्रम विभाग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि संघ द्वारा श्रमायुक्त यू.पी. से प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पदों पर पदोन्नति किए जाने की मांग को स्वीकार करते हुए तैनाती के आदेश जारी कर दिए गए हैं। संघ अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने श्रमायुक्त सहित सभी अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आयकर के बाद जीएसटी टीम की मयूर ग्रुप पर एक और बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




कानपुर में स्टेट जीएसटी विभाग के अफसरों ने मयूर समूह के ठिकानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई से उद्यमियों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को स्टेट जीएसटी विभाग के अफसरों ने छापा मारा है। छापा मारते ही समूह के सिविल लाइंस स्थित कार्यालय और घर के अंदर अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, कुछ दिनों पहले ही इस समूह के 30 से अधिक ठिकानों पर आयकर अफसरों ने छापेमारी की थी। कार्यालय पर जैसे ही जीएसटी अफसर पहुंचे वहां मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया। हालांकि साथ में पुलिस कर्मियों की फोर्स को देखकर कर्मचारी पीछे हट गए आयकर अफसर कार्यालय के अंदर पहुंचकर मिले दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया।मयूर ग्रुप पर इनकम टैक्स की रेड के 10 दिन बाद जीएसटी की टीम ने छापा मारा है।

# स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा जयनारायण विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे क्लब द्वारा विद्यालय को दो सैनिटरी पेड डिस्पोजल मशीन प्रदान की गई। कार्यक्रम का उदघाटन जयनारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.संतराम द्विवेदी, रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला,चार्टर सचिव एवं नि वर्तमान अध्यक्ष मयंक गहोई, अध्यक्ष राजीव कटियार, सचिव अमित खन्ना, कोषाध्यक्ष गोपाल शुक्ला,कार्यक्रम निदेशक डॉ.बी.यन.आचार्य, एवं मुख्य वक्ता अनुराधा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुराधा सिंह ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और खान पान संबंधित जानकारी देते हुए बच्चों को उनके पीरियड के दौरान होने वाले दर्द को कम करने के लिए किशमिश खाने की सलाह दी। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला, चार्टर सचिव मयंक गहोई, अध्यक्ष राजीव कटियार, सचिव अमित खन्ना आदि मौजूद रहे।

# शिवराजपुर महिला पुलिस ने मिशन शक्ति चौपाल का आयोजन किया

* मिशन शक्ति एवं नारी सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर




बिल्हौर तहसील के थाना शिवराजपुर महिला पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा व सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व अन्य आपातकालीन नंबरों के बारे में बताया गया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सविलियन विद्यालय शाहपुर माल्हा व पंचायत सचिवालय मानपुर में लगी चौपाल में एसआई हरेंद्र यादव ने महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन की सीख दी। कय्यूम जरवानी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य आरक्षी अरुणा यादव ने महिलाओं को सुरक्षा के बारे में बताया। मिशन शक्ति के तहत क्षेत्र के कई गांवों में चौपाल लगाई गई। जिसमें महिलाओं से छेड़छाड़ एवं छात्राओं से छेड़छाड़ के रोकथाम के लिए टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर अपनी समस्या बता सकती हैं एवं समस्या से मनचले लड़कों एवं शराबियों को कड़ी से कड़ी सजा दिला सकती हैं ग्राम प्रधान सर्वेश वर्मा व प्रधानाध्यापिका किरण द्विवेदी एवं सिपाही पंकज सिंह के साथ अन्य पुलिस कर्मी तैनात रहे। एसीपी आईपी सिंह ने बताया सभी थानों की महिला और पुरुष सिपाही गांव गांव में जाकर स्कूलों व न्याय पंचायतो में गांव की महिलाओं और छात्राओं को इकट्ठा कर जागरूक किया जा रहा है और संबंधित पंपलेट आदि दिए जा रहे हैं जिससे अपराधों में रोक लग सके।



### महिलाओं को कानपुर पुलिस ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति पर काम करने के आदेश पर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस इन दिनों बहुत तेज़ी से काम करते दिख रही है। पुलिस स्कूलों,कॉलेजों, दफ्तरों पर महिलाओं को जागरूक करने में लगी हुई हैं। जिसको लेकर जनपद के आलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी सड़क पर देखे जा रहे हैं। इसी आभियान को महिलाओ और युवतियों तक पहुंचाने के लिए बुधवार को एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा ने थाना घाटमपुर क्षेत्र स्थित कुष्माण्डा देवी मन्दिर में महिलाओं को अभियान के बारे में बताते हुए सरकार द्वारा चलाई गयी कल्याणकारी योजनाओं, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरुक किया एवं पैम्पलेट वितरित किये। इस बीच महिलाएं भी पुलिस को अपने पास देख फ़ोटो खिचवाने में लगी रहीं।

# एकमे इंफ्रा वेंचर्स इंडिया लिमिटेड का एक और कारनामा

# विवादित जमीन पर बना दिया मेन गेट

**एकमे ग्रुप के दो डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव और बाबूलाल द्वारा ग्राहकों से किया गया 'धोखा'**

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय



*यदि कोई भी व्यक्ति रियल एस्टेट कंपनीयों द्वारा ठगी का शिकार बनाया गया है और वह जन एक्सप्रेस से कोई भी जानकारी साझा करना चाहते हैं तो कृपया मो. नं. 89338 05555 पर संपर्क कर जानकारी साझा कर सकते हैं, जानकारी साझा करने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।*

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में प्रापर्टी खरीदने व बेचने के नाम पर ग्राहकों से ठगी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। अपने जीवन भर की कमाई इंसान एक आशियाना बनाने में दगा देता है लेकिन जब प्रॉपर्टी डीलर द्वारा लगा जाता है तो उसके पैरों तले से जमीन ही नहीं खिसकती बल्कि, उसके जीवन भर की जमा पूंजी से अपने सपनो का आशियाना बनाने का सपना भी चूर चूर हो जाता है। लखनऊ रायबरेली रोड पर टिकरा ग्राम पंचायत व सिर्स में एकमे इंफ्रा वेंचर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा एकमे रेजीडेंसी के नाम से डेवलप की जा रही प्लाटिंग पर जिला पंचायत द्वारा सील कर अल्प विराम लगाया जा चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तहसील प्रशासन को इस बात की शायद ही भनक हो कि एकमे रेजीडेंसी द्वारा टिकरा ग्राम पंचायत की भूमि के कुछ हिस्सों पर भी कब्जा किया जा चुका है।

### बड़ा सवाल!

एकमे द्वारा की गई धोखाधड़ी मामले में कब होगी वैधानिक कार्यवाही?

एकमे द्वारा की गई राजस्व चोरी का संबंधित अधिकारी कब लेंगे स्वतः संज्ञान?

एकमे इंफ्रा के डेवलपिंग एरिया में कौन जुटाएगा सरकारी जमीन का आंकड़ा?



### एकमे इंफ्रा वेंचर्स के डायरेक्टर द्वारा सरकार से करोड़ों के राजस्व की चोरी के आरोप!

निवेशकों और ग्राहकों द्वारा इस बात की पुष्टि की जा रही है कि एकमे इंफ्रा वेंचर्स इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव और बाबूलाल द्वारा राज्य सरकार से हजारों –लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की राजस्व चोरी की गई है। औने पौने दाम पर खरीदी जमीन का सौदा तो करोड़ों में हुआ लेकिन स्टांप शुल्क बचाने के चक्कर में कंपनी के डायरेक्टरों द्वारा सौदे की वास्तविक धनराशि को सरकार से छिपाया गया।

### विवादित जमीन पर बना दिया प्लाटिंग का मुख्य द्वार

एकमे इंफ्रा द्वारा की जा रही लखनऊ – रायबरेली स्थित टिकरा ग्राम पंचायत में हाईवे से लगी हुई प्लाटिंग का मुख्य गेट भी विवादित भूमि पर बना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसी अन्य की संपत्ति पर समझौते के तौर पर गेट का निर्माण किया गया था लेकिन वर्तमान स्थिति में गेट से अंदर जाने के रास्ते को बंद किया जा रहा है।

### सिंचाई विभाग की परमिशन के बिना पुल निर्माण की तैयारी

अवैध प्लाटिंग की खूबसूरती बढ़ने के लिए एकमे कंपनी के डायरेक्टर द्वारा सिंचाई विभाग की अनुमति के बिना ही नहर पर पुल निर्माण की तैयारी की जा रही है, जबकि बिना सिंचाई विभाग की अनुमति के नहरों पर किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध माना जाता है। फिलहाल इस बारे में सिंचाई विभाग द्वारा रोक लगाई जा चुकी है।

### स्थानीय जन प्रतिनिधियों की दया दृष्टि में बढ़ता रहा एकमे का अवैध कारोबार

सूत्रों की माने तो एकमे इंफ्रा वेंचर्स इंडिया लिमिटेड का अवैध कारोबार लगातार स्थानीय जन प्रतिनिधियों की छत्रछाया में बढ़ता रहा है। सूत्रों का मानना है कि यदि एकमे इंफ्रा वेंचर्स की बारीकी से जांच की गई तो कई बड़े राज से पर्दा उठ सकता है

# अस्पताल में विस्फोट इजराइल ने नहीं, किसी और ने किया: बाइडेन

## इस्राइल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन, नेतन्याहू को गले लगाकर दी सांत्वना

## गाजा के अस्पताल में हमला, सैकड़ों लोगों की मौत, मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव

इजराइल–हमास जंग के 12वें दिन अमेरिका के राष्ट्रपति इजराइल पहुंचे हैं। उन्होंने जंग के मुद्दे पर नेतन्याहू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा– मैं खुद यहां आकर ये दिखाना चाहता था कि हम इजराइल के साथ हैं। हमास ने बेरहमी से इजराइल के लोगों का कत्ल किया है। वो आईएसआईएस से भी बदतर हैं। इजराइल को अपनी रक्षा करने का पूरा हक है। इसमें अमेरिका हर तरह से उनका साथ देगा। हम अपना वादा निभा रहे हैं। वहीं, नेतन्याहू ने इजराइल पहुंचने के लिए बाइडेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा– हमास ने एक दिन में 1400 से ज्यादा इजराइलियों की हत्या की। अभी इजराइल के लिए यही अच्छी बात है कि उनका सबसे सच्चा दोस्त अमेरिका उनके साथ खड़ा है। इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव के बेनगुरिअन एयरपोर्ट पर बाइडेन को रिसीव किया। बाइडेन ने नेतन्याहू को देखते ही गले लगाया। इस दौरान इजराइल के राष्ट्रपति इससाक हर्जोग भी वहां मौजूद रहे।

### अस्पताल पर कब्रस्तान से दागा गया था रॉकेट

इजराइल और हमास जंग में मंगलवार देर रात सबसे बड़े हमले की खबर आई। गाजा सिटी के अहली अरब सिटी हॉस्पिटल पर रॉकेट हमले में 500 लोगों के मारे जाने की बात कही गई है। हमास ने दावा किया कि हमला इजराइल ने किया। वहीं, इजराइल ने कहा है कि हॉस्पिटल पर हुए हमले में उसका हाथ नहीं है। इस बीच इजराइली सेना ने एक फोन कॉल रिकॉर्डिंग रिलीज की है। इसमें दो हमास ऑपरेटिव अस्पताल पर हुए हमले को लेकर बात कर रहे हैं। इसमें वो कह रहे हैं कि इस्लामिक जिहाद ने करीब 10 रॉकेट अस्पताल के पास बने कब्रिस्तान से दागे। इनमें से एक मिसफायर हो गया। ऑडियो क्लिप में एक हमास ऑपरेटिव दूसरे से कहता है– ये हमारी तरफ से दागे गए रॉकेट से हुआ है? जवाब में दूसरा ऑपरेटिव कहता है– लगता तो ऐसा ही है, क्योंकि रॉकेट के जो टुकड़े मिले हैं वो इजराइली मिलिट्री के नहीं है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले को लेकर दुख जताया है।

### अस्पताल पर अटैक किसी और का काम



बाइडेन ने इजराइल के साथ एकजुटता मैसेज उस वक्त दिया है, जब इजराइल पर एक अस्पताल पर हमले करने का आरोप लगा है। इसमें 500 लोगों की मौत हो गई। प्रेस ने बाइडेन से गाजा सिटी में अस्पताल पर हमले के बारे में भी सवाल किए। इसके जवाब में उन्होंने कहा– जितनी मुझे जानकारी है, ये काम इजराइल नहीं किसी और का है। हालांकि, कई लोग हैं जो इसे लेकर कंफर्म नहीं हैं। वहीं, बाइडेन का एयरफोर्स वन विमान जैसे ही एयरपोर्ट पर उतरा तभी इजराइल बॉर्डर के किसुफिम इलाके में अटैक के सायरन बजे। हालांकि, ये इलाका तेल अवीव से काफी दूर है। बाइडेन का इजराइल दौरा उस दिन हो रहा है, जब जंग के बीच गाजा में एक अस्पताल पर हुए हमले में 500 लोगों की मौत हो गई।

### हमले के लिए हमास जिम्मेदार: इजरायली सेना

इजरायली डिफेंस फोर्स ने गाजा अस्पताल पर हुए हमले को लेकर तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कहा कि अल अहली अस्पताल में हमले के लिए हमास जिम्मेदार है। आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि अस्पताल में विस्फोट से पहले मंगलवार को हमास की ओर से शाम 6.15 बजे रॉकेट दागे गए थे। इसके बाद पास के कब्रिस्तान से लगभग 10 रॉकेट दागे गए। उनका कहना है कि उसी समय गाजा सिटी के अस्पताल पर विस्फोट की खबर आई।

### इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए



पीएम मोदी ने लिखा, गाजा के अल-अहली अस्पताल में मौतों से गहरा दुख पहुंचा है। पीड़ितों के परिवारों के साथ मेरी हार्दिक संवेदनाएं और घायलों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थनाएं। पीएम ने इसी ट्वीट में कहा, ताजा संघर्ष में नागरिकों की मौत की घटना एक गंभीर और चिंता की बात है। इसके लिए जिम्मेदारी तय होना जरूरी है।

### गाजा में लीव जोन घोषित

इजराइल ने बाइडेन की विजिट से पहले गाजा में लीव जोन (मानवीय क्षेत्र) की घोषणा की है। इजराइली सेना ने अल-मवासी को रिलीफ एरिया घोषित किया है। यहां लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने के लिए मदद दी जाएगी। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, मिस्र, अमेरिका ने इजराइल सेना से गाजा के लोगों को इवैक्यूएट करने के लिए सुरक्षित जगह और रास्ता बनाने की बात कही थी, जिसके बाद मानवीय क्षेत्र (रिलीफ एरिया) बनाया गया। सेना ने कहा– फिलिस्तीनी मदद के लिए खान युनिस के पास अल-मवासी जाएं।

# अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया: राहुल गांधी

**विदेश से खरीदा कोयला भारत आकर महंगा हो गया, इसमें पीएम की सहमति: राहुल गांधी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से बिजनेसमैन गौतम अडाणी पर निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली में 14 मिनट की एक प्रेस कांफ्रेंस की। जिसमें कहा- अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया है। आज महंगी बिजली के पीछे अडाणी हैं। उन्होंने जनता की जेब से पैसे लूटे हैं। इन आरोपों में बीजेपी सरकार को घेरते हुए राहुल बोले- अडाणी में ऐसा क्या है जो सरकार उनकी जांच नहीं कराती है। उन्हें जो चाहिए होता है, वो मिल जाता है। उनके पीछे किसकी शक्ति है।

### इंडोनेशिया से कोयला भारत आते दोगुना महंगा हो जाता है

राहुल ने अडाणी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- अडाणी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है।

### बिजली के दाम बढ़ाए गए

कोयले के दाम को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। जिसके चलते भारत में बिजली महंगी हो गई। कर्नाटक में कांग्रेस ने बिजली सब्सिडी दी है। मध्यप्रदेश में देने जा रहे हैं। आपका बिजली का बिल जो बढ़ रहा है उसका पैसा सीधे आपकी जेब से अडाणी की जेब में जा रहा है। इस तरह से अडाणी जी ने करीब 12 हजार करोड़ रुपए सीधे हिंदुस्तान के नागरिकों की जेब से निकाला है। राहुल गांधी ने भारतीय मीडिया से भी सवाल पूछते हुए कहा- रोचक बात है कि यह स्टोरी आती है, लेकिन हिंदुस्तान की मीडिया एक सवाल नहीं पूछती। बिजली का मामला है, गरीब का मामला है, चोरी का मामला है लेकिन इंडियन मीडिया को इसमें इंट्रेस्ट नहीं।

### अडाणी–पवार मुलाकात पर राहुल बोले, वो पीएम नहीं

इंडिया गठबंधन में शामिल शरद पवार ने 23 सितंबर को गौतम अडाणी से मुलाकात की थी। इसको लेकर राहुल से जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा– नहीं, मैं शरद पवार से सवाल नहीं कर सकता। वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं हैं। अडाणी को नरेंद्र मोदी बचा रहे हैं इसीलिएसवाल भी मोदी से पूछ रहा हूं। जून में अडाणी पवार के घर गए थे। पवार और अडाणी के बीच रिश्ता करीब दो दशक पुराना है। 2015 में प्रकाशित अपनी मराठी आत्मकथा लोक भूलभुलैया संगति में पवार ने अडाणी की प्रशंसा की थी जो उस समय कोल बिजनेस में कदम रख रहे थे।

### विदेशी अखबार के पास डॉक्यूमेंट्स, सेबी को मिल नहीं रहे

राहुल ने जांच एजेंसी सेबी पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि सेबी ने सरकार को कहा, हमें डॉक्यूमेंट्स नहीं मिल रहे हैं। अजीब बात है फाइनेंशियल टाइम्स के पास प्रूफ है। जांच एजेंसी के पास नहीं। साफ पता चलता है बड़े पद पर बैठे लोगों से कहीं न कहीं संरक्षण मिला है।

### अडाणी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई, पीएम चुप क्यों

राहुल ने आगे कहा, भारत के प्रधानमंत्री की सहमति के बिना ऐसा नहीं हो सकता। इन सज्जन (अडाणी) के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? प्रधानमंत्री इस पर टिप्पणी क्यों नहीं करते?



# बिहार में चौथे कृषि रोड मैप का राष्ट्रपति मुर्मू ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बुधवार को पटना के बापू सभागार मे चौथे कृषि रोड मैप 2023 की दीप प्रज्जवलित कर इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावे,कृषि,सहकारिता, उद्योग, वन एवं पर्यावरण समेत इससे जुड़े 12 विभागों के मंत्री,अफसर मौजूद रहें। इसके अलावे बड़ी संख्या में किसान,कृषि वैज्ञानिक भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। बिहार के लगभग 93.60 लाख हेक्टेयर भूमि में 79.46 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य है। राज्य में आज भी 74 प्रतिशत लोग आजीविका के लिए कृषि पर ही निर्भर है। राज्य के जीडीपी में कृषि का करीब 20 प्रतिशत योगदान। पशुधन का करीब 6 प्रतिशत योगदान है। सबको देखते हुए नीतीश ने कृषि रोड मैप लाने का फैसला लिया। नीतीश सरकार ने पहले कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन के साथ किसानों की उत्पादकता बढ़ाने की कोशिश की उसके बाद चावल के उत्पादन में बिहार को काफी सफलता मिली। पहले कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन के साथ किसानों की उत्पादकता बढ़ाने की कोशिश हुई थी। चावल के उत्पादन में बिहार को काफी सफलता मिली। पहला कृषि रोडमैप का बजट आकार बेहद छोटा था।दूसरा कृषि रोड मैप 2012 में लागू किया गया। उसके लिए 2011 में नीतीश सरकार ने 18 विभागों को शामिल कर कृषि कैबिनेट का गठन किया था। बिहार को दूसरे किसी रोड मैप में कई पुरस्कार भी मिले। 2012 में चावल उत्पादन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार मिला। 2013 में गेहूं उत्पादन के क्षेत्र में कृषि कर्मण पुरस्कार मिला। 2016 में मक्का के उत्पादन के क्षेत्र में कृषि कर्मण पुरस्कार। तीसरा कृषि रोडमैप 2017 में लागू किया गया। कोरोना काल के कारण रोडमैप को एक साल बढ़ाया गया। तीसरे कृषि रोड मैप में ऑर्गेनिक खाद पर जोर दिया गया। किसानों को खेतों तक बिजली पहुंचाने में सरकार सफल रही। इसमें बिहार में हरित पट्टी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## माता स्कंदमाता

**!! ध्यान !!**

वन्दे वाञ्छित कामार्थे
चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
सिंहरूढ़ा चतुर्भुजा स्कन्दमाता
यशस्विनीम्॥
धवलवर्णा विशुद्ध
चक्रस्थितांपञ्चम दुर्गा त्रिनेत्राम्।
अभय पद्म युग्म करां दक्षिण
उरू पुत्रधराम् भजेम्॥
पटाम्बर परिधानां मृदुहास्या
नानांलकार भूषिताम्।
मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्किणि,
रत्नकुण्डल धारिणीम्॥
प्रफुल्ल वन्दना
पल्लवाधरां
कान्त
कपोलाम्
पीन
पयोधराम्।
कमनीयां
लावण्यां
चारू त्रिवली
नितम्बनीम्॥



राजीव नन्दन मिश्र
सरना, भोजपुर (बिहार)



*देवी का पञ्चम स्वरूप स्कन्दमाता है। देवी की चार भुजाएँ है। इनके हस्त में कमल पुष्प है तथा वरमुद्रा से सुशोभित हो रही हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। देवी का वाहन सिंह अर्थात शेर है।*

**देवी का कवच**

ऐं बीजालिंका देवी
पदयुग्मधरापरा।
हृदयम् पातु सा देवी
कार्तिकेययुता॥
श्री ह्रीं हुं ऐं देवी पर्वस्या पातु
सर्वदा।
सर्वाङ्ग में सदा पातु स्कन्दमाता
पुत्रप्रदा॥
वाणवाणामृते हुं फट् बीज
समन्विता।
उत्तरस्या तथाग्ने च वारुणे
नैॠतेअवतु॥
इन्द्राणी भैरवी चैवासिताङ्गी च
संहारिणी।
सर्वदा पातु मां देवी चान्यान्यासु
हि दिक्षु वै॥

# देवी का पञ्चम स्वरूप स्कन्दमाता

नवरात्रि का आज पञ्चम दिवस है। यह दिवस देवी स्कन्दमाता को समर्पित है। पूरे देश में नवरात्रि को लेकर अद्भुत माहौल ही। कुछ लोग अपने कार्यक्षेत्र से घर लौटकर व्रत-पूजन कर रहे है तो वही कुछ लोग यथास्थान माँ का पूजन-अर्चन कर रहें है। प्रशासन द्वारा यातायात के पुख्ता इन्तजाम कर लिए गये हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि जगह नवरात्रि के कारण सामान्य की जगह अधिक भीड़ हो रहा है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी नवरात्रि की धूम है। जन एक्सप्रेस प्रथम दिवस से ही क्रमानुसार अपने सुधी पाठकों के लिए स्वरूपादि के बारे में प्रकाशित कर रहा हैं। हर्ष का विषय यह है की पाठक इससे लाभान्वित हो रहे है। इसी क्रम में पढ़िये आज देवी स्कन्दमाता के बारे में।

*भक्त जो ध्याये पञ्चम दिवस*
*स्कन्दमाता का रूप।*
*शीघ्र मोक्ष द्वार खोले मइयाजी*
*सुमनोरथ हो अनुरूप।।*

**ध्यान मन्त्र**

*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता*
*यशस्विनी।।*

**कथा:** पौराणिक कथाओं के अनुसार तारकासुर नाम का एक दैत्य हुआ। उसने अपने कठोर तपस्या करके ब्रह्माजी को प्रसन्न किया। ब्रह्माजी उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर उसे दर्शन दिए और वर मांगने को कहा। वरदान में तारकासुर ने कहा कि- प्रभु! हमें कोई नहीं मार सके इसलिए आप हमें अमरता प्रदान करें। ब्रह्माजी ने उसे बहुत समझाया कि इस धरती पर जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। उन्होंने तारकासुर से कुछ और वरदान माँगने को कहा। परन्तु वह असुर नहीं माना उसने अपनी चतुरता दिखायी और ऐसा वर सोचा जिससे वो अमर रहे। माता सती के देहत्याग देने के बाद भगवान शिव में वैराग्य उत्पन्न हो गया था और वो ध्यान में चले गये थे। इसलिये तारकासुर ने सोचा कि भगवान शिव तो अब कभी विवाह करेंगे नहीं। जब विवाह नहीं होगा तो उन्हें संतान नहीं होगा। संतान न होने पर उसे कोइ मार नहीं पायेगा। यही सोच उसने ब्रह्माजी से वरदान मांगा कि भगवान शिव के पुत्र के हाथों ही मेरा वध हो सके। ब्रह्माजी उसकी चतुरता समझ गये परन्तु बार-बार समझाने से नहीं मानने पर पर उन्होंने तारकासुर को यह वरदान दे दिया। तारकासुर ने सोचा की अब हम अमर हैं। ब्रह्माजी से वरदान पाने के बाद से ही उसने लोगों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। हो रहे यज्ञ में व्यवधान डालने लगा। धर्म को मिटाने का पूरा प्रयास करने लगा। सभी देवता बहुत परेशान हो गये। देवों ने अपनी रक्षा हेतु भगवान शिव को याद किया और भगवान शिव से मदद मांगने कैलाश पहुँचे। देवताओं ने अपनी व्यथा सुनायीं। शिवजी ने देवों से उनके समस्या के शीघ्र अन्त करने का आश्वासन दिया। भगवान शिव ने माता पार्वती से विवाह किया। विवाह करने के बाद शिव-पार्वती को पुत्र हुए। जिनका नाम कार्तिकेय हुआ। तारकासुर का वध हो सके इसके लिए माता पार्वती ने कार्तिकेय को प्रशिक्षित करने हेतु स्कन्दमाता का रूप लिया। जब कार्तिकेय बड़े हुए तब उन्होंने तारकासुर का वध किया। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्तिधर कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है।

**देवी को प्रिय:** स्कंदमाता को लाल रंग वाले फूल प्रिय हैं। माँ को गुड़हल या लाल गुलाब का फूल अर्पित करना चाहिए। इन्हें फल में केला प्रिय है, इसलिए पूजा के समय माँ स्कन्दमाता को केले का भोग लगाना चाहिए। केला के अलावा देवी को बताशे का नैवेद्य भी अर्पित किया जा सकता है।

### देवी की शक्ति

इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। भगवान स्कन्द कुमार अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण देवी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता नाम से जाना जाता हैं। भगवान स्कन्द जी बालरूप में माता की गोद में बैठे हुए हैं। देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कन्द को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकड़ा हुआ है। यह सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी है। इनका वाहन सिंह है। स्कन्दमाता की कृपा से संतान के इच्छुक दंपत्ति को संतान सुख प्राप्त होती है।इनकी उपासना से साधक कांतिमय होकर तेज को प्राप्त करता है। देवी के पूजन से समस्त कलह,क्लेश दुर हो जाते है। इन्हें प्रसन्न कर भक्त समस्त कामनाओं को पूरित होने का वरदान प्राप्त करते है।उपासक के जीवन में सफलता के सारे मार्ग प्रशस्त हो जाते है।

**!! स्तोत्र !!**

नमामि स्कन्दमाता स्कन्दधारिणीम्।
समग्रतत्वसागरम् पारपारगहराम्॥
शिवाप्रभा समुज्वलां स्फुच्छशागशेखराम्।
ललाटरत्नभास्करां जगत्प्रदीप्ति भास्कराम्॥
महेन्द्रकश्यपार्चितां सनत्कुमार संस्तुताम्।
सुरासुरेन्द्रवन्दिता यथार्थनिर्मलाद्भुताम्॥
अतर्क्यरोचिरूविजां विकार दोषवर्जिताम्।
मुमुक्षुभिर्विचिन्तितां विशेषतत्वमुचिताम्॥
नानालङ्कार भूषिताम् मृगेन्द्रवाहनाग्रजाम्।
सुशुध्दतत्वतोषणां त्रिवेदमार भूषणाम्॥
सुधार्मिकौपकारिणी सुरेन्द्र वैरिघातिनीम्।
शुभां पुष्पमालिनीं सुवर्णकल्पशाखिनीम्
तमोऽन्धकारयामिनीं शिवस्वभावकामिनीम्।
सहस्रसूर्यराजिकां धनज्जयोग्रकारिकाम्॥
सुशुध्द काल कन्दला सुभृडवृन्दमज्जुलाम्।
प्रजायिनी प्रजावति नमामि मातरम् सतीम्॥
स्वकर्मकारणे गतिं हरिप्रयाच पार्वतीम्।
अनन्तशक्ति कान्तिदां यशोअर्थभुक्तिमुक्तिदाम्॥
पुनः पुनर्जगद्धितां नमाम्यहम् सुरार्चिताम्।
जयेश्वरि त्रिलोचने प्रसीद देवी पाहिमाम्॥

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)